# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 25 सितंबर 2026



# भारत की दहाड़...
# आत्मनिर्भरता की मिसाल

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



## PLI योजनाओं से बदले हालात

- ₹23.8 लाख करोड़ का उत्पादन/बिक्री
- ₹15.5+ लाख करोड़ का निर्यात
- 14.6 लाख लोगों को मिला रोजगार

## मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत की बड़ी छलांग

- देश में इस्तेमाल होने वाले 99.2% मोबाइल फोन अब भारत में बनते हैं
- इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 2014 के ₹1.90 लाख करोड़ से लगभग 6 गुना बढ़कर ₹13.11 लाख करोड़ हुई, जिससे 25+ लाख रोजगारों का सृजन हुआ
- डिफेंस प्रोडक्शन 2014 के ₹46,400 करोड़ से 280% से अधिक बढ़कर ₹1.78 लाख करोड़ हुआ

## देश की पहचान से जुड़ा स्टार्टअप शब्द

- 2.5 लाख से अधिक स्टार्टअप्स
- इनमें से लगभग 50% टियर-2 और टियर-3 शहरों से
- स्टार्टअप्स से 25 लाख से ज्यादा रोजगार सृजित

## बड़ी सोच, ऊंची उड़ान

- 2014 के $468 बिलियन के मुकाबले निर्यात 84% बढ़कर $863 बिलियन हुआ
- ₹43 लाख करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के कारण हो रहे नए निवेश आकर्षित
- भारत सरकार द्वारा 20 इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटीज़ को मंजूरी
- 2025-26 में 1.40+ लाख पेटेंट फाइल किए गए, जो दो दशकों में सर्वाधिक है

## हर उत्पाद के लिए बाज़ार

- वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) के तहत 773 जिलों के 1,244 ख़ास उत्पादों का चयन और कारीगरों को मदद
- ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) के जरिये 470+ करोड़ आर्डर हुए, छोटे उद्यमों को मिला बढ़ावा

12 साल
मेक इन इंडिया
के
सेल्फ-रिलायंट. स्किल्ड. फ्यूचर-रेडी.

“अब भारत चिप से लेकर शिप तक,
निर्माण की एक नई गाथा लिख रहा है।”
- नरेन्द्र मोदी



CBC 07101/13/0042/2627

### चुनाव आयोग से कहा- हमने शिवसेना मामले में देरी का नतीजा देखा

# सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती, टीएमसी पर फैसला कब, टाइमलाइन बताइए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग (ईसी) से पूछा कि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर चल रहा फैसला कब तक लेंगे। कोर्ट ने आयोग से कहा कि वह फैसले की टाइमलाइन बताए। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें आयोग ने टीएमसी के नाम और चुनाव चिह्न को फ्रीज कर दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 सितंबर को होगी। दरअसल, ममता बनर्जी की चुनाव आयोग के खिलाफ दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर हाल ही में हुए विवाद के बाद ममता ने याचिका दायर की थी। मालूम हो, चुनाव आयोग ने हाल ही में टीएमसी पार्टी के नाम 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और उसके पुराने 'घास-फूल' चुनाव चिन्ह को फिलहाल फ्रीज कर दिया है। आयोग ने दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिन्ह भी दिए हैं।



**चुनाव कार्यक्रम के बीच क्यों लिया फैसला?**

ममता बनर्जी की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद आयोग ने यह आदेश क्यों दिया। आयोग के पास यह आदेश जुलाई में भी जारी करने का विकल्प था। सिब्बल ने कहा कि उनकी ओर से कई बार आयोग के सामने अपनी बात रखी गई थी। इसके बावजूद ईसी ने उस समय फैसला नहीं लिया।

## चुनाव आयोग ने समयसीमा पर जताई आपत्ति

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग और क्या कर सकता था। चुनाव आयोग को दोनों पक्षों के दावों और दस्तावेजों पर विचार करना है। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की तरफ से पेश वकीलों ने जल्दबाजी में कोई समयसीमा तय करने पर आपत्ति जताई। एनके कौल ने कहा कि आयोग को दस्तावेज और सबूत देखने होते हैं। ऐसे में एक महीने के अंदर फैसला करने की समयसीमा तय करना सही नहीं होगा। सुनवाई के दौरान शिवसेना मामले का भी जिक्र हुआ. जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि शिवसेना विवाद में देरी का असर देखा गया था। एनके कौल ने कहा कि उस मामले में अलग परिस्थितियां थीं। वहां दो अलग-अलग नामांकन पत्रों से जुड़े दावे थे और आयोग को उपलब्ध सबूतों के आधार पर फैसला करना था।




*कांग्रेस उम्मीदवार को कोर्ट ने दी जमानत*

## नंदीग्राम, 19 साल पुराने मामले में कार्रवाई क्यों?

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में होने वाले उपचुनाव से पहले नंदीग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को जमानत दे दी। गुरुवार को अदालत ने फैसले में कहा कि पुलिस इस मामले में उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकती। कोर्ट ने मिलन प्रधान को चुनाव लड़ने की भी इजाजत दे दी है। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने मिलन को जमानत देते हुए टिप्पणी की- यह आश्चर्यजनक है कि शिकायत 2007 में दर्ज की गई थी और जांच अधिकारी ने 19 साल बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की है।



**अब चुनाव प्रचार भी कर सकेंगे**

हल्दिया सब-डिविजनल कोर्ट ने उन्हें 19 सितंबर को 4 मामलों में 3 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा था। ये मामले 2007 के नंदीग्राम से जुड़े हैं। इसके बाद 21 सितंबर को कांथी कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के करीब दो दशक पुराने मामले में उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

*युवकों ने नाबालिग को घसीटा, इधर मंत्री बोले- इन घटनाओं का वीडियो बनाना साजिश*

# अब समस्तीपुर में हुआ 'जमुई कांड', फिर शर्मसार बिहार!

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के समस्तीपुर जिले से एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसमें एक नाबालिग लड़की के साथ बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। यह घटना करीब एक हफ्ते पहले की बताई जा रही है, जो कर्पूरीग्राम थाना क्षेत्र के जगतसिंहपुर गांव स्थित एक बांध के पास हुई थी। वीडियो वायरल होते ही समस्तीपुर पुलिस हरकत में आ गई। सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, एक नाबालिग लड़का और लड़की बाइक से बांध पर पहुंचे थे और वहां आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान कुछ स्थानीय युवकों ने उन्हें घेर लिया। लड़के के साथ मारपीट की गई, जिसके बाद वह मौके से भाग निकला। लड़के के जाने के बाद आरोपियों ने नाबालिग लड़की के साथ दुर्व्यवहार शुरू कर दिया।



**ऐसा है वायरल वीडियो**

वायरल वीडियो में लड़की लगातार इसका विरोध करती दिख रही है, लेकिन आरोपी नहीं माने। आरोप है कि युवकों ने लड़की से बार-बार उसका पता पूछा और जब उसने अपने साथ आए युवक को भाई बताया, तब भी उसके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। पुलिस के मुताबिक, वीडियो में दिख रही पीड़िता प्रथम दृष्टया नाबालिग लगती है। इस आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो एक्ट और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं में कर्पूरीग्राम थाने में कांड संख्या 117/26 दर्ज किया है।

**यह कहा मंत्री ने**

इधर, बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि जमुई या समस्तीपुर हो, इस तरह की घटनाओं की रील बनाना एक साजिश है। सरकार को बदनाम करने की कोशिश है। बता दें इससे पहले, पांच दिन पहले 19 सितंबर को बिहार के ही जमुई में भी नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। इस मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

**अमेरिकी नेवी का बड़ा खुलासा**

## ईरान जंग में 'फंसे' 8 नौसैनिकों ने की खुदकुशी की कोशिश!

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी नेवी के जहाज यूएसएस अब्राहम लिंकन पर तैनात आठ नौसैनिकों ने आत्महत्या की कोशिश की है। यह जानकारी अमेरिका के कार्यवाहक नेवी सेक्रेटरी हंग काओ ने अमेरिकी न्यूज नेटवर्क सीएनन को सीनेटर किर्स्टन गिलीब्रांड को लिखे एक पत्र में दी है। यह जहाज ईरान के खिलाफ अमेरिका के युद्ध अभियान के तहत लंबे समय से समुद्र में तैनात था। इस पूरे मामले ने सैनिकों की मानसिक हालत और जहाज पर सुविधाओं को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। हंग काओ ने अपने पत्र में लिखा कि लिंकन की तैनाती शुरू होने के बाद से पूरे स्ट्राइक ग्रुप में कुल आठ आत्महत्या के प्रयास हुए हैं। इसमें लिंकन के क्रू के अलावा एयरविंग, डिस्ट्रॉयर स्क्वाड्रन और साथ चल रहे अन्य जहाजों के सैनिक भी शामिल हैं।

**286 दिन से समुद्र में था जहाज**

लिंकन जहाज करीब 286 दिन समुद्र में रहने के बाद एक सितंबर को थाईलैंड के एक पर्यटन शहर में लौटा। पहले इस तैनाती को मई में खत्म होना था, लेकिन ईरान के साथ तनाव खत्म न होने के कारण इसे बढ़ा दिया गया था। मार्च में एक सैनिक को साथी सैनिकों ने समुद्र में कूदने से रोका था, जबकि अगस्त में एक सैनिक वाकई समुद्र में कूद गया था, जिसे बचाकर इलाज के लिए जहाज से बाहर भेजा गया। इसके अलावा जहाज में फफूंद, खाने और साबुन जैसी जरूरी चीजों की कमी की खबरें भी सामने आई थीं।

**तीसरी बार नॉमिनेशन पाने वाला पहला भारतीय शो**

# एम्मी अवार्ड में वीर दास ने रचा इतिहास!

16 कैटेगरीज में 22 देशों के 64 नोमिनीज




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2026 के इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स की लिस्ट सामने आ चुकी है। यह लिस्ट 23 सितंबर को जारी किया गया है। इस सूची में भारतीय सिनेमा की दो सीरीज को नोमिनेट किया गया है, जिसमें वीर दास और सोनीलिव की सीरीज 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' का नाम काबिज है। इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स दुनिया भर में बनने वाले टीवी शो और स्ट्रीमिंग कंटेंट को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाता है। इस अवॉर्ड में हर साल कई तरह के कैटेगरीज में शो को नॉमिनेशन मिलते हैं। इस बार 22 देशों को इस एमी अवॉर्ड में चुना गया है, जिसमें 64 नोमिनीज को 16 अलग-अलग कैटेगरीज में जगह मिली है।

*'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' भी नॉमिनेट*

वहीं इंटरनेशनल एमी अवाड्र्स 2026 में भारत के दूसरी सीरीज 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' को नॉमिनेट किया गया है। यह सीरीज सोनीलिव की है, जिसे दर्शक काफी पसंद करते हैं। इस वेब सीरीज में मोहम्मद जीशान अय्यूब और मानव कौल अहम किरदार निभाया था। इस वेब सीरीज को साल 2025 में स्ट्रीम किया गया था।

**भारत के दो शोज को मिला नामांकन**

इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 2026 में भारत के दो शोज को चुना गया है। इन्हें कॉमेडी और ड्रामा वेब सीरीज की कैटेगरी जगह मिली है। बता दें कि इस बार भारत की ओर से वीर दास की 'फुल वॉल्यूम' ने कॉमेडी कैटेगरी में नॉमिनेशन हासिल किया है, हालांकि, वीर दास के ड्रामा के साथ-साथ ब्रिटेन के 'मैन वर्सेज बेबी', स्पेन के 'ओल्ड डॉग, न्यू ट्रिक्स' और अर्जेंटीना के 'डिविजन पालेरमो सीजन 2' को भी नॉमिनेट किया गया है। आपको बता दें कि वीर दास को इस अवॉर्ड के लिए तीन बार नॉमिनेट किया गया है। सबसे पहले वीर दास के स्पेशल शो 'वीर दासः फॉर इंडिया' को नॉमिनेट किया गया था, तो वहीं दूसरी बार साल 2023 में 'वीर दासः लैंडिंग' के लिए उन्हें इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड अपने नाम किया था। वहीं एक फिर साल 2026 में वीर दास की 'फूल वॉल्यूम' को नॉमिनेट किया गया है।



देखिए आईएनएच पर आज




**इंद्रेश जी के बोल**

*यह मेरा अंतिम जन्म हो, इसलिए कथा कर रहा हूं, दोबारा जन्म लेना नहीं चाहता क्योंकि 100 साल बाद का कलयुग बेहद खतरनाक होगा*


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


*मुक्ति का सहज, सरल मार्ग मानवता का...व्यवहार, स्वभाव, विचार इसमें संकीर्णता नहीं है तो आप मुक्ति के अधिकारी*

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹113802/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹138990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹151721/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 25 सितंबर 2026




# युवा पीढ़ी को उनके तरीके से बताएंगे तो जरूर आपको सुनने आएंगे

## भगवताचार्य इंद्रेश जी महाराज से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*भागवत कथा वाचन की हमारे देश में समृद्ध परंपरा रही है। समय-समय पर अनेक कथा वाचकों ने अपनी वाणी, ज्ञान और आध्यात्मिक दृष्टि से जनसाधारण को प्रभावित किया है। लेकिन बदलते समय के साथ कथा कहने की शैली भी बदली है। आज की युवा पीढ़ी तक धर्म और अध्यात्म की बात पहुंचाने के लिए केवल शास्त्रों का ज्ञान ही नहीं, बल्कि उसे सरल भाषा और समकालीन संदर्भों में प्रस्तुत करने की कला भी आवश्यक है। पिछले कुछ समय में एक युवा कथा वाचक ने इसी दिशा में अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने ओजपूर्ण लेकिन मधुर कंठ से निकले भजनों, सहज और सरल भाषा में धर्म की गूढ़ बातों को समझाने की शैली और कथा के दौरान युवाओं से सीधे संवाद ने उन्हें नई पीढ़ी के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय बनाया है। हम बात कर रहे हैं, प्रख्यात भागवत कथावाचक इंद्रेश जी महाराज की। परिवार से मिली कथा-वाचन की दीर्घ परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इंद्रेश जी महाराज ने अपेक्षाकृत कम समय में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उनकी कथाओं में जहां श्रीमद्भागवत की आध्यात्मिकता और सनातन परंपरा दिखाई देती है, वहीं उनकी प्रस्तुति में आज के समय और युवा मन की जिज्ञासाओं की झलक भी मिलती है। उनकी जीवन यात्रा से जुड़े कुछ बिंदुओं पर आज उनके रायपुर प्रवास के दौरान हुई बातचीत हुई। जानिए बातचीत के प्रमुख अंशः*

खास खबर



■ *आपके आयोजन में आखिर कैसे वह पीढ़ी भी आती है जिसके बारे में कहा जाता है, इस पीढ़ी का धर्म के साथ कोई सरोकार नहीं है?*

■ युवा भटके हुए नहीं हैं या युवा चाहते नहीं हैं कि वो धर्म या अध्यात्म से ना जुड़ें, पर उनके तरीके से कोई उनको बता नहीं रहा है। उनके तरीके से उनको कोई जोड़ नहीं रहा है। जब उन्हीं की लाइफस्टाइल को केंद्र में लेकर के हम अध्यात्म से जोड़ करके, एग्जामिनेशंस को लेकर, रिलेशनशिप्स को लेकर और उनकी फ्रेंडशिप्स को लेकर के जब उदाहरण प्रस्तुत करते हैं और फिर भजनों को, कीर्तनों को उस भाव से गाते हैं जिसमें उनको सुख मिले, उनके चित्त में भक्ति बढ़े, तो निश्चित है कि वो लोग जुड़ते हैं। आज देख ही रहे हैं कि इतने सारे युवा आ रहे हैं।

■ *उम्र के किस दौर में थे आप जब यह तय हुआ?*

■ मैं 10वीं पास हो गया था। 11 वीं और 12वीं दोनों प्राइवेट किए। जब मन में आ गया कि अब मुझे यही करना है। मैं 10वीं के बाद ही मुंबई एडमिशन लेने चला गया था कि मैं अब सिंगर बनूंगा। लेकिन बस वो जो पीरियड होता है एडमिशन का, उसी टाइम पर ही यह सारी वारदात हुई और मैं वापस। नाना जी भी स्वयं कथा करते थे और उनकी बड़ी दिलो-इच्छा थी मुझे कथावाचक बनाये। उन्होंने मेरी पहली कथा अटेंड भी की। ▶▶|शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर स्कूल पहुंचा प्रधान पाठक निलंबित

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला भांठापारा भुईंगांव में पदस्थ प्रधान पाठक



योगेश्वर सिंह कंवर को शराब पीकर स्कूल परिसर में उपस्थित होने और जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार करने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रधान पाठक नशे की हालत में स्कूल पहुंचे थे। जिसका वीडियो वायरल हुआ था।

### नीट-पीजी 2026 के नतीजे घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने नीट-पीजी 2026 के नतीजे घोषित कर दिये। सामान्य और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अर्हता 'कट-ऑफ' 262 अंक है, जो 50वें 'पर्सेंटाइल' के बराबर है। सामान्य श्रेणी के मानक दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए 'कट-ऑफ' 244 अंक है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों के लिए 'कट-ऑफ' 226 अंक (40वां 'पर्सेंटाइल) है।

### एशियन गेम्स में भारत ने और जीते पांच पदक

**नागोया।** भारत ने छठे दिन गुरुवार को एशियन गेम्स 2026 में पांच पदक जीते। भारत ने दो




सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज अपने नाम किए। भारत के खाते में अब कुल 17 मेडल हो गए हैं, जिसमें 9 ब्रॉन्ज, सात सिल्वर और एक गोल्ड है। भारत पदक तालिका में फिलहाल 15वें पायदान पर है। चीन 130 मेडल के साथ तालिका में शीर्ष पर काबिज है।

### एक्सिस बैंक में 4.63 लाख के नकली नोट

**मेरठ।** मेरठ में एक्सिस बैंक के करेंसी चेस्ट में विभिन्न शाखाओं से भेजी गई नकदी की जांच के दौरान 4,63,650 रुपए मूल्य के 1,323 जाली नोट मिले। सिविल लाइंस थाना में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बैंक के करेंसी चेस्ट प्रबंधक सरताज सिंह की शिकायत के अनुसार, एक दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2025 के बीच विभिन्न शाखाओं से भेजी गई धनराशि की जांच के दौरान जाली नोट पाए गए। प्राथमिकी के मुताबिक, इनमें 500, 200, 100 और 50 रुपये के नोट शामिल हैं।

### भाजपा में बड़ा बदलाव, जामवाल बनाए गए महाराष्ट्र से संगठन महामंत्री

# शिव बने रहेंगे, पवन झारखंड, कर्मवीर छत्तीसगढ़ के नए संगठन महामंत्री

*भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ भाजपा में बड़ा फेरबदल किया है। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश छत्तीसगढ़ में बने रहेंगे, पर 12 साल से प्रदेश संगठन महामंत्री का महत्वपूर्ण जिम्मा संभाल रहे पवन साय को अब झारखंड का जिम्मा दिया गया है। उनके स्थान पर उप्र के कर्मवीर को भाजपा का नया संगठन महामंत्री बनाया गया है। वर्तमान में कर्मवीर झारखंड के संगठन महामंत्री हैं। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भी छत्तीसगढ़ से विदा हुए हैं। उन्हें महाराष्ट्र का संगठन महामंत्री बनाया गया है।*

**राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश के पास छत्तीसगढ़ का जो प्रभार है, उसको यथावत रखा गया**

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक दिन पहले ही प्रदेश के सभी राज्यों के प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारियों की नियुक्ति की थी। अब लगातार दूसरे दिन कई राज्यों के संगठन में बड़ा फेरबदल किया गया है। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश के पास छत्तीसगढ़ का जो प्रभार है, उसको यथावत रखा गया है। इसी के साथ उनके जिम्मे मप्र, गोवा, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र भी हैं।



शिव प्रकाश



पवन साय



कर्मवीर

### पवन साय को झारखंड का जिम्मा

पवन साय छत्तीसगढ़ में दो साल तक सह संगठन महामंत्री और 10 साल प्रदेश के संगठन महामंत्री रहे हैं। वे 2014 से 2016 तक प्रदेश के सह संगठन महामंत्री रहे और उसके बाद अप्रैल 2016 में उन्हें संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी। तब से लेकर अब तक वे यह यह जिम्मेदारी उठा रहे थे। अब श्री साय को झारखंड ▶▶|शेष पेज 5 पर

### कौन हैं कर्मवीर

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के नए संगठन महामंत्री बनाए गए कर्मवीर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए हैं। मथुरा उप्र के रहने वाले कर्मवीर ने 1993 से संघ के प्रचारक के रूप में अपना जीवन प्रारंभ किया था। 2020 में उप्र के सह संगठन महामंत्री के रूप में काम करने के बाद 2022 में उनको झारखंड के ▶▶|शेष पेज 5 पर



### कर्मवीर के अनुभव का मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कर्मवीर सिंह को प्रदेश महामंत्री (संगठन) का दायित्व सौंपे जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि उनके संगठनात्मक अनुभव और कार्यकर्ताओं के साथ सहज समन्वय से छत्तीसगढ़ भाजपा को नई दिशा और गति मिलेगी तथा संगठनात्मक कार्यों को और मजबूती प्राप्त होगी। इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भाजपा के ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सौदान सिंह को तीन राज्यों का जिम्मा

राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) सौदान सिंह को बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में पार्टी के संगठनात्मक मामलों का प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश पार्टी के अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चों के संगठनात्मक मामलों का प्रभार संभालेंगे। उन्हें पार्टी के संसद कार्यालय का प्रभारी भी बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि भाजपा नेता धर्मपाल को उत्तर प्रदेश में पार्टी का महासचिव, जबकि अजय जामवाल को महाराष्ट्र में महासचिव (संगठन) नियुक्त किया गया है। अमिताभ चक्रवर्ती पश्चिम बंगाल में महासचिव (संगठन) का पद संभालेंगे, जबकि सतीश धोंड महाराष्ट्र में संयुक्त महासचिव (संगठन) के तौर पर काम करेंगे। इसमें कहा गया है कि नवीन ने पवन राणा को दिल्ली और हरियाणा के लिए पार्टी का महासचिव (संगठन) नियुक्त किया है। भाजपा नेता मधुकर को हैदराबाद, आंध्र प्रदेश और ▶▶|शेष पेज 5 पर



## जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने वाले गवाहों को भी मिलेगा यात्रा खर्च

**सरकार का बड़ा फैसला**

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

छत्तीसगढ़ में अब किसी मामले की जांच के लिए अगर कोई पुलिस अधिकारी किसी व्यक्ति



या गवाह को बयान या गवाही के लिए लिखित आदेश देकर अपने समक्ष बुलवाता है या हाजिर होने का आदेश देता है तो संबंधित व्यक्ति को यात्रा का खर्च दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के गृह (पुलिस) विभाग ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 179 की के तहत यह व्यवस्था देने का निर्णय लिया है।

**क्या हैं नए नियम?**

*यह नियम लिखित आदेश पर लागू होगा। यदि जांच अधिकारी किसी मामले की परिस्थितियों से परिचित किसी व्यक्ति या साक्षी को लिखित आदेश देकर अपने समक्ष उपस्थित होने के लिए कहता है तो उसे यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति मिलेगी। यात्रा का माध्यम और टिकट : यह भुगतान एक्सप्रेस,* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### अदालत में गवाही और पुलिस जांच में अंतर

आमतौर पर पहले से ही अदालतों में गवाही देने या पेश होने वाले गवाहों व पीड़ितों को नियमानुसार यात्रा भत्ता दिए जाने का प्रावधान रहा है, लेकिन अब नए नियमों (बीएनएसएस 2023) के तहत पुलिस या जांच अधिकारी के स्तर पर शुरुआती जांच या विवेचना के दौरान बुलाए जाने वाले गवाहों को भी इस दायरे में शामिल कर लिया गया है, जिससे गवाहों को थाने या अन्य स्थानों पर आने-जाने में आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

### एक दशक बाद वॉशिंगटन पहुंचे चीनी राष्ट्रपति

## चीन-यूएस को प्रतिद्वंद्वी नहीं साझेदार बनना चाहिए : शी



एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

- स्वागत में 100 फीट का रेड कार्पेट, ट्रंप ने सभी प्रोटोकॉल तोड़े
- ट्रंप ने शी जिनपिंग के ऊपर से उड़वाया बी-1 लैंसर बॉम्बर
- व्यापार शुल्क, एआई और सैन्य संबंध पर होगी चर्चा

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को वॉशिंगटन पहुंचने के बाद चीन और अमेरिका के रिश्तों को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, साझेदार बनना चाहिए। शी ने भरोसा जताया कि बदलते दौर में चीन और अमेरिका आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने का सही रास्ता निकाल सकते हैं।

शी जिनपिंग की यह 2015 के बाद पहली वॉशिंगटन यात्रा बताई गई है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपनी पत्नी पेंग लियुआन का हाथ पकड़े हुए जब विमान से नीचे उतरे तो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप के ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ट्रंप के साथ गहन बातचीत की जताई उम्मीद

शी जिनपिंग ने कहा कि वह डोनाल्ड ट्रंप के साथ चीन-अमेरिका संबंधों और वैश्विक परिस्थितियों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर गहन बातचीत की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच रणनीतिक स्थिरता वाले रचनात्मक संबंधों को और मजबूत करने एवं विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क और सहयोग बढ़ाने की बात कही।

### पहली बार सैन्य हवाई अड्डे पर स्वागत

वर्ष 1962 के बाद यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य हवाई अड्डे पर किसी विदेशी नेता का व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया। इससे इस यात्रा को ट्रंप द्वारा दिए जा रहे महत्व का संकेत मिलता है। 1962 में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी ने ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री हेरोल्ड मैकमिलन का स्वागत किया था।

### नोटिस का इंतजार

## झीरम घाटी हत्याकांड में 10 दोषियों की फांसी को हाईकोर्ट में चुनौती

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर*

झीरम घाटी हत्याकांड मामले में विशेष एनआईए अदालत द्वारा 10 दोषियों को सुनाई गई मृत्युदंड की सजा को बचाव पक्ष ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने दोषियों के परिजनों से चर्चा के बाद हाईकोर्ट में अपील की अर्जी दायर की है। अब बचाव पक्ष को हाईकोर्ट की ओर से नोटिस जारी होने का इंतजार है। लगभग 13 ▶▶|शेष पेज 5 पर

**एनआईए ने पेश की थी 1000 पन्नों की चार्जशीट**

*एनआईए ने वर्ष 2015 में मामले में लगभग 1000 पन्नों की चार्जशीट पेश की थी। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 101 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। गत 25 मई 2013 को विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा का काफिला सुकमा* ▶▶|शेष पेज 5 पर

## महादेव सट्टे की बड़ी मछली फंसी, दुबई से इंडिया पहुंचते ही सीबीआई ने दबोचा

**हैदराबाद एयरपोर्ट पर किया गया गिरफ्तार**

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप पर केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सट्टा सिंडिकेट के प्रमुख सदस्यों में शामिल अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उसके दुबई से भारत लौटने के बाद हैदराबाद के राजीव गांधी ▶▶|शेष पेज 5 पर



आरोपी

**कोर्ट से मिली तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड**

*गिरफ्तारी के बाद अभिषेक को हैदराबाद की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड दी। बाद में उन्हें रायपुर की सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया और दो दिन* ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सात रेड कार्नर, दो प्रत्यर्पण प्रस्ताव

महादेव सट्टा एप के फरार प्रमोटरों को भारत वापस लाने जांच एजेंसी कोशिश कर रही है। इसके लिए अब तक 7 रेड कॉर्नर नोटिस और 2 प्रत्यर्पण ▶▶|शेष पेज 5 पर

### चक्रधरपुर रेल मंडल में पांचवीं लाइन

## आज से थम जाएंगे दूरंतो सहित 16 ट्रेनों के पहिए

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर*

चक्रधरपुर रेल मंडल में पांचवीं लाइन कमीशनिंग के लिए शुक्रवार 25 सितंबर से 16 मुख्य ट्रेनों के पहिए थम जाएंगे। इसमें बिलासपुर से टाटानगर के



बीच चलने वाली एक्सप्रेस, हावड़ा-मुंबई दूरंतो सहित अन्य ट्रेनें शामिल हैं, जिसे 13 अक्टूबर तक अलग-अलग दिनों में रद्द किया गया है। 25 सितंबर से 13 अक्टूबर तक दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा केबिन ए से ▶▶|शेष पेज 5 पर

## सेंसेक्स 1247 अंक टूटा, निफ्टी पांच महीने के निचले स्तर पर

# बाजार में हाहाकार, डूबे 4.33 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिकी बॉण्ड पर बढ़ते प्रतिफल के बीच घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स 1,247 अंक से अधिक टूटकर तीन महीने से अधिक के निचले स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 383.70 अंक यानी 1.64 प्रतिशत गिरकर 23,063.10 अंक पर बंद हुआ।



यह पांच महीने से अधिक का निचला स्तर है। आंकड़ों के मुताबिक, बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट कैप 4,85,01,353.855 करोड़ रुपए से घटकर 4,80,68,443.14 रुपए करोड़ रह गई।

**इन शेयरों में गिरावट**

*सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से बजाज फाइनेंस में सबसे अधिक 5.47 प्रतिशत की गिरावट आई। एक्सिस बैंक 4.67 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 4.06 प्रतिशत, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) 2.78 प्रतिशत, ट्रेंट 2.75 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.31 प्रतिशत टूटे। हालांकि, एनटीपीसी का शेयर अपरिवर्तित रहा।*

**प्रमुख वजह**

- अमेरिका के बॉन्ड पर ज्यादा रिटर्न मिलने लगा
- क्रूड ऑयल फिर 106 डॉलर के करीब पहुंचा
- मजबूत डॉलर ने भारत जैसे बाजारों की चिंता बढ़ाई
- बैंक और इंश्योरेंस शेयर टूटे, एक्सपायरी ने उतार-चढ़ाव बढ़ाया

# हमर-प्रदेश

रायपुर, शुक्रवार 25 सितंबर 2026 haribhoomi.com

हरिभूमि


## खबर संक्षेप

### बस्तर दशहरा के लिए हुई डेरी गड़ाई की रस्म



**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक बस्तर दशहरा के अंतर्गत मण्डप आच्छादन का मुख्य आधार मानी जाने वाली पावन रस्म डेरी गड़ाई गुरुवार को सिरहासार भवन में पारंपरिक विधि-विधान, लोक-संस्कृति और देव-विधान के तहत हुई। इस रस्म के विधिवत निर्वहन के साथ ही बस्तर दशहरा के विशाल मांगलिक मंडप की आधारशिला रखी गई है। पुरातन लोक-परंपरा का पालन करते हुए नगर सीमा से लगे ग्राम बिलोरी से ग्रामीण दो विशेष काष्ठ स्तंभों (लकड़ियों) को लेकर सिरहासार भवन पहुंचे, जिन्हें स्थानीय बोली और संस्कृति में डेरी कहा जाता है। इसके पश्चात सिरहासार भवन परिसर में इन पावन काष्ठ स्तंभों की पारंपरिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बाद स्थापना की गई। डेरी गड़ाई और मण्डप आच्छादन का यह मंगल विधान पूर्ण होते ही समूचा परिसर असीम उल्लास से भर उठा।

### छात्र से मारपीट मामले में शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की मांग



**छुरिया।** पैरीटोला गांव में कक्षा सातवीं के शिक्षक द्वारा कथित मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया। मामले के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं थाना परिसर पहुंची। ग्रामीण करीब दो घंटे तक थाना परिसर के पास बैठे रहे और शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की मांग की। प्राप्त आवेदन के अनुसार छात्र से मारपीट के आरोप को लेकर पूर्व में शिकायत की गई थी। बाद में ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत से मामला शांत होने की बात सामने आई। इसके बावजूद मामले में अपराध दर्ज किए जाने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस से शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आग्रह किया।

# राज्य के सभी जिलों के आत्मानंद स्कूलों में एलकेजी कक्षाएं तत्काल शुरू करें : हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेमेतरा जिले के साजा तहसील के सुदर्शन लोढ़ी सहित 12 पालकों की याचिका पर हाईकोर्ट के जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में विशेष रूप से बेमेतरा जिले में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में एलकेजी कक्षाएं तत्काल शुरु करने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट ने एलकेजी कक्षाओं के लिए आवश्यक व्यवस्था आधारभूत संरचना और प्रवेश प्रक्रिया आदेश की प्रति मिलने से चार सप्ताह के भीतर पूरी करने को कहा है ताकि मौजूदा शैक्षणिक सत्र में बच्चों का भविष्य प्रभावित न हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की कल्याणकारी शैक्षणिक योजना के लाभ से किसी खास जिले के बच्चों को नहीं रोका जा सकता। बेमेतरा जिले के विद्यार्थियों को दूसरे जिलों के विद्यार्थियों के समान राज्य प्रायोजित प्री-प्राइमरी अंग्रेजी माध्यम शिक्षा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि बुनियादी शिक्षा के मामले में क्षेत्रीय भेदभाव संवैधानिक व्यवस्था के तहत स्वीकार नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार ने पूरे छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी शिक्षा देने की नीति बनाई है तो उसका क्रियान्वयन वास्तविक भावना के अनुरुप सभी क्षेत्रों में होना चाहिए। किसी विशेष जिले या सामाजिक वर्ग के विद्यार्थियों को इस कल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा के अवसरों में समानता संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 से जुड़ी संवैधानिक गारंटी है। शिक्षा संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची की प्रविष्टि 25 में है इसलिए सार्वजनिक शिक्षा तक गैर भेदभावपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करना राज्य और केन्द्र दोनों की जिम्मेदारी से जुड़ा विषय है। कोर्ट ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों और विशेष रूप से बेमेतरा जिले में एलकेजी कक्षाएं तत्काल शुरू की जाए। चार सप्ताह के भीतर आवश्यक व्यवस्था आधारभूत संरचना और एलकेजी की प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### बेमेतरा जिले के 12 पालकों की याचिका पर एक साथ हुई सुनवाई

#### याचिका में यह कहा गया



पालकों की ओर से याचिका में कहा गया कि उनके बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर और सामान्य आय वाले परिवारों से हैं। वे अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा दिलाने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में एलकेजी में प्रवेश दिलाना चाहते हैं। लेकिन बेमेतरा जिले में एलकेजी की प्रवेश प्रक्रिया ही शुरु नहीं की गई। हाईकोर्ट ने रिकार्ड में मौजूद जिला शिक्षाधिकारी बेमेतरा एवं प्राचार्य के पत्र में उल्लेख पाया कि इन पत्रों में एलकेजी कक्षाएं शुरु नहीं हो पाने के पीछे आधारभूत संरचना और बजट आबंटन की कमी को कारण बताया गया है। कोर्ट ने कहा कि रिकार्ड में ऐसा कोई दूसरा कारण नहीं है, जिससे यह माना जाए कि अधिकारियों ने किसी अन्य वास्तविक वजह से एलकेजी कक्षाएं शुरु करने से इनकार किया है।

## महासमुंद में एक करोड़ से अधिक तो बलरामपुर जिले में 50 लाख का जब्त

# राज्य में डेढ़ करोड़ से अधिक का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/बलरामपुर

*राज्य के दो जिलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डेढ़ करोड़ से अधिक का गांजा पकड़ा है। गांजे का परिवहन कारों, कंटेनर व पिकअप में स्पेशल चेंबर बनाकर किया जा रहा था। मामले में पुलिस एक महिला सहित कई लोगों को हिरासत में लिया।*

जिले की पुलिस ने अंतरराज्यीय सीमा पर गांजा की बड़ी खेप बरामद कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिंघोड़ा पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में कंटेनर से 111.350 किलो गांजा बरामद किया गया है। जिले में दो अन्य मामलों में 60 लाख से अधिक का गांजा पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने जिले में पुलिस और एएनटीएफ की टीम द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक कंटेनर वाहन क्रमांक आरजे 14 जीवी 0484 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है एवं उसकी पायलेटिंग एक किआ कैरेंस कार क्र ओडी 11 एसी 3003 कर रही है। सूचना पर एनएच-53 रोड ग्राम रेहटीखोल पहुंचकर नाकाबंदी की गई। कुछ देर बात उक्त वाहनों के आने पर उन्हें रोका गया। नाम पता पूछने पर वाहन चालक अपना नाम सुजीत स्वाई भीम स्वाई (32 साल) ओलंडा थाना बौद्ध जिला बौद्ध (ओडिशा) तथा बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मानस रंजन पिता नित्यानंद (40 साल) ओलंडा थाना बौद्ध जिला बौद्ध (ओडिशा), पीछे सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कृष्णचंद प्रधान पिता मिठाईलाल प्रधान (50 साल) बेहेरेन बसा थाना जूनूमुडा जिला संबलपुर (ओडिशा), आनंद साहू पिता गंडाधर साहू (24 साल) इच्छापुर थाना बौद्ध जिला बौद्ध (ओडिशा) का रहने वाला बताए तथा कंटेनर वाहन में तीन व्यक्ति बैठे थे।

### कारों, कंटेनर और पिकअप में स्पेशल चेंबर बनाकर ले जा रहे थे



#### दो मामलों में दो क्विंटल से ज्यादा गांजा बरामद

महासमुंद। गांजा के अवैध परिवहन के दो मामलों जिले की पुलिस ने दो क्विंटल से ज्यादा गांजा बरामद करते हुए महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा यह कार्रवाई बसना और कोमाथान थाना क्षेत्र में की गई है। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने जिले में पुलिस और एएनटीएफ की टीम द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है।

#### महिला समेत दो गिरफ्तार

वहीं गांजा तस्करी के दूसरे मामले में कोमाखान पुलिस ने ओडिशा से रायपुर गांजा ले जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में एक महिला भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि थाना कोमाखान पुलिस एन.एच 353 ग्राम टेमरी जांच नाका में वाहन चेकिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक महिला व एक पुरूष, कार क्रमांक डीएल 2 सीएएक्स 0153 में ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर अवैध गांजा परिवहन करते आ रहे हैं। सूचना पर राजमार्ग पर नाकाबंदी कर उक्त संदेही वाहन का इंतजार किया गया।

#### पिकअप से 50 लाख का गांजा पकड़ा गया

बलरामपुर। कोतवाली पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 109 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस से बचने के लिए तस्करों ने पिकअप वाहन के नीचे एक गुप्त चैंबर बना रखा था। गांजा ओडिशा से खरीदकर बिहार ले जाया जा रहा था। फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा से गांजे की एक बड़ी खेप बिहार ले जाने की तैयारी है। एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम जांच में जुट गई। 24 सितंबर की देर रात पुलिस को सटीक सूचना मिली कि पिकअप वाहन से गांजा अंबिकापुर के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की सघन जांच शुरू की। इसी बीच अंबिकापुर की ओर से आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक जे एच 10 ए क्यू 5144 को रोककर तलाशी ली गई।

### स्पेशल टास्क फोर्स ने पकड़ा

# 19 साल से शहर में लिफ्ट मेंटनेंस का काम कर रहा था बांग्लादेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बांग्लादेशी घुसपैठिया पिछले 19 साल से शहर में रहकर एनटीपीसी में प्राइवेट कंपनी की नौकरी करते हुए लिफ्ट मेंटनेंस का काम कर रहा था7 इस दौरान उसके घुसपैठिया होने की किसी को भनक नहीं लगी। स्पेशल टास्क फोर्स ने उक्त घुसपैठिए को पकड़ लिया है। आगे की कार्रवाई के लिए उसे रायपुर होल्डिंग सेंटर भेजा जा रहा है। एसएसपी रजनेश सिंह ने बतायाबताया कि 20 दिन पूर्व सिरगिट्टी क्षेत्र से 23 संदिग्ध लोगों पकड़कर पूछताछ कर होल्डिंग सेंटर रायपुर भेजा गया था। उस दौरान एक व्यक्ति भाग गया था, विशेष टास्क फोर्स लगातार उसकी तलाश कर रही थी। टीआई संजय शिंदे को सूचना मिली कि उक्त व्यक्ति सरकण्डा क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। टीआई ने गोपनीयता बरतते हुए उक्त बाहरी व्यक्ति के आने जाने व रहने के पता ठिकानों की जानकारी ले रहे थे । 24 सितंबर को स्पेशल टास्क फोर्स नोडल अधिकारी एएसपी रश्मीत कौर चावला के नेतृत्व में टीआई श्री शिंदे, जिला विशेष शाखा के एसआई नरेन्द्र सिंह की टीम ने सुबह 5 बजे सरकण्डा सूर्या विहार कालोनी के एक मकान में दबिश देकर उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अतीक हुसैन पिता स्व. मोहम्मद हुसैन 42 साल, मूल पता ग्राम नाईखोने थाना अरैहजार, जिला नारायणगंज राज्या ढाका बांग्लादेश, पिन नम्बर 1450 बताया।

- 2005 में बंगाल से तमिलनाडु गया, 2007 से बिलासपुर में रह रहा था

#### मकान में मिले महत्वपूर्ण दस्तावेज

पुलिस ने उसके किराए के मकान से इंडियन पासपोर्ट, आधारकार्ड, पेनकार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, 9 वीं कक्षा की अंकसूची जैसे सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किया है। उक्त व्यक्ति ने स्वीकार किया कि सभी दस्तावेजों को गलत तरीके से बनवाया गया है। पुलिस अतीक हुसैन को बांग्लादेश भेजने की कार्रवाई कर रही है। उसे रायपुर होल्डिंग सेंटर भेजा जा रहा है। साथ ही इसकी सूचना भारत में स्थित कोलकाता / दिल्ली में संबंधित बांग्लादेशी दूतावास को दी जा रही है।

## एसडीएम से नाराज वकीलों ने न्यायालयीन कार्य का किया बहिष्कार

**गुरूर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के व्यवहार एवं कार्य प्रणाली से क्षुब्ध वकीलों ने उनके स्थानांनातरण करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौपा है। स्थानांतरण न होने तक अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय का बहिष्कार करने की घोषणा कर दी है। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन कलेक्टर के नाम जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष को सौपा है। वकीलों की अनुपस्थिति से अनुविभागीय कार्यालय का परिसर दिन भर वीरान रहा। ज्ञापन में आरोप लगाया है कि एसडीएम द्वारा संबंधित कार्य तथा अन्य कार्य हेतु न्यायालय में 1 बजे के पूर्व वकीलों एवं पक्षकारों के प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगया गया है।






### पागल कुत्ते का आतंक

# कुत्ते ने सरपंच सहित भतीजे और बुजुर्ग महिला को काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला



ग्राम रेंगाडीह में पिछले दो-तीन दिनों से एक पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कुत्ता अब तक सरपंच, उनके भतीजे समेत कई लोगों को अपना शिकार बना चुका है। आसपास के जारा और छेरकाडीह गांव में भी कुत्ते के हमले से एक महिला और बच्ची के घायल होने की जानकारी सामने आई है। लगातार हो रहे हमलों को देखते हुए ग्रामीणों में भय का माहौल है।बुधवार सुबह करीब 6 बजे ग्राम पंचायत रेंगाडीह के सरपंच तीरथ रात्रे पर अचानक पागल कुत्ते ने हमला कर दिया। सरपंच किसी तरह कुत्ते से बचकर अपने घर पहुंचे। बताया गया कि इसके कुछ ही समय बाद उसी कुत्ते ने उनके भतीजे लोकनाथ रात्रे पर भी हमला कर दिया। कुत्ते के काटने से लोकनाथ की ठोढ़ी के पास गंभीर चोट आई, जिसके बाद उन्हें टांके लगाए गए। एक दिन पहले भी बुजुर्ग महिला पर किया था हमला, ग्रामीणों के अनुसार इससे एक दिन पहले एक बुजुर्ग महिला पर भी इसी कुत्ते ने हमला किया था। हमले में घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें बलौदाबाजार रेफर किया गया।

# मानव तस्करी सिंडिकेट पर कार्रवाई दो राज्यों के 10 ठिकानों पर छापेमारी

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने बड़े स्तर पर संचालित मानव तस्करी के एक संगठित सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के अनुसार, भट्ठा दलालों द्वारा प्रलोभन देकर मानव तस्करी, नाबालिगों की तस्करी, बाल मजदूरी तथा नाबालिग बालिकाओं के दैहिक शोषण से जुड़े आपराधिक मामलों की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक इस कथित संगठित सिंडिकेट का नेटवर्क दो राज्यों में फैला हुआ है, जिसके चलते पुलिस टीमों ने एक साथ 10 अलग-अलग ठिकानों पर रेड की है। इन ठिकानों पर पूछताछ और सर्च की कार्रवाई जारी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को बालिग एवं नाबालिग मजदूरों के अवैध परिवहन और बंधुआ मजदूरी से संबंधित महत्वपूर्ण डिजिटल एवं कागजी दस्तावेज मिलने की बात कही गई है।

- दैहिक शोषण से जुड़े आपराधिक मामलों की जांच की जा रही


हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, रायतालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

रायपुर
शुक्रवार 25 सितंबर 2026
भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 25, अंक : 66
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 28.4
न्यून. 24.7

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

PREMIUM
From the House of Dr. Juneja
पेट सफा
LAXATIVE GRANULES

अब अजवायन के दानों वाला स्पैशल प्रीमियम पेट सफा




प्रीमियम पेट सफा ग्रैन्यूल्स में शुद्ध अजवायन को पेट सफा के मिश्रण के साथ Special Coat किया गया है। यह इतना शुद्ध एवं आकर्षक है कि हर दाना अलग-अलग खनकता है। यह हमारी कई वर्षों की मेहनत एवं रिसर्च का नतीजा है कि पेट सफा प्रीमियम ग्रैन्यूल्स आपको पहले दिन ही बहुत पसंद आएगा एवं प्रभावी परिणाम दिखाएगा।

यहाँ से भी खरीदें amazon | Flipkart | blinkit | zepto

24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical & general stores



## खाद-बीज की जांच के लिए गाजियाबाद भेज रहे सैंपल, तीन साल से ताले में हमारी मशीन!

लक्ष्मण लेखवानी ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने उर्वरक, बीज और कीटनाशक की गुणवत्ता की जांच करने के लिए तीन वर्ष पहले राजधानी सहित राजनांदगांव और रायगढ़ जिले में कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित प्रयोगशालाओं के लिए करोड़ों रुपए खर्च करके आधुनिक मशीने एवं उपकरण खरीदे। इन मशीनों और उपकरण को खरीदने के बाद अब तक इनका इस्तेमाल नहीं ⏭शेष पेज 5 पर

**खास बातें**

- विश्लेषक तथा तकनीकी अधिकारियों की अब तक नियुक्ति नहीं
- उर्वरक, बीज और कीटनाशक गुणवत्ता की जांच भी ठप
- विभाग का दावा-स्पेशल सेल के जरिए हो रहा कार्य



**नियुक्ति जल्द**

उर्वरक, बीज, कीटनाशक की जांच के लिए प्रयोगशालाएं बनी हुई हैं। इसके लिए मानव संसाधन तथा भारत सरकार से भी सहयोग मिलता है। मानिटरिंग करने के साथ विशेष सेल का भी गठन किया है। जल्द ही अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।
-राहुल देव, संचालक कृषि विकास विभाग

***जानिए... कितने पद रिक्त***

*विभाग में अपर संचालक के 8 पद, संयुक्त संचालक के 4 तथा उप संचालक के 6 पद भी खाली है। इसी प्रकार आधा दर्जन से अधिक जिलों में जिला कृषि अधिकारी (डीडीए) के पद प्रभार के भरोसे हैं, वहीं लगभग सभी जिला कार्यालय, विकासखंड और प्रयोगशालाएं अतिरिक्त प्रभार पर चल रहे हैं। मैदान में गुण नियंत्रण और कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (एसएडीओ) के 280 पद खाली हैं। इनमें कई ऐसे है, जो पदोन्नति की योग्यता रखते हैं, लेकिन मिल नहीं पाई। इनमें से कई प्रयोगशाला में होने वाली टेस्टिंग की ट्रेनिंग तक पूरी कर चुके हैं।*

### मिशन क्लीन सिटी के लिए मुफ्त डस्टबीन बांटने के लिए हुई खरीदी

## योजना 10 साल पहले बंद, पैसा बाद में निकाला, सात करोड़ की गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों की अनियमितता का एक मामला सीएजी ने पकड़ा है। हुआ ये है कि दस साल पहले बंद हो चुकी योजना के नाम पर नगरीय निकायों ने 15 वें वित्त आयोग की अनुदान राशि से 7 करोड़ रुपए निकाल लिए। ये बताया गया कि इस पैसे से डस्टबीन की खरीदी की गई है। अब सीएजी ने इस संबंध में नगर निगम रायपुर, बिरगांव, रिसाली और नगर पंचायत कुनकुरी से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही पिछले कई साल का हिसाब भी मांगा है। यह मामला छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नाम पर नियमों को ताक पर रखकर डस्टबीन खरीदी का एक बड़ा मामला ⏭शेष पेज 5 पर

- सीएजी ने मांगा जवाब

### केवल एक बार बांटने के थे निर्देश बार-बार खरीदी पर उठे सवाल




खास खबर

**इन निकायों में सामने आई गड़बड़ी**

ऑडिट की नमूना जांच (सेंपल) के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रमुख नगरीय निकायों में करोड़ों रुपए की इस खरीदी का खुलासा हुआ है। नगर पालिक निगम, रायपुर: कुल 434.00 लाख (50 लाख + 384 लाख) की स्वीकृति से 1,60,000 डस्टबीन। नगर पालिक निगम, बिरगांव: 109.26 लाख की स्वीकृति से 46,100 डस्टबीन। नगर पालिक निगम, रिसाली: 142.45 लाख की स्वीकृति। नगर पंचायत, कुनकुरी: 13.66 लाख की स्वीकृति से 9,106 डस्टबीन।

**ये है पूरा मामला**

'मिशन क्लीन सिटी' योजना के दिशा-निर्देशों के स्पष्ट प्रावधानों के अनुसार, नागरिकों को घरों में सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने के लिए योजना के प्रारंभ में केवल एक बार ही निःशुल्क डस्टबीन प्रदान किए जाने थे। इसके बाद भविष्य में डस्टबिन टूटने या खराब होने पर नागरिकों को स्वयं अपने व्यय से डस्टबीन खरीदना अनिवार्य किया गया था। हालांकि, योजना लागू होने के 10 वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी नगरीय निकायों द्वारा 15वें वित्त आयोग की टाइड ग्रांट से धड़ल्ले से निःशुल्क डस्टबीन क्रय किए जा रहे हैं, जिसे लेखापरीक्षा ने गंभीर अनियमितता और नियमों के विरुद्ध माना है।

### ईसी विवाद में घिरे ज्ञानेश, महाभियोग की तैयारी में विपक्ष, आज देशव्यापी प्रदर्शन

## राहुल बोले-चुनाव में हुई 100 फीसदी धांधली भाजपा ने कहा- गांधी का राजनीति ज्ञान शून्य

- राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर लगाया वोट चोरी का आरोप
- भाजपा ने कहा- राहुल अपने दम पर नहीं जीत सकते खानदानी सीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता में चुनावी व्यवस्था को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में गड़बड़ियां हुई हैं और उनके पास इसे साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। राहुल गांधी ने कहा कि यह केवल चुनावी प्रक्रिया से जुड़ा मुद्दा नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे से जुड़ा मामला है। राहुल गांधी ने कहा कि वह यह बात बिना आधार के नहीं कह रहे हैं। उनके ⏭शेष पेज 5 पर

मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका और चुनाव आयोग के फैसलों पर उठे विवाद ने देश की सियासत में भूचाल ला दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा 'वोट चोरी' और इसे संविधान पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि हमें यकीन है कि चुनावों में 100 फीसदी धांधली हुई है, वहीं भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी का राजनीतिक ज्ञान शून्य है।



**सीजेपी का 48 घंटे का अल्टीमेटम**

इसी मुद्दे पर सीजेपी ने भी गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। संगठन ने कहा कि 48 घंटे के भीतर इस्तीफा नहीं दिया गया तो देशभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा और दिल्ली में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सीजेपी ने एसआईआर की प्रक्रिया पर रोक लगाने, मतदाता सूची में हुए बदलावों की समीक्षा कराने और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र जांच की मांग भी उठाई। संगठन ने चुनाव आयोग के भीतर सामने आई कथित असहमति और मतदाता सूची से जुड़े सवालों को सार्वजनिक किए जाने की मांग की।

**जानकारी का स्रोत और आधार स्पष्ट नहीं : भाजपा**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से चुनावी व्यवस्था और एंटी-इनकंबेंसी को लेकर दिए गए बयानों पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके द्वारा पेश की गई जानकारी का स्रोत और आधार स्पष्ट नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के राजनीतिक ज्ञान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति के इतिहास और अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस के सत्ता में रहने के रिकॉर्ड को ठीक से नहीं समझते। त्रिवेदी ने कहा कि तमिलनाडु में 1967 के बाद से कांग्रेस सत्ता में नहीं आई है। उस समय भारतीय जनता पार्टी का अस्तित्व भी नहीं था। पश्चिम बंगाल में 1977 के बाद कांग्रेस सरकार नहीं बनी। 1977 में राज्य में लेफ्ट फ्रंट सत्ता में आया और लंबे समय तक शासन किया। उन्होंने बिहार, उत्तर प्रदेश और ओडिशा का भी उदाहरण देते हुए कहा कि इन राज्यों में भी लंबे समय से कांग्रेस सत्ता से बाहर रही है।

## ओडिशा-आंध्र तट से टकराया 'अर्नब' चक्रवात, छत्तीसगढ़ में भी झमाझम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भुवनेश्वर/रायपुर

बंगाल की खाड़ी में डीप डिप्रेशन से बनने वाला चक्रवात 'अर्नब' उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तट को पार कर गया। यह कालिंगपट्टनम के दक्षिण-पश्चिम के करीब तट से टकराया। इसके असर से दोनों राज्यों के तटीय जिलों में भारी बारिश हो हुई। तूफान के असर से छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बारिश हुई। दक्षिण ओडिशा के 10 जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। करीब 8 हजार लोगों को शिफ्ट किया गया है। मलकानगिरी में चार पुल डूब जाने से ट्रैफिक बंद हो गया है।



मैनपुर में नदी- नाले उफान पर, हाईवे में पहिए थमे

**बस्तर जिले में स्कूलों की छुट्टी, परीक्षा टली**

जगदलपुर। बस्तर जिले में बुधवार दोपहर से लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। प्रमुख नदी इंद्रावती का जलस्तर बढ़ रहा है। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने 24 सितंबर को जिले के सभी शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूलों में अवकाश घोषित किया है।

**रायपुर में 1.2 सेमी और जगदलपुर में 9 सेमी बारिश**

राजधानी रायपुर में गुरुवार रात्रि 8.30 बजे तक 1.2 सेमी बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में सर्वाधिक बारिश जगदलपुर में हुई, यहां 9 सेमी बारिश दर्ज हुई। इसके अलावा बिलासपुर में एक सेमी बारिश हुई। उक्त आंकड़ें रात्रि 8.30 बजे तक के हैं। इसके बाद भी रायपुर सहित अन्य स्थानों में देर रात तक बारिश होती रही। बारिश का असर तापमान में भी दिखा। रायपुर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कुछ डिग्री का ही अंतर रहा।

### दिल्ली से महोबा जा रही थी बस

## स्लीपर बस में आग, नौ यात्री जिंदा जले, छह की पहचान



नोएडा। दिल्ली से महोबा जा रही एक स्लीपर बस में बुधवार देर रात भीषण आग लगने से नौ लोगों की जलकर मौत हो गई, छह मृतकों की पहचान हो गयी है। मृतकों में कुमारी श्रुति रावत (31) (छतरपुर, मध्यप्रदेश), उषा देवी (65) (हमीरपुर), हर शरण गुप्ता (55) (जालौन), देवेंद्र भारद्वाज (61) (हिसार, हरियाणा), सरोज गुप्ता (52) (हमीरपुर), मयंक गुप्ता (28) (निवासी हमीरपुर) शामिल हैं।

**एसी से लगी आग**

बस में 35 यात्री सवार थे। ऐसा प्रतीत होता है कि बस की एसी प्रणाली में चिंगारी निकलने या विस्फोट होने के कारण आग लगी। बीआर32पीए8647 वाली बस नयी दिल्ली के कश्मीरी गेट से महोबा जा रही थी। तभी हादसा हो गया।







*उपभोक्ताओं को भ्रमित होने से बचाने के लिए प्रस्ताव*

## अब 'पनीर' के नाम पर नहीं बिक सकेंगे नॉन-डेयरी एनालॉग उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दूध से बने वास्तविक पनीर और उसके विकल्प के रूप में तैयार किए जाने वाले नॉन-डेयरी एनालॉग उत्पादों के बीच अंतर स्पष्ट करने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने बड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने ऐसे एनालॉग उत्पादों की बिक्री को 'पनीर' के नाम से किए जाने पर रोक लगाने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत एनालॉग इन डेयरी कॉन्टेक्स्ट श्रेणी में पहले से लाइसेंस प्राप्त या पंजीकृत उत्पादों के नाम, लेबल और मार्केटिंग में 'पनीर' शब्द का इस्तेमाल बंद करना होगा।



**रेस्तरां और होटल भी आएंगे दायरे में**

प्राधिकरण की कार्रवाई केवल पैकेज्ड उत्पादों तक सीमित नहीं है। अप्रैल में पश्चिमी क्षेत्र ने चीज एनालॉग के संबंध में एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर स्पष्ट किया था कि चीज एनालॉग को 'पनीर' के रूप में बेचना नियमों का उल्लंघन है। होटल, रेस्तरां और अन्य फूड सर्विस प्रतिष्ठानों को ऐसे उत्पादों की खरीद और इस्तेमाल में सावधानी बरतने तथा जहां जरूरी हो, मेन्यू या डिस्प्ले बोर्ड पर उनके इस्तेमाल की स्पष्ट जानकारी देने को कहा गया था।

इधर

**अब सस्ता होगा खाने का तेल**

खाद्य तेल उद्योग के संगठन भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ को उम्मीद है कि सोयाबीन, पाम और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क घटाने के सरकार के फैसले के बाद खाद्य तेल की खुदरा कीमतों में कमी आएगी। सरकार ने कच्चे सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क 10 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया। वहीं, रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर बीसीडी 32.5 प्रतिशत से घटाकर 22.5 प्रतिशत कर दिया गया। कच्चे सोयाबीन तेल और पाम तेल पर बीसीडी 10 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है।

चिंतन

# महंगाई पर राहत, लेकिन जमाखोरी पर सख्ती जरूरी

त्योहारी सीजन में केंद्र सरकार ने तेल आयात शुल्क में कटौती कर खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों से परेशान आम उपभोक्ताओं को कुछ राहत दी है। इससे रसोई का बजट कुछ कम होगा। सरकार ने क्रूड सोयाबीन और क्रूड पाम ऑयल पर मूल सीमा शुल्क 10% से घटाकर 5% कर दिया है। क्रूड सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क पूरी तरह खत्म कर दिया है। वहीं, रिफाइंड सोया और पाम ऑयल पर शुल्क 32.5% से घटाकर 27.5% तथा रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर 32.5% से घटाकर 22.5% किया है। इसका मकसद आयात लागत कम करके घरेलू बाजार में खाद्य तेलों की उपलब्धता बढ़ाना और कीमतों पर दबाव कम करना है। सरकार का यह कदम ऐसे समय आया है, जब खाद्य कीमतों को लेकर चिंता बनी हुई है। अगस्त में खुदरा महंगाई 4.82% रही, जबकि खाद्य महंगाई 5.95% तक पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक में खाद्य महंगाई इससे भी अधिक 7.1% रही। महंगाई के इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों का दबाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कमी उपभोक्ताओं के लिए राहत का माध्यम बन सकती है। भारत खाद्य तेल की अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में पाम, सोया और सूरजमुखी तेल की कीमतों में होने वाला उतार-चढ़ाव सीधे घरेलू बाजार को प्रभावित करता है। इसके अलावा रुपये की विनिमय दर भी आयात लागत पर असर डालती है। कमजोर रुपया विदेशी बाजार से तेल खरीदना महंगा कर सकता है। ऐसे माहौल में आयात शुल्क में कमी से आयातकों की लागत घटने की संभावना है और इसका लाभ आगे उपभोक्ताओं तक पहुंच सकता है। यहीं सबसे महत्वपूर्ण सवाल खड़ा होता है कि शुल्क में कमी का वास्तविक लाभ आम आदमी को कब और कितना मिलेगा? सरकार ने आयात पर शुल्क घटा दिया, मगर बाजार में खुदरा कीमतें उसी अनुपात में कम हों, यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसलिए सरकार को कीमतों की पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर नजर रखनी होगी। खासकर त्योहारों के इस मौसम में जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती जरूरी है। मांग बढ़ने के समय यदि कारोबारी कृत्रिम कमी पैदा करके स्टॉक रोकते हैं तो बाजार में कीमतें फिर बढ़ सकती हैं। खाद्य तेल की कीमतों का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता। पाम और सोया तेल का इस्तेमाल नमकीन, बिस्कुट, पैकेज्ड खाद्य पदार्थों और बाहर के भोजन में बड़े पैमाने पर होता है। इसलिए तेल महंगा होने पर कई दूसरी वस्तुओं की कीमत भी प्रभावित होती है। हालांकि, आयात शुल्क में कटौती तत्काल राहत दे सकती है, लेकिन स्थायी समाधान घरेलू तिलहन उत्पादन बढ़ाने में ही है। सरसों, सोयाबीन, मूंगफली और सूरजमुखी जैसे तिलहनों का उत्पादन बढ़ाकर देश को आयात पर निर्भरता कम करनी होगी। महंगाई के खिलाफ लड़ाई केवल सरकारी घोषणाओं से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए उत्पादन से लेकर आयात, थोक बाजार और खुदरा बिक्री तक पूरी व्यवस्था पर नजर रखनी होगी। खाद्य तेलों पर शुल्क कटौती एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसकी सफलता का पैमाना यही होगा कि इसका लाभ आम उपभोक्ता की रसोई तक जल्दी पहुंचे। सरकार को जहां एक ओर आयात लागत में कमी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना होगा, वहीं दूसरी ओर जमाखोरी और कालाबाजारी पर भी कड़ा अंकुश लगाना होगा। तभी महंगाई के मोर्चे पर मिली यह राहत वास्तव में आम आदमी की जेब को राहत दे पाएगी।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# मजहबी असहिष्णुता का राग

देश के दस साल उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी ने एक बार फिर ऐसा कटुता भरा बयान दिया है, जो समरसतावादी हिंदू धर्मावलंबियों के लिए आघात देने वाला है। संविधान विशेषज्ञ और लेखक एजी नूरानी की ही 2019 में छपी पुस्तक 'द आरएसएसः ए मीनेस टू इंडिया' का हवाला देते हुए अंसारी ने बताया कि 'जवाहरलाल नेहरू ने चिंता जताई थी कि भारत के लिए साम्यवाद की बजाय हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता एक बड़ा खतरा है।' नूरानी पर केंद्रित इस व्याख्यान में अंसारी ने नागरिक राष्ट्रवाद के स्थान पर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उभार पर भी चिंता जताते हुए कहा कि 'ऐसी प्रवृत्तियां चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में पेश कर सकती हैं और नागरिकों को धर्म के आधार पर अलग कर सकती है।'

अंसारी ने इस तरह का बयान कोई पहली बार नहीं दिया है, वह हिंदू-मुस्लिमों के बीच अलगाववाद के बयान देकर उसे उभारने का निरंतर काम कर रहे हैं। उनका कभी भी दोनों संप्रदायों के बीच एकता बढ़ाने वाला भाव देखने में नहीं आया है। जबकि वह बहुसंख्यक हिंदू समाज ही है, जिसने सामाजिक विविधता का ध्यान रखते हुए उनके दस साल के उपराष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान कभी अस्वीकार्यता नहीं जताई। इसके पहले अंसारी ने अमेरिका की धरती से भी जिस असहिष्णुता के बढ़ने का राग अलापा था, वह उनकी छदम् धर्मनिरपेक्षता के साथ भारत विरोधी सोच को भी उजागार करता है। यह सोच और इस तरह के बयान शर्मनाक हैं। यह बयान भी उन्होंने अमेरिका में आयोजित उस संस्था 'इंडियन-अमेरिकन मुस्लिम आउंसिल' के कार्यक्रम में दिया, जिस पर भारत में दंगे कराने और पाकिस्तानी गुप्तचर संस्था आईएसआई के इशारे पर सांप्रदायिक मजहबी एजेंडा आगे बढ़ाने के आरोप हैं। अंसारी की गिनती अब उन पूर्वाग्रही बौद्धिकों में होती है, जिनका धर्मनिरपेक्षता से कोई सरोकार नहीं है। कई देशों में भारतीय राजदूत रहने के बावजूद उनकी संकीर्ण सोच और धार्मिक कट्टरता बार-बार सामने आती रही है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यायल में देश विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की तस्वीर हटाने के विवाद में हस्तक्षेप कर यह कहकर बचाव किया था कि यदि कोलकाता में विक्टोरिया मेमोरियल हो सकता है, तब एएमयू में जिन्ना की तस्वीर पर ऐतराज क्यों ? वे कोरोना महामारी के संदर्भ में तब्लीगियों और सांप्रदायिक दंगों के लिए कुख्यात पीएफआई का भी बचाव कर चुके हैं।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को अंसारी आक्रामक राष्ट्रवाद का प्रतीक बताते हुए कह रहे हैं, कि 'भारत में धार्मिक बहुमत वाली आबादी को राजनीति में एकाधिकार दे दिया गया है और इस आधार पर धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा दिया जा रहा है।' देश के शीर्ष संवैधानिक पदों पर बैठ चुके ऐसे व्यक्ति से यह उम्मीद करना बेमानी हैं कि उन्होंने दायित्व निर्वहन के दौरान अपनी कार्य-संस्कृति में धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का ईमानदारी से निर्वहन किया होगा? गौरतलब है कि मोदी संविधान आधारित लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया का पालन कर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। हमारे यहां वैचारिक पूर्वाग्रह इतने मजबूत हैं कि इनकी जड़ता किसी भिन्न वैचारिकता को उभरने का अवसर मिलते ही अकसर कुंद और संकीर्ण हो जाती है। अतएव कांग्रेस नेता



सलमान खुर्शीद अपनी किताब 'सनराइज ओवरःनेशनहुड इन अवर टाइम्स' में हिंदुत्व की तुलना क्रूरतम आतंकी संगठन बोको हरम और आईएसआईएस से करके अपनी अंदरूनी मजहबी कटरता को फैलाने में कोई संकोच नहीं करते ? इसी क्रम में आग में घी डालने का काम राशिद अल्वी ने भी किया था। उन्होंने कहा कि जय श्री राम का नारा लगाने वाले सब मुनि नहीं घोर निशाचर होते हैं। हिंदुत्व को गलत तरीके से परोसने वाले यही नेता तब मौन रहते हैं, जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजधानी दिल्ली समेत तीन हजार सिखों की हत्या कर दी जाती है और 90 के दशक में पांच लाख से भी ज्यादा हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन मतावलंबियों को रातों-रात कश्मीर में मस्जिदों से यह ऐलान कर कि 'पंडित अपनी बहू-बेटियों को छोड़कर चले जाएं' खदेड़ दिया जाता है। ये लोग कश्मीर के इस्लामीकरण और केरल एवं पूर्वोत्तर राज्यों के ईसाईकरण पर मौन रहते हैं। दरअसल अंसारी समेत ये सब वे चुके हुए नेता हैं, जो अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए अलगाववादी अजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। कमोबेश यही रवैया तथाकथित मार्क्सवादी बुद्धिजीवियों का है। दरअसल, सत्ता परिवर्तन और राष्ट्रवादी विचारधारा की देश की बहुसंख्यक आबादी में बढ़ती स्वीकार्यता से ये लोग बौराकर वैचारिक धुव्रीकरण की और देश को धकेल रहे हैं। यही लोग कांग्रेस, तृणमूल समाजवादी पार्टी के अनर्गल और धर्मनिरपेक्षता विरोधी मंसूबों पर ओंठ सील लेते हैं। इसी का परिणाम है कि पश्चिम बंगाल में इकतरफा मुस्लिम वोट बैंक के बूते राज करने वाली ममता बनर्जी का भाजपा ने सूपड़ा साफ कर दिया। दरअसल संप्रदाय बनाम धार्मिक उन्माद की चिंताएं अपनी जगह एक मर्तबा जायज हो सकती हैं, लेकिन बौद्धिक निष्पक्षता समाज में तभी प्रभावी दिखाई देगी, जब अंसारी जैसे उपराष्ट्रपति रह चुके लोग सांप्रदायिक वैमनस्यता से जुड़ी प्रत्येक घटनाक्रम से मुठभेड़ करते दिखाई दें। यह नहीं कि धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक व्यवस्था में हिंदू सांप्रदायिकता की काट मुस्लिम सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने अथवा उसे सरंक्षण देने में देखी जाए? हमारा संविधान तो वैसे भी केवल हिंदुओं को संरक्षण देने का अधिकार नहीं देता। वह सभी धर्मावलंबियों को आजीविका व प्रगति के समान अवसर देता है। चार पायों पर टिका भारतीय लोकतंत्र इतना मजबूत है कि यहां कोई भी अलोकतांत्रिक नेता या दल लंबे समय तक शासन व्यवस्था में टिका नहीं रह सकता? वैसे भी इतिहास गवाह है कि सांस्कृतिक बहुलतावाद को आसन्न खतरों का सामना तब-तब ज्यादा करना पड़ा है,जब-जब मुसलमानों के हाथों में राजनीतिक सत्ताएं आई हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत जितने भी मुस्लिम देश हैं, सभी में लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित न तो संविधान है और न ही राज्य व्यवस्था ?

दरअसल यह सोच उस इतिहास लेखन का परिणाम है, जो इकतरफा होने के बावजूद पढ़ाया जाता रहा है। मार्क्सवादियों ने यह इतिहास भी स्वतंत्र रूप से नहीं लिखा। अंग्रेज इतिहासकारों और मुगल जीवनीकारों के लेखन से उसका अनुसरण किया। यहां तक कि काल विभाजन का स्वरूप भी वही रखा, जो यूरोपीय इतिहासज्ञों ने फूट डालो और राज करो की नीति के तहत किया था। भारतीय इतिहास को यूरोपियनों ने हिंदू काल, मुस्लिम काल और ब्रिटिश काल में विभाजित किया था। इसे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में बैठे मार्क्सवादियों ने बदलकर क्रमशः प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक भारत कर दिया। इस नाम परिवर्तन से इतिहास के कथानकों और घटनाओं में कोई बदलाव नहीं आया। जबकि इतिहास बदलावों का दस्तावेजीकरण और परिवर्तनों की यथास्थिति की व्याख्या होती है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

देश के दस साल उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी ने एक बार फिर ऐसा कटुता भरा बयान दिया है, जो समरसतावादी हिंदू धर्मावलंबियों के लिए आघात देने वाला है। संविधान विशेषज्ञ और लेखक एजी नूरानी की ही 2019 में छपी पुस्तक 'द आरएसएसः ए मीनेस टू इंडिया' का हवाला देते हुए अंसारी ने बताया कि 'जवाहरलाल नेहरू ने चिंता जताई थी कि भारत के लिए साम्यवाद की बजाय हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता एक बड़ा खतरा है।' नूरानी पर केंद्रित इस व्याख्यान में अंसारी ने नागरिक राष्ट्रवाद के स्थान पर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उभार पर भी चिंता जताते हुए कहा कि 'ऐसी प्रवृत्तियां चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में पेश कर सकती हैं।

मंथन
दिनेश शर्मा 'दिनेश'



# संवेदनाओं के शून्य में दम तोड़ते रिश्ते

जिस देश की मिट्टी में श्रवण कुमार की कहानियां रची-बसी हों और बुजुर्गों के अनुभव को किसी भी शास्त्र से ऊंचा दर्जा दिया जाता हो, वहां आज पारिवारिक संस्थाएं ताश के पत्तों की तरह बिखर रही हैं। विकास की गगनचुंबी इमारतों और चमक-दमक वाली जीवनशैली के बीच हमारे घर भले ही आलीशान हो गए हों, लेकिन दिल और रिश्ते लगातार सिकुड़ते जा रहे हैं। बड़े-बड़े आंगनों और संयुक्त परिवारों की जगह अब छोटे-छोटे फ्लैट्स और एकल परिवारों ने ले ली है। इस आधुनिक और भागदौड़ भरी जिंदगी ने समाज को एक ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां हमारे अपने ही बुजुर्ग अनचाहे और अजनबी बनकर रह गए हैं। हर शहर में कुकुरमुत्ते की तरह उगते और आबाद होते 'वृद्धाश्रम' हमारी आर्थिक तरक्की का नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक गिरावट का सबसे खौफनाक प्रमाण हैं। आज के युवाओं की जिंदगी करियर, पैसा, तथाकथित 'प्राइवेसी' और सोशल मीडिया की आभासी दुनिया के इर्द-गिर्द सिमट कर रह गई है।

सफलता की इस अंधी दौड़ में संवेदनाओं, करुणा और कृतज्ञता के लिए जैसे कोई जगह ही नहीं बची है। जिन माता-पिता ने अपनी औलाद को शिक्षित करने, काबिल बनाने और उनके सपनों को पंख देने के लिए अपनी पूरी जिंदगी की जमा-पूंजी और अपनी जवानी दांव पर लगा दी, आज वही औलाद उन्हें अपनी तेज रफ्तार जिंदगी में एक बाधा समझने लगी है। आधुनिकता की आड़ में अकसर यह तर्क दिया जाता है कि बुजुर्गों के विचार आज के जमाने से मेल नहीं खाते। इसी खोखली निजता को बचाने के लिए माता-पिता को या तो गांव के किसी जर्जर मकान में उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है या फिर शहर के किसी वृद्धाश्रम में भेज दिया जाता है। विडंबना देखिए कि जहां आज की औलाद अपने माता-पिता के जीवित रहते उन्हें समय दे ही नहीं पाती, वहीं उनके अंतिम समय में भी जब उन्हें विदा करने की बारी आती है, तब भी उनके पास पहुंचने की जहमत नहीं उठा पाती। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के ओशिवारा इलाके की वह खौफनाक घटना भला कौन भूल सकता है, जहां एक पॉश फ्लैट में 63 वर्षीय आशा साहनी का नरकंकाल मिला था। उनका इकलौता बेटा अमेरिका में एक बड़े पद पर काम कर रहा था। बेटे ने एक साल से ज्यादा समय तक अपनी मां को फोन तक नहीं किया। मां कब मर गई और कब उसका शरीर गलकर कंकाल बन गया, उस 'सफल' बेटे को खबर तक नहीं लगी। क्या ऐसी सफलता का कोई मोल है, जो आपको इंसान से पत्थर बना दे? मथुरा, वृंदावन और काशी की तंग गलियों में ऐसे हजारों बुजुर्ग माता-पिता दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, जिन्हें उनके अपने ही तीर्थयात्रा के बहाने वहां लाए और फिर भीड़ में छोड़कर भाग गए। घर लौटकर इन बच्चों ने अपने मोबाइल नंबर बदल लिए ताकि उनके बूढ़े माता-पिता कभी उनसे संपर्क न कर सकें। जो मां अपने बच्चे को भीड़ में उंगली पकड़कर चलना सिखाती है, वही बच्चा जवानी के नशे में उसी मां को एक अनजान भीड़ में रोता-बिलखता छोड़ आता है। इन वृद्धाश्रमों और आश्रमों की खामोशी में अगर आप कभी कान लगाएं तो आपको अनगिनत सिसकियां सुनाई देंगी। वहां रहने वाले बुजुर्ग अकसर दरवाजे की तरफ टकटकी लगाए देखते रहते हैं कि शायद आज उनका अपना कोई उन्हें गले लगाने आएगा।

यह विचारणीय हो जाता है कि इस भयानक संकट का समाधान क्या है? हमें अपनी शिक्षा और परवरिश के उस मॉडल पर विचार करना होगा जो केवल डॉलर छापने वाली स्वार्थी मशीनें पैदा कर रहा है। बच्चों को बचपन से ही यह सिखाना होगा कि सफलता का असली पैमाना केवल बैंक बैलेंस नहीं, बल्कि एक कृतज्ञ और जिम्मेदार इंसान बनना है। इसके अलावा समाज और सरकारों को मिलकर बुजुर्गों के लिए एक ऐसा मजबूत सपोर्ट सिस्टम तैयार करना होगा जो सिर्फ वृद्धाश्रमों तक सीमित न हो। 'माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम' जैसे कानूनों को इतनी सख्ती से लागू किया जाना चाहिए कि कोई भी औलाद अपने बुजुर्गों को बेसहारा छोड़ने की हिम्मत न कर सके। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि समय का चक्र बहुत क्रूर और बलवान होता है। आज जो युवा अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम की चारदीवारी में धकेल कर अपनी 'स्वतंत्र' जिंदगी का जश्न मना रहे हैं, कल वे भी बुढ़ापे की उसी दहलीज पर खड़े होंगे। जो बीज वे आज बो रहे हैं, कल उन्हें वही फसल काटनी पड़ेगी। इससे पहले कि हमारी यह संवेदनहीनता हमें एक ऐसे समाज में तबदील कर दे, जहां 'इंसानियत' सिर्फ शब्दकोश तक सिमट जाए, हमें सामाजिक चेतना को जगाना होगा।

( लेखक शिक्षक एवं स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संकीर्णता अधर्म है, विष है



संकलित
दर्शन

पानी छोटे से पोखर में भी पाया जाता है किन्तु वह प्रायः गन्दा और दुर्गन्ध पूर्ण होता है किन्तु सरोवर में पाया जाना वाला पानी स्वच्छ और अधिक उपयोगी होता है। पोखर छोटा और सरोवर विशाल होता है। मानव का मन भी प्रायः दो तरह का होता है। क्षुद्र और विशाल। क्षुद्र हृदय व्यक्ति बहुत सीमित दायरे में सोचता है। ऐसे व्यक्ति प्रायः कट्टर होते है वे औरों के प्रति असहनशील और ईर्ष्या ग्रस्त होते हैं। सरोवर की तरह उदार हृदय व्यक्ति विशाल दृष्टि कोण लेकर चलते हैं सहिष्णुता उनकी मुख्य विशेषता होती है। वे अपना ही नहीं सभी का अभ्युदय चाहते हैं। संकीर्ण मनोवृत्ति से दूर रहते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज और मानवता के लिए वरदान स्वरुप होते हैं। धर्म मूलत, विशाल हृदयी व्यक्ति तैयार करने का काम करता है। मित्ति में सव्व भूएसु, सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम्-जैसे धर्म के मौलिक सूत्र है जिन में संकीर्णता का कोई नामो निशान नहीं है किन्तु जब से धर्म में संप्रदायें प्रबल हुई है। धर्म के स्वरुप को भी संकीर्ण बनाने का प्रयत्न किया जाने लगा। संकुचित मनोवृत्ति वाले व्यक्ति साम्प्रयादिकता के ज्यादा पक्ष घर बने रहे उन्होंने धर्म की सारी व्यवस्थाओं को कट्टरता और संकीर्णता के घेरे में बांध लिया। केवल हम और हमारा ये ही ठीक है शेष सभी व्यर्थ है। संकीर्णता की इस भावना ने धर्म की सार्वभौमिकता को तोड़ कर जन जन में भेद भाव की खाई खड़ी कर दी। अन्य धर्म संप्रदायों की बात छोड़िये। जैन धर्म को ही ले लीजिये श्वेताम्बर दिगम्बर स्थानक वासी मूर्ति पूजक तेरा पंथी आदि बड़े बड़े विभाग तो है ही इसमें भी संप्रदाय और उप संप्रदायों का एक विशाल समूह खड़ा है।

# ऐसा काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाए



संकलित
प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मतदाता सूची की शुचिता के साथ संस्थागत पारदर्शिता भी जरूरी**

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चल रहा राजनीतिक विवाद अब चुनाव आयोग के भीतर दर्ज आपत्तियों के सामने आने के बाद एक नए चरण में पहुंच गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले दस महीनों में एसआईआर से जुड़ी प्रक्रियाओं और फैसलों पर कम से कम 14 बार लिखित आपत्तियां दर्ज कीं। इन आपत्तियों में नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने, चुनावी आंकड़ों तक अधिकारियों की पहुंच तथा तकनीकी व्यवस्था से जुड़े सवाल उठाए गए थे। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यदि दो चुनाव आयुक्तों ने किसी प्रक्रिया पर अपनी असहमति दर्ज कराई है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# प्रभावशीलता खो रहीं संयुक्त राष्ट्र संस्थाएं : विशेषज्ञ

संयुक्त राष्ट्र की प्रभावशीलता (खासकर युद्ध और शांति के मामलों में) पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। एक प्रमुख भारतीय विशेषज्ञ ने यह बात कही। ओआरएफ अमेरिका के कार्यकारी निदेशक ध्रुव जयशंकर ने कहा कि अब भी कई संस्थाएं महत्वपूर्ण बनी हुई हैं। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र के काम को इसका उदाहरण बताया। जयशंकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संघर्षों के बीच संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि विशेष रूप से युद्ध और शांति के मामलों में संयुक्त राष्ट्र की प्रभावशीलता को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम ऐसे समय में हैं, जब यह साफ है कि मौजूदा बहुपक्षीय संस्थाएं, केवल संयुक्त राष्ट्र ही नहीं बल्कि अन्य संस्थाएं भी, अपनी उपयोगिता और प्रभावशीलता खोने लगी हैं।' जयशंकर ने कहा, 'कई कारणों से ये संस्थाएं अब भी महत्वपूर्ण हैं और ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां उन्होंने अच्छा काम किया है। उदाहरण के लिए, दुनिया भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं और संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए 'लैंगिक समानता' को विभिन्न पक्षों को एक मंच पर लाने वाले विषय के रूप में विकसित करना।'

## ऑफ बीट

# 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी

दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग



वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है। इसी सिद्धांत को दौड़ने में शामिल करते हुए, "10-20-30 विधि" अपनाई जा सकती है, जिसमें पहले 30 सेकंड तक चलना या हल्की दौड़, फिर 20 सेकंड तक मध्यम गति की दौड़ और फिर 10 सेकंड की तेज़ स्प्रिंटिंग यानी तेज गति से दौड़ शामिल होती है। "फार्टलेक" स्वीडिश शब्द है जिसका अर्थ 'स्पीड प्ले'' होता है। व्यायाम के लिए यह विधि भी एक आसान तरीका है जिसमें धीमी दौड़ के बीच-बीच में कुछ सेकंड की तेज़ दौड़ शामिल होती है। इंटरवल रनिंग हृदय संबंधी सेहत, मेटाबॉलिक स्वास्थ्य और शारीरिक संरचना (वसा की मात्रा और वितरण) में बेहतर सुधार लाती है।

## ट्रेंड

### आयुष्मान भारत



आयुष्मान भारत की शुरुआत इस सोच के साथ की गई थी कि हर भारतीय को बेहतरीन और किफायती हेल्थकेयर मिल सके। आज, 60 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थियों को सालाना 5 लाख रुपये का हेल्थ कवर मिल रहा है, जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थकेयर स्कीम बन गई है।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### वोट चोरी का पर्दाफाश



मैं तीन साल से वोट चोरी का पर्दाफाश कर रहा हूं। अब खुद चुनाव आयुक्त भी इसे मान रहे हैं। ज्ञानेश कुमार ने देशद्रोह किया है। उन्हें तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और सरकारी गवाह बन जाना चाहिए।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### सरकार किसानों के साथ



कम बारिश की वजह से किसान संकट का सामना कर रहे हैं। आज मैंने वाशिम जिले के मोहागवन में फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया और महिला किसानों की परेशानियाँ सुनीं। उन्हें भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी रहेगी।
- **देवेंद्र फडणवीस,** सीएम, महाराष्ट्र

### विपक्ष को हार का डर



ज़्यादातर राज्यों में, सत्ता से बाहर हो चुकी कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां ऐसी स्थिति में हैं जिसे 'नाच न जाने आँगन टेढ़ा' कहा जा सकता है। हर चुनाव से पहले, हार के डर से वे ऐसी पटकथा तैयार करने लगते हैं जिससे नतीजों के बाद इज़्ज़त बचाई जा सके।
- **केशव प्रसाद मौर्य,** डिप्टी सीएम, यूपी

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

MARUTI SUZUKI

NEXA

EXPERIENCE
A NEW DAWN OF
ELECTRIC MOBILITY.

e VITARA

NOW WITH
FREE
HOME CHARGER

e VITARA
India goes electric



INDIA'S LARGEST**
FAST-CHARGING NETWORK




543 km RANGE#

BHARAT NCAP
★★★★★ | ★★★★★

5 STAR SAFETY RATING BNCAP

NEXA edge

60% ASSURED BUYBACK AFTER 3 YEARS

8 YEARS WARRANTY
• BATTERY: 8 YEARS
• VEHICLE: 3+5(PAID) YEARS

SCAN TO CONNECT TO
A SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY @
WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Creative Visualisation. Images used are for illustration purposes only. | Applicable T&C available at the dealership. | **As certified by Kantar IMRB for an OEM platform for end-to-end usage as on November 28, 2025. | #543 km range: Certified range; actual results may vary by driving conditions and usage. | Assured buyback plan is available on payment basis with the option of 3 years/45 000 km or 4 years/60 000 km ownership plans (whichever is earlier). The program is offered through an insurance company. e VITARA comes with standard warranty of 3 years/1 00 000 km (whichever is earlier) with an option of extending the same on payment basis to 5 years/1 40 000 km and service activated coverage for 6th to 8th year for EV related components. Offers are subject to availability of stock, and valid till limited period.



जंतु जगत / शिखर चंद जैन

# जन्म से ही अनोखी खूबियों वाले एनिमल्स के ये सुपर बेबीज

बच्चो, क्या तुम जानते हो कुछ एनिमल्स और बड्र्स के बच्चे जन्म लेते ही चलने, दौड़ने, तैरने और उड़ने लगते हैं? वे बिना किसी ट्रेनिंग के अपनी सुरक्षा कर लेते हैं, भोजन का इंतजाम कर लेते हैं। जानो, कुछ ऐसे ही एनिमल्स और बड्र्स बेबीज के बारे में।

## मैगापोड जन्म लेते ही उड़ान के लिए तैयार

**मैगापोड, एक** खास तरह का पक्षी होता है, जो ऑस्ट्रेलिया और उसके आस-पास के द्वीपों में पाया जाता है। इनके बच्चे इतने समझदार होते हैं कि जन्म लेने के 24 घंटे के अंदर ही आसमान में उड़ सकते हैं! सबसे हैरानी की बात यह है कि वे अपने माता-पिता से कभी नहीं मिलते। ये बच्चे जन्म से ही दुनिया के सबसे आत्मनिर्भर और दिमागी रूप से विकसित (होशियार) पक्षी माने जाते हैं। जीव विज्ञान में इन्हें 'सुपरप्रीकोशियल' कहा जाता है, जिसका मतलब है कि ये अंडे से निकलते ही पूरी तरह परिपक्व होते हैं। इन्हें जीवित रहने के लिए माता-पिता की कोई जरूरत नहीं होती। मैगापोड के माता-पिता अपने अंडे को जमीन या गर्म सड़ी-गली पत्तियों के ढेर के नीचे दबाकर छोड़ देते हैं। इसलिए ये बच्चे अपने



माता-पिता को कभी नहीं देखते। अंडे से बाहर निकलने के बाद, वे अपनी सूझबूझ से जमीन के नीचे से रास्ता खोदकर खुद बाहर आते हैं। दुनिया के ज्यादातर पक्षी जन्म के समय कमजोर और बिना पंखों के होते हैं। इसके विपरीत, मैगापोड के बच्चे जब अंडे से निकलते हैं, तो उनकी आंखें खुली होती हैं, शरीर पर मजबूत पंख होते हैं, ये जन्म के पहले ही दिन से उड़ने, दौड़ने और शिकार करने में सक्षम होते हैं। इन्हें कोई यह नहीं सिखाता कि क्या खाना है, क्या नहीं। ये अपने जन्मजात ज्ञान की वजह से खुद ही कीड़े-मकोड़े और बीज ढूंढ़कर खाने लगते हैं। रिसर्च के अनुसार, इनके दिमाग में अपनी प्रजाति के चलने-फिरने के तरीकों को पहचानने की जन्मजात कोडिंग होती है। *

## कंगारू बिना आंखों के भी रास्ते की पहचान

**कंगारू का** बच्चा जब पैदा होता है, तो वह केवल एक जेली बीन (टॉफी) जितना छोटा होता है। वह न तो देख सकता है, न सुन सकता है। लेकिन उसकी समझदारी देखने वाली होती है। वह पैदा होते ही अपनी मां के पेट के बालों को पकड़कर रेंगता हुआ सीधे उसकी सुरक्षित थैली के अंदर पहुंच जाता है। बिना देखे सही रास्ता ढूंढ़ लेना किसी जादू से कम नहीं है। *

## ब्लू व्हेल पैदा होते ही एक्टिव

**दुनिया के** सबसे बड़े जीव, ब्लू व्हेल का बच्चा जन्म के समय एक बड़ी कार जितना लंबा दिखता



है। इसकी लंबाई करीब 25 फीट होती है। पानी के अंदर पैदा होने के बाद वह तुरंत समझदारी दिखाते हुए तैरकर पानी की सतह पर आ जाता है ताकि सही ढंग से सांस ले सके। इतना ही नहीं, ब्लू व्हेल का बच्चा पैदा होते ही अपनी मां के साथ गहरे समंदर की यात्रा पर निकल पड़ता है। ऐसे तैरता है मानो मां के पेट से ही सीखकर आया हो। *

## हाथी जन्म से भारी-भरकम और बुद्धिमान

**हाथी के** बच्चे का जन्म के समय औसत वजन लगभग 90 से 120 किलोग्राम होता है। इतने बड़े शरीर के बावजूद यह बच्चा जन्म के कुछ ही घंटों में चलने लगता है। हाथी का बच्चा बहुत समझदार होता है। वह तुरंत जरूरी बातें सीख जाता है, जैसे अपनी सूंड का इस्तेमाल कैसे करना है, झुंड के साथ कैसे तालमेल बनाकर चलना है ताकि वह सुरक्षित रहे। *



बच्चो, नदियां सिर्फ हमें जल ही नहीं प्रदान करतीं, हमें आवागमन की सुविधा भी देती हैं। देश के शहरों और विश्व के विभिन्न देशों को आपस में जोड़ती हैं। **विश्व नदी दिवस (27 सितंबर)** के अवसर पर जानो, सबसे अधिक देशों से होकर गुजरने वाली डेन्यूब नदी के बारे में।

# सबसे अधिक देशों से गुजरने वाली डेन्यूब नदी



जानकारी
रजनी अरोड़ा

बच्चो, नदियां सदियों से सभ्यता, कृषि, व्यापार और जीवन की आधारशिला रही हैं। नदियां पीने का पानी, रोजमर्रा के काम करने, खेती-बाड़ी करने के लिए जल का प्राकृतिक स्रोत होती हैं। सदियों से नदियां गांव-शहर ही नहीं, देशों को भी आपस में जोड़ती रही हैं। महत्वपूर्ण नदियां एक देश से दूसरे देश के आवागमन का माध्यम रही हैं, व्यापार का मार्ग रही हैं। दो-तीन देशों से होकर गुजरने वाली तो दुनिया में कई नदियां हैं। लेकिन डेन्यूब, दुनिया की अकेली ऐसी नदी है, जो दस देशों से होकर गुजरती है। जानो, इस नदी की विशेषताओं के बारे में-

**क्यों कही जाती है अंतरराष्ट्रीय नदीः** लगभग 2,850 किलोमीटर लंबी डेन्यूब नदी यूरोप महाद्वीप में वोल्गा नदी के बाद दूसरी सबसे लंबी नदी मानी जाती है। हालांकि यह दुनिया की दस सबसे लंबी नदियों की सूची में शामिल नहीं है। यह दुनिया की सबसे बड़ी या सबसे लंबी नदी भी नहीं है, फिर भी इसके प्रवाह की बात करें तो यह नदी सर्वाधिक देशों से होकर गुजरती है। यह नदी यूरोप के 10 देशों (जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्लोवाकिया, हंगरी, क्रोएशिया, सर्बिया, बुल्गारिया, रोमानिया, मोल्दोवा और यूक्रेन) से होकर या उनकी सीमाओं से होकर गुजरती है। इसमें भी खास बात यह है कि डेन्यूब नदी चार देशों की राजधनी विएना (ऑस्ट्रिया), ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया), बुडापेस्ट (हंगरी) और बेलग्रेड (सर्बिया) से होकर गुजरती है।

**उद्गम और प्रवाहः** डेन्यूब नदी का उद्गम जर्मनी के ब्लैक फॉरेस्ट क्षेत्र में स्थित डोनाउएशिंगेन के पास माना जाता है। जहां ब्रेग और ब्रिगाख नाम की छोटी नदियां मिलकर डेन्यूब नदी बनाती हैं। यहां से यह नदी पहले पूर्व दिशा और फिर दक्षिण-पूर्व की ओर बहते हुए छोटे कस्बों, ऐतिहासिक शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों से गुजरती है।

**कई यूरोपीय देशों की जीवनरेखाः** डेन्यूब केवल एक नदी नहीं, बल्कि यूरोप की ऐतिहासिक और आर्थिक जीवनरेखा भी है। यूरोप के अंदरूनी जल परिवहन नेटवर्क का प्रमुख हिस्सा होने के कारण यह नदी, सदियों से जलापूर्ति, व्यापार, परिवहन के साथ-साथ अलग-अलग देशों और संस्कृतियों को जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। *

## समुद्री कछुआ पैदा होते ही भाग-दौड़ शुरू



**समुद्री कछुए** के बच्चे वास्तव में प्रकृति के अद्भुत जीव होते हैं। ये बहुत बुद्धिमान होते हैं। अंडों से बाहर निकलते ही ये बच्चे अपनी जान बचाने, अपने घर यानी समुद्र तक पहुंचने के लिए असाधारण बुद्धिमत्ता और जन्मजात कौशल का प्रदर्शन करते हैं। इनके इस तरह होशियार होने के कुछ प्रमुख कारण हैं, जन्म लेते ही ये छोटे कछुए रेत की खुशबू, चंद्रमा की रोशनी और पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की मदद से अपनी जरूरत के रास्ते खोज लेते हैं। ये बच्चे बिना भटके सीधे समुद्र की ओर भागते हैं। जब ये समुद्र की तरफ रेंग रहे होते हैं, तब इनका दिमाग उस जगह की हर बारीकी जैसे रेत की गंध आदि को रिकॉर्ड कर रहा होता है। सालों बाद, जब ये बड़े होते हैं, तो अंडे देने के लिए बिल्कुल उसी समुद्र तट पर वापस आते हैं, जहां वे पैदा हुए थे। अंडे से निकलने के बाद ये बच्चे एक साथ रेत के अंदर को-ऑर्डिनेट करते हैं और मिलकर बाहर आते हैं ताकि शिकारियों से बचे रहें। इन बच्चों को कोई सिखाता नहीं है कि पानी में कैसे जाना है, शिकारियों से कैसे बचना है? *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

# प्यारी-मजेदार कविताएं

हाल में ही बाल कविताओं की एक किताब 'चंदा थाली में' प्रकाशित हुई है। इसमें कुल 28 प्यारी-प्यारी कविताएं हैं। 'चंदामामा' शीर्षक कविता बहुत मजेदार है। इसमें यह शिकायत की गई है कि जब चंदा, मामा हैं तो मम्मी से राखी बंधवाने क्यों नहीं आते हैं? 'बादल' कविता में बादल गड़गड़ाते हुए आते हैं और हाथी, घोड़ा, शेर ,ऊंट जैसे ढेर सारे चित्र आकाश में बनाकर चले जाते हैं। 'छुटकी' कविता में छुटकी के ढेर सारे कमाल हैं, जो तुम्हारा मनोरंजन करेंगे। 'चींटी रानी' कविता में उनके मिल-जुलकर एक पंक्ति में चलने के बारे में बताया गया है। इसमें इस बात को भी कविता में पिरोया गया है कि वे एक साथ चलते हुए भी कहीं जाम नहीं लगाती हैं। 'दीपावली' कविता में तुम पढ़ोगे कि यह खुशियों का त्योहार है। इसे झोपड़ियों वाले बच्चों के साथ मनाने और मिल-बांटकर मिठाइयां खाने का मजा ही कुछ और होता है। 'गर्मी की छुट्टियां' कविता में मस्ती करने की वे बातें हैं, जो तुम्हें अच्छी लगती हैं। इसी तरह 'जंगल में होली' कविता पढ़कर तुमको भी होली खेलने का मन करने लगेगा। इनके अलावा 'हरे-भरे पेड़', 'मोबाइल', 'नदी', 'इंद्रधनुष', 'चिड़िया' कविताएं भी तुम्हें जरूर पसंद आएंगी। *




**किताब :** चंदा थाली में, **रचनाकार :** नरेंद्र भूषण, **मूल्य :** 250 रुपए,
**प्रकाशक :** अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

## हंसगुल्ले

**चिंटू :** तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू क्यों रखते हो?
**मिंटू :** दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।
-हर्षिता, महासमुंद

**टीचर :** बताओ, मोबाइल की खोज किसने की?
**स्वीटी :** सर, मेरी मम्मी ने।
**टीचर :** क्या ..!
**स्वीटी :** सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोज के दिया था।
-शिवम, रायपुर



## जीके क्विज-224

1. टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय कौन बन गए हैं?
2. हाल में ही दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए किस अभिनेता के नाम की घोषणा की गई?
3. नुआखाई महोत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?
4. यूएस ओपन 2026 में महिला एकल का खिताब किसने जीता है?
5. सबसे तेज दौड़ने वाला स्थलीय जीव कौन-सा है?
6. गेटवे ऑफ इंडिया किस शहर में स्थित है?
7. भारत की आजादी के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौन थे?
8. सबसे कठोर प्राकृतिक पदार्थ कौन-सा है?
9. सबसे हल्की गैस कौन-सी है?
10. भारत का राष्ट्रीय कैलेंडर किस संवत पर आधारित है?



बच्चो, जीके क्विज-224 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-223 का उत्तर :** 1. होनहोन, 2. 27 सितंबर, 3. इटली, 4. हरियाणा, 5. मौर्य वंश, 6. चीन, 7. हृदय, 8. जबलपुर, 9. नाइट्रोजन, 10. डॉ. जितेंद्र सिंह

**जीके क्विज-223 का सही उत्तर देने वाले :** मनीष-रायपुर, प्रिया-बिलासपुर, मुकेश-दुर्ग, संजीव-रोहतक, विकास-रायगढ़, प्रियांशु-महासमुंद, दित्या-बलौदा बाजार, किशन-भिवानी, हर्ष-कांकेर, जतिन-दिल्ली, लक्ष्य-बालोद, दिव्या-बिलासपुर, कबीर-हिसार, आनंद-महेंद्रगढ़, अजय-कटनी, अंकित-रायपुर



कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

गोलू हाथी को अपने बलवान होने का बहुत घमंड था। उसे जंगल के पशु-पक्षियों को परेशान करने में बहुत मजा आता था। एक दिन वह ऐसी मुसीबत में फंसा कि उसका बलवान होना कोई काम नहीं आया। गोलू ने जंगल के पशु-पक्षियों से मदद की गुहार लगाई। क्या कोई उसकी मदद के लिए आगे आया?

# घमंडी गोलू



एआई इमेज

जंगल तो भाई सभी का होता है। कीड़े, मकोड़ों, पक्षियों और छोटे-बड़े जानवरों सभी को वहां रहने का समान अधिकार है। लेकिन गोलू हाथी ऐसा नहीं मानता था। एक तो पहाड़ जैसा भारी शरीर, ऊपर से बेहद घमंडी। अपने आगे किसी को कुछ समझता ही नहीं था वह। उसे छोटे, कमजोर पशु-पक्षियों को सताने में बहुत मजा आता था।

सुबह का समय था। लाल चींटियों का एक समूह कतार बांधे भोजन की तलाश में रास्ते के किनारे चला जा रहा था। सामने से आ रहे गोलू की निगाह उन पर पड़ी तो उसके मन में शरारत सूझी। चींटियों के पास अपनी सूंढ़ ले जाकर उसने जोर की फूंक मारी। बेचारी चींटियां उछल कर इधर-उधर छितरा गईं। किसी का पैर टूटा। किसी के सिर में चोट लगी तो किसी की पीठ में। बहुत सारी चींटियां तो मर भी गईं।

'हाथी दादा! हमने आप का क्या बिगाड़ा था, जो आपने हमारे साथ ऐसा गलत व्यवहार किया? माना कि आप बहुत शक्तिशाली हैं, हम कमजोर। लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि आप हमें जीने भी नहीं देंगे।' एक चींटी हिम्मत करके बोली।

'चल हट, बहुत बढ़-बढ़कर बात ना कर। बड़ी आई मुझे शिक्षा देने वाली। अभी दूसरी फूंक मारूंगा तो जो थोड़े बहुत तुम लोग बचे रह गए हो, उनका भी पता नहीं चलेगा।' गोलू ने कहा और झूमता हुआ आगे बढ़ गया। नहाने के बाद गोलू पीपल के पेड़ के पास गया और सूंढ़ उठाकर पत्ते खाने लगा। पीपल की जड़ के पास एक चूहा और चुहिया टहल रहे थे। गोलू को देखा तो वे दोनों अपनी बिल के अंदर घुस गए। गोलू ने उनको बिल में घुसते देख लिया था। उसके मन में शरारत सूझी। पत्ते खाने के बाद वह पानी पीने तालाब के पास गया। पानी पीकर लौटते समय उसने अपनी सूंढ़ में पानी भर लिया और चूहे के बिल के अंदर पिचकारी की तरह डाल दिया। बिल के अंदर पानी ही पानी हो गया। वह तो गनीमत थी कि चूहे ने बिल से निकलने का एक-दूसरा रास्ता भी बना रखा था। अपने परिवार सहित वह दूसरे रास्ते से निकल गया।

सुंदर वन में बरगद का एक बहुत पुराना पेड़ था। उस पर ढेर सारे पक्षी अपना घोंसला बना कर रहा करते थे। एक दिन उधर से निकलते समय गोलू ने अपनी सूंढ़ से पकड़ कर बरगद की एक डाल को इतनी जोर से हिलाया कि उस पर बने पक्षियों के घोंसले जमीन पर आ गिरे। उनमें से कई घोंसलों में अंडे थे, जो जमीन पर गिर कर फूट गए। बेचारे पक्षी चीखते रहे, लेकिन गोलू पर कोई असर नहीं हुआ। अपनी मस्ती में झूमता वह आगे बढ़ गया। लेकिन जो जैसा करता है, वैसा भरता भी है। गोलू के साथ भी वैसा ही हुआ। एक दिन सुंदर वन में घूमते वह काफी दूर निकल गया था। देर शाम जब घर लौटने लगा तो वह रास्ता भटक गया। भटकते-भटकते रात हो गई। अंधेरे में वह बबूल वन की तरफ जा पहुंचा। वहां हर तरफ बबूल के कांटे बिखरे हुए थे। गोलू के पैरों में कांटे धंस गए। कांटे धंसे तो वह इधर-उधर भागने लगा। लेकिन जितना ही भागता था, उसके पैर में उतने ही अधिक कांटे धंसते जा रहे थे। आखिर वह पस्त होकर एक जगह गिर पड़ा। उस समय तक सारे पक्षी अपने घोंसलों में और जानवर अपनी मांदों में जा चुके थे। इसलिए गोलू वहां जमीन पर पड़ा सारी रात चिंघाड़ता रहा, लेकिन उसकी मदद के लिए कोई नहीं आया। सवेरे उधर से उड़ती जा रही गौरैया ने गोलू को जमीन पर पड़े कराहते देखा। उसने भाग कर दूसरे पक्षियों को बताया तो एक-एक कर के सारे पक्षी और जानवर वहां जुट आए। उनको देख कर गोलू रोने लगा। उनसे मदद के लिए गुहार लगाई।

'क्या भाई गोलू जी, तुम तो सुंदर वन के सबसे बलवान जानवर हो। हम छोटे लोग तुम्हारी भला क्या मदद कर सकते हैं?' चमकू गीदड़ हंसते हुए बोला।

'भाई मैं बहुत कष्ट में हूं। मेरी हंसी ना उड़ाओ। अपने घर का रास्ता भूल कर मैं इधर आ गया था। मेरे सारे शरीर में कांटे धंस गए हैं। बहुत दर्द हो रहा है। इन कांटों को निकालो, वरना मेरी जान चली जाएगी।' गोलू ने रोते-रोते विनती की। 'चलो-चलो। तुमने हम लोगों को बहुत परेशान किया है। अब अपने किए की सजा भुगतो तुम।' कल्लू लंगूर बोला। 'साथियों, चाहे जैसा भी हो, गोलू आखिर हमारे सुंदर वन परिवार का ही सदस्य है। इस मुसीबत में हमें इसकी मदद करनी चाहिए।' चुनकू हिरन ने वहां एकत्र जानवरों और पक्षियों से कहा। नेक दिल चुनकू सभी के सुख-दुःख में मदद किया करता था। इसलिए जंगल के सारे जानवर उसकी बहुत इज्जत करते थे। सभी पशु-पक्षी उसकी बात मान गए।

चिल्ह बाज, गिद्ध और कठफोड़वा आदि पक्षियों ने अपनी चोंच से खींच कर गोलू के शरीर में धंसे सारे कांटे निकाल दिए। उसके बाद बंदर, भालू, और गैंडे जैसे कई जानवरों ने गिरे पड़े गोलू को सहारा देकर खड़ा कर दिया। 'मैं अपने घर का रास्ता भूल गया हूं। अब घर कैसे जाऊंगा?' दर्द से कराहते गोलू ने कहा। 'परेशान न हो। मैं आगे-आगे उड़ता चल रहा हूं। तुम मेरे पीछे-पीछे आओ। मैं तुमको तुम्हारे घर तक पहुंचा दूंगा।' सामने डाल पर बैठा कबूतर बोला। गोलू ने सारे जानवरों को धन्यवाद दिया, अपनी शरारतों के लिए माफी मांगी और लंगड़ाता हुआ कबूतर के पीछे-पीछे चल पड़ा। *

कविता
दिनेश विजयवर्गीय



एआई इमेज

## चुहिया की कविता

चंपक वन से निकल रहा था
वन मंगल अखबार
भालू राम चुना गया था
संपादक इस बार।
चुहिया रानी एक दिन पहुंची
संपादक के पास
कुछ कविताएं मेरी भी ले लो
मैं लाई हूं खास।
देख के चुहिया की कविताएं
बोले भालूराम
चुहिया रानी कमी बहुत है
नहीं बनेगा काम।
नए विषय पर चिंतन करके
फिर से सृजन करना
शायद तब संभव हो पाए
उसका जल्दी छपना।

## रंग भरो-211

**रंग भरो-211** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






दिशा, बिलासपुर



आशना, जांजगीर



कुंजल, रायपुर



सुषमा, कोरबा



समर्थ, रायपुर



सानवी, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, कुसुम-भोपाल, प्रिया-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिव्या-करनाल, कशिश-बिलासपुर, प्रियांशी-कोरबा

## रंग भरो 212



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक लड़की पेपर क्राफ्ट्स बना रही है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, जी-65, बाली नगर, नई दिल्ली- 110015 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## जैकेट के शेष

0 जब आपने तय किया कि मुझे तो कथावाचन करना है, तो गुरु के तौर पर पिताजी ही विकल्प थे कि कई विकल्प थे, उनमें से पिताजी आपने चुने या पिताजी ने कहीं और जाने नहीं दिया तो आप पिताजी से ही सीखे?

00 नहीं, अध्ययन पिताजी ने नहीं कराया। मेरे से उन्होंने कहा कि, लाला, मुझसे तो नहीं पढ़ पाओगे तुम। मैं दुनिया के लोगों को पढ़ा लूंगा, पर अपने पुत्र को नहीं पढ़ा पाउंगा, तो फिर मैंने गुरुदेव से ही पढ़ा। तो हमारे शिव प्रसाद उपाध्याय जी गुरु जी मैंने ऐसे तो कई गुरुजनों से पढ़ा, शिवकरण पांडे जी और उसके बाद में व्यासनंदन गुरु जी, यह सब गुरु जी रहे।

0 लोग तो आपसे पढ़ने के लिए आते हैं, हजारों की संख्या में, लाखों की संख्या में लोग भक्ति भाव से, श्रद्धा भाव से आपके समक्ष नीचे बैठे रहते हैं।

00 पढ़ाने वाला अगर चाहता है कि वो देने वालों को और सुंदर दे सके, तो उसको स्वयं भी पढ़ना बंद नहीं करना चाहिए। और इसमें दूसरी बात यह आ जाती है कि जब आपका स्टारडम होने लगता है ना, तो आप उस आसमान में चले जाते हो कि वहां से फिर जब गिरते हैं तो नाक टूटती है। तो उस स्टारडम को संभालने के लिए, उस पॉपुलैरिटी को संभालने के लिए, आपको भी चाहिए कि आपके ऊपर कोई हो। अभी जेन-जी आ रहे हैं। मैं अभी इस समय को अगर छोड़कर कहीं और चला जाता हूं और उस पर ध्यान देने लगता हूं, तो बाद में दोबारा आऊंगा फिर सुनेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं है। तो इसको अभी कर लेते हैं।

0 नाना जी को भी देखते थे। और जब आप बैठे, तो किसकी छवि मन में रही कि जैसा वह बोलते हैं वैसा मैं बोलूं या जैसा वह बोलते हैं वैसा तो मैं बिल्कुल न बोलूं?

00 मैंने यह कभी सोचा ही नहीं कि मैं उनके जैसा बोलूं या उनकी तरह बोलूं या यह करूं। मेरे पास जो है, मैं उसको कैसा सुंदर बनाकर प्रस्तुत कर सकता हूँ, प्रयास किया। यह भी एक गुरु कृपा है। मेरे अंदर यह सदैव भाव पहले से ही रहा कि मेरे पास जो है, मैं उसको सुंदर बनाकर कैसे प्रस्तुत कर सकता हूं, मैं उसका प्रयास करूँ। मेरी आवाज ऐसी है, मेरे बोलने का तरीका ऐसा है, मेरा टोन ऐसा है मैं इससे कितना सुंदर बना सकता हूं। अब जैसे क्या होता है, जैसे रसोई में बनाने वाले शेफ होते हैं। उनको पता चल जाए कि उसने यह-यह डिश बनाई थी। अब मैं उसकी तरह बनाऊँ, तो शायद वह इतना स्वादिष्ट नहीं बनाएगा। उसका देख ले, देख करके फिर सोचे अब मेरी क्या खूबी है, मैं इसमें क्या अच्छा कर सकता हूँ, वह अपनी तरफ से करके देखे। तो मैं इस तरीके से प्रस्तुत करता हूँ। और रही बात मैंने पहले भी कहा कि मैं स्वयं एक साधक हूँ।

0 यह तो हुई आज की अनुभूति। पर कुल मिलाकर व्यक्ति किसी न किसी से प्रभावित रहता है। भागवत कथा के क्षेत्र में जब आप आए, तो कई बड़े नाम भी थे। डोंगरे जी महाराज का नाम जो है, भागवत कथा वाचक के तौर पर इस देश में एक अलग सम्मान को प्राप्त किया। फिर नए दौर में भी कई संत हैं जिनकी कथाओं को सुनने के लिए लोग तो जब इन्द्रेश जी व्यासपीठ पर बैठने का अवसर पाए, तो कोई मन में था? कोई विचार रहता था?

00 क्योंकि पहली कथा में वही सामने बैठे थे, तो मुझे लगता था कि कम से कम इतना तो करें कि इनकी इमेज अच्छी रहे, ये बिल्कुल ही वह न हो जाएं। दूसरा, मैं पूज्य मोरारी बापू और पूज्य भाईश्री और हमारे वृंदावन के पूज्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज। इन तीनों की कथा बहुत सुनता था। कभी-कभी जैसे मेरे को पढ़ता था ना, तो मुझे कोई विषय बोलना होता था, तो मैं भाईश्री की तरह बोलने लग जाता था। कभी मैं पिताजी की तरह प्रयास करता था गमछा-वमछा डालकर ऐसा। पर जब मैं स्वयं करने पर आया, तो फिर मेरे मन में आया कि अपना परोसें। अपना करें। हां, प्रारंभ में यह मेरी एक रहती थी कि मैं पिता अपने सामने एक रूम में एक मिरर (शीशा) लगाया, पिताजी की तरह बोलने लगा, कभी मलूक पीठ वाले महाराज जी की तरह गाने लगा, कभी बापू की तरह कहने लगा। लेकिन जब अपनी बात परोसने पर आए, तो फिर अपने तरीके से करने लगे।

0 भागवत के संदर्भ में आपकी क्या अनुभूति आई?

00 उसमें भक्त चरित्र हैं। कितने भक्तों ने कैसे ठाकुर जी को प्राप्त किया, वह सारा विषय उसमें स्पष्ट है। भागवत जी जो हैं, 'तेनेयं वाङ्मयी मूर्तिः' साक्षात कृष्ण ही हैं। एक-एक श्लोक, एक-एक स्कंध, एक-एक अध्याय ठाकुर जी का स्वरूप है। आप एक श्लोक में भी डूब सकते हैं और वह एक श्लोक भी भगवद् दर्शन करा सकता है। तो यह मेरी दृष्टि रहती है भागवत जी के प्रति कि संपूर्ण श्रीमद्भागवत जी... और एक हमारे यहां ब्रज में कहते हैं कि भागवत जी के जो सफेद पन्ने हैं, वह राधा रानी हैं और उस पर लिखे हुए जो काले श्लोक हैं, वह कृष्ण हैं। तो जब भी हम भागवत जी करते हैं, तो यही ऐसा लगता है साक्षात कृष्ण का दर्शन ही कर रहे हैं। उसी भाव से कथा कहते हैं। जब भागवत आप इतने मनोयोग से कहते हैं, इतनी अनुभूति के साथ में, तो कुल मिलाकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचे कि भागवत किसलिए है? हां न, यह तो निष्कर्ष पहले ही स्पष्ट हो चुका है।

0 आपकी अपनी अनुभूति क्या है?

00 मेरी अपनी अनुभूति यह कहती है कि यह मेरा अंतिम जन्म हो। वह अंतिम जन्म कैसे होगा, वह भागवत जी निश्चित कर लेंगी। भागवत जी में बताए गए मार्ग, भागवत जी में बताए गए विधान, भागवत जी में बताए गए नियम-कर्म, उनका यदि मैं पालन करूँ तो शायद यह मेरा अंतिम जन्म होगा। मुझे दोबारा धरती पर आना नहीं है। आद्य गुरु शंकराचार्य भगवान बोले हैं, पुनरपि जननं पुनरपि मरणं पुनरपि जननी जठरे शयनम, बार-बार जननी के जठर में मत आओ, ऐसा कर्म करो। पहले मेरा उद्देश्य दूसरा था कि मुझे ठाकुर जी को देखना है या ठाकुर जी का अनुभव करना है। कथा करते-करते मुझे वह अनुभव कथा में ही होने लग गया कि ठाकुर जी ऐसे हैं, ठाकुर जी वैसे हैं, उनकी आकृति ऐसी है, वे ऐसी कृपा करते हैं, तो वह सब मुझे अनुभव होने लगे। अब मेरा उद्देश्य हो गया कि नहीं, ठाकुर जी तो मिल ही जाएंगे बाद में, यह विश्वास हो गया। लेकिन यह जन्म अंतिम हो, यह निश्चित करना है। क्योंकि अभी जो दौर चल रहा है, इसके बाद अगर मैं जन्म लेता हूँ मान लीजिए 100 साल बाद, तो बहुत खतरनाक कलयुग होगा और मैं सह नहीं पाऊँगा। तो हे नाथ! यह मेरा अंतिम जन्म हो, मैं इसी उद्देश्य से कथा कर रहा हूं।

0 अपने यहां मुक्ति के संदर्भ में कई रास्ते बताए हैं। भक्ति के माध्यम से, कर्म के माध्यम से, ज्ञान के माध्यम से। आप तो स्वयं व्यासपीठ पर निरंतर आसीन होते हैं। कौन सा मार्ग वर्तमान दौर में आपको सबसे सहज, सरल महसूस हो रहा है?

00 मानवता का। आप भक्ति मार्ग में हैं, लेकिन मानव अच्छे नहीं हैं। किसी का भी हृदय दुखा देते हैं, छल कर देते हैं, कपट... वैसे तो भक्ति मार्ग में छल-कपट होने की इच्छा जाग्रत होती नहीं, पर फिर भी कई लोग मैंने देखे हैं अध्यात्म जगत में होते हुए भी उनका क्रोध शांत नहीं हुआ। अध्यात्म जगत में होते हुए भी नित्य संध्योपासन-तिलक स्वरूप धारण करने के बाद भी उनके मन के विकार शांत नहीं हुए। सब कुछ करने के बाद भी उनका व्यवहार अच्छा नहीं हुआ। तो भक्ति मार्ग तो है ही, ज्ञान मार्ग तो है ही, पर उसमें भी मुझे लगता है कि कई लोग शायद भक्ति नहीं जानते, कई लोग शायद ज्ञान नहीं जानते, लेकिन वे मानव अच्छे हैं।

0 मतलब आप कर्म की प्रधानता पर ज्यादा आग्रही हैं?

00 मतलब मुझे यह लगता है कि विचार और स्वभाव में व्यक्ति संकीर्ण नहीं होना चाहिए। वह विकसित बुद्धि का होना चाहिए। उसके अंदर बहुत ज़्यादा जो है सरलता, सहजता, दीनता और निष्कपटता अगर वह ऐसा है, तो मुझे लगता है कि वह मुक्ति प्राप्त कर लेगा। भाई ठाकुर जी को हम उस व्यक्ति को अपने पास बुलाना चाहते हैं न, कि जो व्यक्ति मतलब खुश-खुश रहता हो, प्रसन्न रहता हो, आनंद में रहता हो, मन-बुद्धि-चित्त से बिल्कुल प्रसन्न रहता हो। ठाकुर जी भी यही चाहते हैं, भाई अब तू भक्ति तो कर रहा है पर क्रोध तुझमें भयंकर है, कपट तुझमें भयंकर है, तू ज्ञान मार्ग में तो है लेकिन अब भी तुम्हारे मन का जो अहंकार है वह नष्ट नहीं हुआ है। लेकिन कोई व्यक्ति है, वह बिल्कुल भोंदू है, भोला है, सीधा है, सहज है, ठाकुर जी को शायद वह ज़्यादा प्रिय लगता होगा। इसलिए मुझे लगता है कि व्यवहार, स्वभाव, विचार इसमें संकीर्णता नहीं है तो आप मुक्ति के अधिकारी हैं।

0 कौन सी कथा ऐसी है जो आपको सर्वाधिक भाती है?

00 बात तो असली यह है कि जो प्रसंग मुझे बहुत भाता है, मैं उसको कथाओं में नहीं बोलता। मैं उसको अपने तक रखता हूं। अपने तक कैसे रखता हूं कि मैं स्वयं उसमें खेलता हूँ, रमता हूं, डूबता हूं।

# युवा पीढ़ी को ...



## पवन साय को ....

का जिम्मा दिया गया है। श्री साय पर राष्ट्रीय संगठन बहुत भरोसा करता है। बंगाल चुनाव के समय उन्हें वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया था। इनमें से ज्यादातर में भाजपा को जीत मिली थी। अब उन्हें झारखंड में भाजपा को जीत दिलाने की रणनीति बनाने का बड़ा जिम्मा दिया गया है।

## कौन हैं कर्मवीर ....

प्रदेश संगठन महामंत्री का जिम्मा दिया गया था। अब उन्हें छत्तीसगढ़ में संगठन महामंत्री बनाया गया है।

## कर्मवीर के अनुभव ....

नवनियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर को उनकी नियुक्ति पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी हैं। श्री देव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का आभार व्यक्त करते हुए कहा, कर्मवीर को छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने से राज्य में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूती तथा गतिशीलता मिलेगी।

## सौदान सिंह को तीन ....

तेलंगाना के लिए पार्टी का महासचिव (संगठन) बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि रवींद्र राजू को असम और त्रिपुरा के लिए, जबकि भिखूभाई दलसानिया को बिहार के लिए पार्टी महासचिव (संगठन) नियुक्त किया गया है। इसमें कहा गया है कि मानस मोहंती को ओडिशा के लिए, जबकि मंत्री श्रीनिवासुलु को पंजाब और चंडीगढ़ के लिए पार्टी का महासचिव (संगठन) बनाया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पवन साई भाजपा की झारखंड इकाई के महासचिव (संगठन), जबकि सिद्धार्थन हिमाचल प्रदेश इकाई के महासचिव (संगठन) के रूप में काम करेंगे। इसमें कहा गया है कि दशरथ भाजपा की तेलंगाना इकाई के संयुक्त महासचिव (संगठन) के तौर पर सेवाएं देंगे। विज्ञप्ति के मुताबिक, रत्नाकर गुजरात में भाजपा के महासचिव (संगठन), जबकि अरुण बिन्नाडी संयुक्त महासचिव (संगठन) का पद संभालेंगे। इसमें कहा गया है कि फणींद्रनाथ शर्मा को भाजपा की उत्तराखंड इकाई का महासचिव (संगठन) नियुक्त किया गया है।

## क्या हैं नए ....

मेल या लोकल ट्रेन के जनरल/स्लीपर क्लास अथवा बस द्वारा की गई यात्रा के वास्तविक टिकट प्रस्तुत करने पर किया जाएगा।

## झीरम घाटी हत्याकांड ....

साल पुराने झीरम घाटी हत्याकांड में जगदलपुर की विशेष एनआईए अदालत ने 16 सितंबर को सभी 10 दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने सजा पर फैसला सुनाया। इससे पहले 5 सितंबर को अदालत ने सुनवाई का सामना कर रहे सभी 10 आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा के निर्धारण के लिए 16 सितंबर की तारीख तय की गई थी। मामले में शुरूआत में 11 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई हुई थी।

## एनआईए ने पेश की थी ....

जिले के दरभा क्षेत्र की झीरम घाटी से गुजर रहा था। इसी दौरान घात लगाए माओवादियों ने काफिले को निशाना बनाया और भारी गोलीबारी की। एनआईए के रिकॉर्ड के अनुसार हमले में 29 लोगों की मौत हुई और 38 लोग घायल हुए। हमले के बाद हमलावरों द्वारा हथियार और अन्य सामान लूटे जाने की बात भी एनआईए के रिकॉर्ड में दर्ज है।

## महादेव सट्टे की ....

इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचते ही सीबीआई ने उसे दबोच लिया। सीबीआई को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अभिषेक ने बेटिंग पैनल को कोऑर्डिनेट करने, फंड इकट्ठा करने और गैर-कानूनी कामों से मिली कथित कमाई का इस्तेमाल कर दुबई में अचल संपत्ति खरीदने अहम भूमिका निभाई थी। तलाशी के दौरान अभिषेक के पास से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। सीबीआई के अफसरों ने आरोपी से मिली सामग्री को पहली नजर में महादेव बेटिंग ऐप के संचालन से जुड़े होने की आशंका जताई है। गिरफ्तार आरोपी सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और शुभम सोनी के साथ मिलकर काम करता था।

## सात रेड कार्नर, दो ....

प्रस्ताव भेजे गए हैं। वहीं, 2 आरोपियों के खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्रवाई चल रही है। अवैध ऑनलाइन सट्टा कारोबार में शामिल सभी आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के साथ अपराध से अर्जित रकम का पता लगाने की कार्रवाई जारी रखने की बात सीबीआई ने कही है।

## कोर्ट से मिली तीन ....

के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। महादेव सट्टा एप को लेकर राज्य के अलग-अलग थानों में 13 एफआईआर दर्ज हैं।

## चीन-यूएस को प्रतिद्वंद्वी ....

साथ ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शी जिनपिंग के स्वागत में करीब 100 फीट लंबा रेड कारपेट बिछाया गया और दो बी-1 बॉम्बर विमानों ने आसमान से दोनों नेताओं को सलामी दी।

## आज से थम जाएंगे ....

राउरकेला सेक्शन के बीच पांचवीं लाइन कमीशनिंग का कार्य शुरु हो रहा है। इस कार्य के लिए नॉन इंटरलाकिंग कार्य अलग-अलग चरणों में किया जाना है।

## पेज एक के शेष

### खाद-बीज की जांच के लिए गाजियाबाद ...

हो पाया है। इन मशीनों एवं उपकरणों को प्रयोगशालाओं में डंप कर दिया गया है, क्योंकि उर्वरक, बीज और कीटनाशक की जांच करने के लिए अभी तक विश्लेषकों और तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। इधर विभाग के उच्च अधिकारी का कहना है कि स्पेशल सेल का गठन कर कार्य किया जा रहा है। इन प्रयोगशालाओं में शीघ्र ही विश्लेषकों और तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति कर टेस्टिंग का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश में उर्वरक, रासायनिक कीटनाशक, बीज की गुणवत्ता की जांच के लिए कुछ जिलों में ही प्रयोगशालाएं है। इनमें जैव उर्वरक एवं जैव कीटनाशक की जांच के लिए एक भी प्रयोगशाला नहीं है, जिसके कारण इनके सैंपल की जांच के लिए उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद स्थित प्रयोगशाला भेजा जाता है। रिपोर्ट आने में कई महीने लग जाते हैं। इसके अलावा उर्वरक, रासायनिक कीटनाशक एवं बीज की गुणवत्ता की जांच के लिए भी रायपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव में ही प्रयोगशालाएं हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें भी रायपुर और रायगढ़ में विश्लेषकों और तकनीकी अधिकारियों के नहीं होने से कीटनाशक सैंपलों को जांच के लिए राजनांदगांव प्रयोगशाला भेजा जाता है, जिसके कारण इनकी रिपोर्ट आने में समय लग जाता है। इन दिक्कतों को देखते हुए ही रायपुर के तीन प्रयोगशाला सहित रायगढ़ और राजनांदगांव के लिए नई मशीन सहित अन्य उपकरणों की खरीदी की गई।

### योजना 10 साल पहले ...

सामने आया है। महालेखाकार (लेखापरीक्षा), छत्तीसगढ़ द्वारा जारी ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, 15वें वित्त आयोग की अनुदान राशि से लगभग 6.99 करोड़ की लागत से मुक्त डस्टबिन खरीदी और वितरण की स्वीकृतियां दी गई हैं, जो शासन के तय दिशानिर्देशों के विपरीत हैं। शासन के दिशा-निर्देशों की अनदेखी: लेखापरीक्षा दल ने अपनी टिप्पणी में स्पष्ट किया है कि विभाग स्वयं अपने ही बनाए नियमों का पालन कराने में असमर्थ दिख रहा है।

### राहुल बोले-चुनाव...

मुताबिक, उनके पास मौजूद जानकारी और सबूत इस बात को 100 प्रतिशत निश्चित करने के लिए पर्याप्त हैं कि भारतीय चुनावों में गड़बड़ी हुई है। उन्होंने विशेष रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों का जिक्र किया। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोगों के वोट की सुरक्षा करना आयोग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अगर वोट की व्यवस्था कमजोर होती है तो संविधान अपनी ताकत खो देता है।

## राशिफल

**मेष** आज आपका दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। नौकरी या व्यवसाय में कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है जो भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा।

**वृष** घरेलू जीवन सुखमय रहेगा, लेकिन जीवनसाथी के साथ छोटी-मोटी बात पर संवाद जरूरी है। नए लोगों से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

**मिथुन** आज बौद्धिक कार्यों में आपका दिमाग तेज चलेगा। कम्युनिकेशन स्किल्स का पूरा फायदा उठाएँ। नौकरी में प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिलने के योग हैं।

**कर्क** परिवार और माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन जल्दबाजी से बचें। प्रेम संबंध मजबूत होंगे।

**सिंह** आज आत्मविश्वास चरम पर रहेगा। नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करने का अच्छा दिन है। कार्यक्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है।

**कन्या** आज व्यवस्था और अनुशासन आपकी सफलता का आधार बनेगा। नौकरी या व्यापार में बाधाएँ दूर होंगी।छात्रों को पढ़ाई में एकाग्रता मिलेगी।

**तुला** आज रिश्तों और साझेदारी पर जोर रहेगा। जीवनसाथी या पार्टनर का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में टीम वर्क से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** आज गहन चिंतन और रहस्यमयी ऊर्जा आपको घेरेगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें, खासकर कमर और जोड़ों का।

**धनु** आज साहस और उत्साह से भरा दिन रहेगा। लंबी यात्रा या नया प्रोजेक्ट शुरू करने का शुभ समय है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों में रोमांस बढ़ेगा।

**मकर** आर्थिक मामलों में सुधार होगा। परिवार में माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा है, लक्ष्य स्पष्ट रखें। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कुंभ** कार्यक्षेत्र में बदलाव फायदेमंद साबित होगा। आर्थिक लाभ के योग हैं। परिवार के साथ समय बिताना सुखद रहेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाए रखें।

**मीन** कलात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन नींद पूरी लें। प्रेम संबंध गहरे होंगे। कार्यक्षेत्र में पुरानी समस्याएँ हल होंगी।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / 1089/ न.पा.प./ लो.नि.वि. / ई-टेण्डर / 2026-27 कवर्धा, दिनांक 23/09/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय (रूपये लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | System Tender No. 199969 Samudayik Bhawan nirman karya ward no. 18 Sant Ravidas mandir bhawan ke pas (I st call) | 16.95 | 15.10.2026 |
| 2 | System Tender No. 199971 Construction of Pathway & RCC work Near Sudha Vatika at ward No. 24 Kawardha (I st call) | 22.91 | 15.10.2026 |
| 3 | System Tender No. 199952 वार्ड क्रं. 01 से 09 तक (अध्यक्ष निधि, पार्षद निधि एवं मनोनित पार्षद (एल्डरमेन ) अंतर्गत) लघुमूलक निर्माण / मरम्मत संधारण कार्य (2nd call) | 49.00 | 09.10.2026 |
| 4 | System Tender No. 199973 Ward No. 01 to 13 Laghumulk (Sansad nidhi, vidhayak nidhi, jila Khanij Sansthan nyas mad & anya mad antargat) nirman karya (2nd call) | 49.00 | 09.10.2026 |
| 5 | System Tender No. 199974 Ward No. 14 to 27 Laghumulk (Sansad nidhi, vidhayak nidhi, jila Khanij Sansthan nyas mad & anya mad antargat) nirman karya karya (2nd call) | 49.00 | 09.10.2026 |
| 6 | System Tender No. 200031 Construction of Chowk at ward No. 09/10 (Making & Installation statue of Rani Durgawati, municipal council Kawardha) (1st Call) | 12.75 | 15.10.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद कवर्धा

**कार्यालय नगर पंचायत घुमका, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक / 551 / लो.नि.वि. / न.पं. / 2026-27 घुमका, दिनांक 24/09/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (2nd call)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पंचायत घुमका जिला - राजनांदगांव छ.ग. के निम्नलिखित कार्य का ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 200118 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत गीला एवं सूखा अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र हेतु | 49.12 | 24600.00 |

नियम एवं शर्तें:- उपरोक्त नियम व शर्तें विभागीय वेबसाईड eproc.cg state.gov .in से देखी जा सकती है। उक्त निविदा में संशोधन होने की स्थिति में विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में अपलोड की जावेगी जिसकी सूचना दैनिक सामाचार पत्र में पृथक से नहीं दी जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत घुमका
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक / 1096 / तक./ न.पा.परि./ 2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांक: 22/09/2026

मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना (पंचम)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों / एजेंसी / कंपनी से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि (रुपये लाख में) | निविदा प्रपत्र आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 13 में दुर्गा मंच से कम्पूनितिट भवन तक बी. टी. सड़क जीर्णोद्धार कार्य | 3.00 | 30.09.2026 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

पैसेंजर हॉल्ट में एजेंट की नियुक्ति

निविदा सं.- 2026/सी./को./पै.हा/III/आर. दिनांक: 24.09.2026

कार्य का नाम- अनारक्षित टिकिट जारी करनें के लिये दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे - रायपुर मंडल के अंतर्गत अभनपुर - कुरुद खण्ड के सिर्री और चटौद में पैसेन्जर हॉल्ट एजेंट की नियुक्ति बाबत् ।

01. आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय- दिनांक 05.10.2026 समय 12.00 बजे तक ।

02. आवेदन पेटी को खोलने की अंतिम तिथि एवं समय- दिनांक 05.10.2026 समय 12.30 बजे ।

आवेदन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/द.पू.म. रेलवे रायपुर को संबोधित सीलबंद लिफाफे में रखकर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डीआरएम कार्यालय संकुल, द.पू.म. रेलवे, निकट वाल्टेयर लेवल क्रासिंग गेट, आरवीएच कालोनी, रायपुर (छ.ग.) के कार्यालय में इस प्रयोजन हेतु रखी आवेदन पेटी में 05.10.2026 समय 12.00 बजे तक डाला जाना चाहिए ।

अधिक विवरण पात्रता मानदंडो एवं उपरोक्त कार्य हेतु पूर्ण विवरण के लिए हमारी वेबसाइट www.secr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध दस्तावेज देखें एवं डाउनलोड करें। इसके अतिरिक्त जानकारी हेतु, कृपया सीनि. डीसीएम/ एसईसीआर/रायपुर के कार्यालय में संपर्क करें ।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक)
पीआर/आर/सी.डीसीएम/एल्न/219 द.पू.म.रे./रायपुर

South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

निविदा सूचना

निविदा संख्याः 763-केबल शिफ्टिंग-बिलासपुर-झारसुगुड़ा, दिनांकः 10.09.2026

कार्य का नामः- एसईसी रेलवे के बिलासपुर डिवीजन में बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन के कार्य के संबंध में कई तरह के सिग्नल और टेलीकॉम के काम जैसे केबल ट्रेंचिंग और बिछाना, लोकेशन इरेक्शन और वायरिंग, अर्थिंग की आपूर्ति और स्थापना, एमएसडीएसी/फायर अलार्म सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना आदि का कार्य करना हैं।

निविदा मूल्यः- ₹ 8,67,64,503.85/- (आठ करोड़ सरसठ लाख चौंसठ हजार पाँच सौ तीन रुपए और पचासी पैसे मात्र), अमानत राशिः ₹ 17,35,300/- (₹ सत्रह लाख पैंतीस हजार तीन सौ मात्र ) । निविदा बन्द करने का समयः 16.00 बजे दिनांक 05.10.2026.

विस्तृत जानकारी/ई निविदा मे पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता निर्माण बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.IREPS.gov.in पर उपलब्ध हैं उससे डाउनलोड कर/देख सकते हैं ।

उप मुख्य सिग. एवं दूर. इंजी./निर्माण
सीपीआर/10/404 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**pnb Housing Finance Limited** Ghar Ki Baat

पंजीकृत. कार्यालय: 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 क.गां. मार्ग, नई दिल्ली - 110001, फ़ोन: 011-23357171, 23357172, 23705414 वेबसाइट:-www.pnbhousing.com

शा.का.रायपुर: तीसरी मंजिल, नीलय आइकॉनिक, 28/620, शंकर नगर, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़।

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अध्याय III की धारा 13(2) के अंतर्गत, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित, दिनांकानुसार संशोधित, के तहत जारी सूचना।

हम, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे आगे ''पीएनबीएचएफएल'' कहा गया है), ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (जिसे आगे ''अधिनियम'' कहा गया है) के अध्याय III की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है। यह नोटिस हमारे रायपुर कार्यालय, तीसरी मंजिल, नीलय आइकॉनिक, 28/620, शंकर नगर, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी किया गया है। उक्त मांग नोटिस हमारे अधिकृत अधिकारी के माध्यम से आप सभी नीचे उल्लिखित ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/जमानतदारों को जारी किया गया है, क्योंकि किश्तों/ब्याज के भुगतान न करने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक/राष्ट्रीय आवास बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आपके खाते को निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। नोटिस में मूलधन, ब्याज आदि की किश्तों के भुगतान में आपके द्वारा की गई चूक का विवरण है। बकाया राशि नीचे दी गई है। इसके अलावा, हम कारण सहित यह मानते हैं कि आप मांग नोटिस की तामील से बच रहे हैं और इसलिए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत आवश्यक यह मांग नोटिस प्रकाशित किया जा रहा है। आपको इस मांग नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर पीएनबीएचएफएल को उपरोक्त राशि ब्याज और प्रभार सहित भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा पीएनबीएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के सभी या किसी भी प्रावधान के तहत, ऋणधारकों व जमानतदारों की सभी या किसी एक या अधिक गिरवी संपत्तियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेगा, जिसमें ऋणधारकों व जमानतदारों की गिरवी संपत्तियां पर कब्जा करना भी शामिल है। कृपया वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर ध्यान दें, जिसके अंतर्गत आप सार्वजनिक नीलामी, निविदा आमंत्रण, जनता से निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना प्रकाशित होने की तिथि



# धनुष ने जेलर-2 की खातिर टाली 'ओम' की रिलीज...

**मुंबई।** धनुष ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया कि वह रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' और सूर्या की अपमिंग फिल्म 'सीन' के चलते अपनी फिल्म 'ओम' की रिलीज डेट आगे बढ़ा रहे हैं। फिल्म 15 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। धनुष ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म की रिलीज को पोस्टपोन करने की जानकारी दी। उन्होंने अपने इस फैसले को चुनौतीपूर्ण बताते हुए लिखा- 'ये ऐसा समय है,जब किसी फिल्म की रिलीज की तारीख में बदलाव करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। हमारे सुपरस्टार रजनीकांत सर, जिन्हें हम सभी दिल से पसंद करते हैं।

## लाइफ Style

# सामंथा

## प्रेग्नेंसी में पिकलबॉल खेलती आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं। 39 साल की एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी पारंपरिक गोद भराई सेरेमनी की फोटोज भी फैंस के साथ शेयर की थीं।

अब इस खास फेज में वो खुद को एक्टिव रखने की कोशिश कर रही हैं, जिसके लिए उन्होंने अपने रूटीन में पिकलबॉल को ऐड किया है। एक्ट्रेस जिम के बजाय पिकलबॉल कोर्ट पर अपने 51 साल के पति राज निदिमोरू के साथ खूब मस्ती करती नजर आई हैं। सामंथा ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें वह पूरे जोश के साथ गेम खेलती नजर आईं। प्रेग्नेंसी के दौरान सामंथा अपनी फिटनेस और रूटीन को लेकर लगातार अपडेट शेयर करती रही हैं। इससे पहले वह जिम में वर्कआउट करते हुए कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर चुकी हैं।

हालांकि, एक्ट्रेस ने साफ किया है कि इस दौरान वह अपनी लिमिट्स को पुश करने के बजाय अपनी बॉडी की जरूरतों को प्रायोरिटी दे रही हैं। अब उन्होंने अपनी फिटनेस रूटीन में पिकलबॉल को शामिल किया है और पति के साथ डबल्स मैच खेलती नजर आईं। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पिकलबॉल कोर्ट से एक वीडियो शेयर किया। इसमें वह राज निदिमोरू के साथ डबल्स मैच खेलती नजर आईं। सामंथा कोर्ट के पिछले हिस्से में थीं, जबकि राज आगे का हिस्सा संभालते दिखे।



## हॉलीवुड मसाला



# परफेक्ट बर्थडे वीक की दिखाई झलक

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर-एक्टर निक जोनस ने फैंस को अपने 'परफेक्ट बर्थडे वीक' की झलक दिखाई है। 16 सितंबर को वे 34 वर्ष के हुए। देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा ने पति का जन्मदिन भव्य स्तर पर मनाया। आयोजन में प्रियंका और बेटी मालती के अलावा परिवार के अन्य सदस्य और करीबी दोस्त भी शामिल रहे। प्रियंका चोपड़ा और परिवार ने सिंगर निक जोनस का डेस्टिनेशन बर्थडे सेलिब्रेट किया। सभी लोगों ने प्राइवेट जेट से यात्रा की। पार्टी हुई। मस्ती हुई और स्पोर्ट्स एक्टिविटीज भी की गईं।



# बेटी के पिता बने लॉटनर नाम में है खास बात

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्वाइलाइट' से चर्चा में आए अभिनेता टेलर लॉटनर और टेलर 'टे' लॉटनर ने अपनी बेटी के आगमन की सूचना फैंस के साथ शेयर कर दी है। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी बेटी के नाम की जानकारी भी पोस्ट के जरिए फैंस को दी। टेलर लॉटनर और टेलर 'टे' लॉटनर की इस पोस्ट में उन्होंने अपनी बेटी के नाम की घोषणा भी की। उन्होंने लिखा, 'हमारी बेटी को इस दुनिया में कदम रखे एक हफ्ता हो चुका है। लेनन टेलर लॉटनर 9.16.2026।'एक्टर की बेटी का मूल नाम लेनन है। इसके साथ ही एक्टर ने अपनी बेटी के नाम के आगे अपना नाम और सरनेम भी लगाया है। उनकी पत्नी भी अपने नाम के साथ एक्टर का मूल नाम जोड़ती हैं। हॉलीवुड अभिनेता टेलर लॉटनर और उनकी पत्नी ने अपनी पहली संतान बेटी का एक हफ्ते पहले स्वागत किया है।



# उड़ता तीर का ट्रेलर जारी आयुष्मान बना जासूस

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की अपकमिंग फिल्म 'उड़ता तीर' का धमाकेदार, मजेदार और धुआंधार ट्रेलर रिलीज हो चुका है। करीब 3 मिनट 18 सेकेंड के इस ट्रेलर में कॉमेडी के साथ एक्शन, रोमांच, देशभक्ति और वो सबकुछ है जिसके दम पर लोगों को सिनेमाघरों तक खूब खींचा जा सकता है। 'उड़ता तीर' 9 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिलहाल तो इस ट्रेलर ने जो गर्दा उड़ाया है उसी से इस बात का अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म दर्शकों को हंसाएगी भी और देशभक्ति वाले खून भी हर एक के शरीर में दौड़ाएगी। इस ट्रेलर में दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना एक पाकिस्तानी जासूस बनकर भारत पहुंचे हैं। ट्रेलर की शुरुआत एक डायलॉग से होती है जिसमें भारत में जासूस भेजने की तैयारी की बात कही जाती है।



# लव एंड वॉर से सामने आया फर्स्ट लुक

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' से रणबीर कपूर का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। नए अवतार में नजर आए रणबीर ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। फिल्म 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी। फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल जैसे बड़े सितारे पहली बार एक साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी को लेकर मेकर्स ने फिलहाल ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन पोस्टर और बैकग्राउंड म्यूजिक ने फिल्म को लेकर उत्सुकता जरूर बढ़ा दी है।'लव एंड वॉर' के फर्स्ट लुक पोस्टर में रणबीर कपूर का एक ऐसा अंदाज देखने को मिल रहा है, जिसे उनके फैंस ने पहले शायद ही देखा हो। उनके लुक में एक अलग तरह की गंभीरता और रुतबा नजर आ रहा है। पोस्टर से उनके किरदार की पूरी कहानी तो सामने नहीं आती।

## टीवी मसाला



# 26 साल की एक्ट्रेस की मां के किरदार में रश्मि

**नई दिल्ली।** 'सयोनी' में माया का किरदार निभाने के साथ रश्मि देसाई टीवी पर वापसी करने जा रही हैं, जिसे लेकर उन्होंने कहा- 'टेलीविजन मेरी मां है'। स्टार प्लस के शो 'सयोनी' से 40 वर्षीय एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने टेलीविजन फिक्शन में वापसी की है। 23 सितंबर को शो के प्रीमियर के मौके पर मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपने किरदार माया और टेलीविजन से अपने जुड़ाव के बारे में बात की, जिसमें उन्होंनें 14 साल छोटी 26 वर्षीय एक्ट्रेस की मां का किरदार निभाया है। शो का हिस्सा बनने की वजह पूछे जाने पर रश्मि ने मजाकिया अंदाज में कहा, '"मेरे ज्योतिषी ने कहा था, 'ये शो पकड़ लो, तुम्हारी लोकप्रियता तीन गुना बढ़ने वाली है।' माया के बारे में रश्मि देसाई ने कहा, 'माया बहुत व्यावहारिक महिला है। वह दुनिया को अलग नज़रिए से देखती है और मानती है कि औरतों और मर्दों में कोई फर्क नहीं होना चाहिए। कभी उस पर गुस्सा आएगा, तो कभी लगेगा कि उसकी बात भी सही है। आप माया से प्यार करें या उसे नापसंद करें, लेकिन उसे पर्दे पर देखना जरूर पसंद करेंगे। टेलीविजन मेरी मां है। मैंने तपस्या का किरदार निभाया, शोरवरी का किरदार निभाया और अब माया का किरदार निभा रही हूं। दर्शकों ने मुझे हमेशा बहुत प्यार दिया है। हर नए किरदार से उम्मीदें जुड़ी होती हैं, लेकिन मेरे लिए जमीन से जुड़े रहना सबसे जरूरी है।' सरगुन मेहता और रवि दुबे द्वारा निर्मित 'सयोनी' में जान्हवी सोनी, सानवी और गौतम सिंह विग, आदित्य की भूमिका में हैं। यह शो हर दिन शाम 7:30 बजे स्टार प्लस पर प्रसारित होता है और जियोहॉटस्टार पर भी उपलब्ध है।

## छपरियों को स्टार बनाता है बिग बॉस

**नई दिल्ली।** सलमान खान का शो बिग बॉस जो हमेशा विवादों से घिरा रहता है, इसके बाद भी इसकी टीआरपी सभी को पीछे छोड़ देती है। इस शो से हर रोज कुछ न कुछ मजेदार न्यूज आती रहती है। फिर वो चाहे शो के अंदर कंटेस्टेंट हो या फिर वीकेंड के वार में सलमान खान की क्लास. वो जब भी आते हैं तो नया मसाला मिल ही जाता है। सलमान खान के गुस्से से तो घर के सदस्य भी डरते हैं। लेकिन, सुनील पाल ने अब इस शो को लेकर के कुछ ऐसा बयान दिया है। जिसको सुनने के बाद सलमान खान और बिग बॉस के फैंस ने नाराजगी जताई है। बिग बॉस शो पर सवाल पूछे जाने पर सुनील पाल ने कहा, बिग बॉस का तो कोई भी बंदा ट्रोल का ही हकदार है। चाहे वो सलमान खान हो या बाकी पार्टिसिपेंट्स हो। क्योंकि, समाज जिनकी वजह से बिग लॉस में है, उन छपरियों को स्टार बनाया जाता है बिग बॉस में। मैं समझता हूं कि सलमान खान पिछले 17 सालों से जो संस्कारी शो कर रहे हैं बिग बास। भाईजान ये गटर शो पहले बंद कीजिए। क्योंकि, एक से बढ़कर एक कांड वाले लड़के, लड़कियां वहां पर आते हैं।



## पूजा मेरी जान का ट्रेलर रिलीज बुरी मुसीबत में फंसी मृणाल

**मुंबई।** फिल्म 'पूजा मेरी जान' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें एक ऐसी लड़की की कहानी की झलक दिखी है, जिसके प्रेमी ने अपनी जान ले ली है। मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'पूजा मेरी जान' 2 अक्टूबर ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। नवजोत गुलाटी की निर्देशन में बनी फिल्म में चैतन्य वियास, विक्रम चौहान और राजेश जैस भी हैं। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान और अमर कौशिक द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म एक ड्रामा है। यह दर्शकों को कुछ असहज सच का सामना कराने की कोशिश करती है। इसमें हुमा कुरैशी और विजय राज भी हैं। दो मिनट 18 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि पूजा (मृणाल ठाकुर) अपने एक करीबी दोस्त के रोमांटिक प्रस्ताव को ठुकरा देती है। इसके बाद वह खुदकुशी कर लेता है। इसके बाद परेशान करने वाली घटनाओं का एक सिलसिला शुरू हो जाता है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

Wanted- Required teachers for Physics, Chemistry, Biology, Commerce, History, Sociology, Political-Science and Economics. Candidate must be PG with B.Ed English Medium. Principal, Glorious School, Krishna Nagar Near Santoshi Nagar, Raipur. 8226078877, 7987357145.(आरो-213)

**सेल्समैन/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड, रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577 , 9425522576.(आरो-209)

**सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरो न.-4173)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में सेल्समैन एवं हेल्पर की आवश्यकता है। वेतनः 10,000/- संपर्कः हरिओम प्लास्टिक बैग हाउस पंडरी कपड़ा मार्केट, गेट नं. 8 के सामने, रायपुर मो: 7440784646, 9131348561.(आरो-338)

**ऑपरेटर/सेल्समैन**

आवश्यकता है- पंडरी स्थित मेंस वेयर क्लॉथ/ एथनिक शो- रूम में काम करने हेतु आवश्यकता है- 02 कंप्यूटर ऑपरेटर, 02 सेल्समैन, 02 मेल हेल्पर, 01 मेल मास्टर (ट्रायल लेने हेतु) सैलरी + इंसेंटिव। संपर्कः- 9039709007, 9009110300.(आरो- 7358)

**होटलकर्मी**

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) दिन /रात , पोस्ट - सफाई कर्मचारी, स्वीपर,बाई , वेटर,मैनेजर . आकर्षक वेतन रहना खाना फ्री, संपर्क -होटल अपना केशरी लॉज, पावर हाऊस ,भिलाई, मो.-98932-15251,89669-81590.( आरो-340)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**मार्केटिंग/कॉलिंग कार्य**

आवश्यकता है- पेंट, सीमेंट शोरूम में कार्य हेतु मार्केटिंग स्टाफ- टेली कॉलिंग, कलेक्शन पर्सन-की आवश्यकता है, आकर्षक वेतन योग्यतानुसार संपर्कः नरेश ट्रेडर्स, टाटीबंध रायपुर 9827163561.(आरो-meeth)

**हेल्पर**

आवश्यकता है- पृथ्वी इलेक्ट्रॉनिक टीवी फ्रिज वाशिंग मशीन की दुकान में कार्य करने हेतु हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें पृथ्वी इलेक्ट्रॉनिक्स आकाशगंगा सुपेला भिलाई मो . - 79878-16330.(आरो- 338)

**टर्नर/मशीनिस्ट**

आवश्यकता है- टर्नर, मशीनिस्ट, ग्राइंडरमेन 8 से 10 साल का अनुभव इंटरव्यू रविवार 27/9/26 भिलाई औद्योगिक के लिए , संपर्क 83599-02926.(आरो-336)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड Space Available for Ad. 6263818152

**छात्रावास**

छात्रों के लिए हॉस्टल चाहिए:- भिलाई कोहका कुरुद स्थित रूंगटा यूनिवर्सिटी को छात्रों के लिए 300 सीटर हॉस्टल/छात्रावास की आवश्यकता है। बस खड़े करने जगह और प्ले ग्राउंड प्राथमिकता। संपर्क करें:- 92291-55526, 92293-55500.(आरो-337)

**Property प्रापर्टी**

**फ्लैट**

फ्लैट बेचना है- मालवीय नगर एकता परिसर दुर्ग में लगभग 350 वर्ग फीट द्वितीय तल में बना 1bhk फ्लैट सर्वसुविधायुक्त बेचना है , मो.-9893094299. (आरो-339)

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से ठीक पीछे आवासीय या व्यावसायिक उपयोग हेतु 22000 वर्गफुट हॉस्पिटल, अपार्टमेंट, फ्लैट, रेस्टोरेंट के लिए उपयोगी टुकड़ों में या एकमुश्त बेचना है सम्पर्क करें 7898855268.(आरो-41750)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152


सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# महाकाल स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में 5.51 लाख मोदक का महाभोग



राज्यसभा सांसद बाल योगी संत उमेश नाथ महाराज ने पूजा की

## श्रद्धालुओं में बंटा प्रसाद

**उज्जैन।** श्रीमहाकालेश्वर मंदिर परिक्षेत्र स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में भगवान को 5 लाख 51 मोदक का भोग लगाया गया। भोग के बाद श्रद्धालुओं में मोदक का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद बालयोगी संत उमेशनाथ महाराज ने भी सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचकर पूजन-अर्चन किया। सप्तपुरियों में एक अवंतिका पूरी में पूर्व के महाकाल वन और वर्तमान के महाकाल मंदिर परिक्षेत्र स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में 12 दिवसीय गणेशोत्सव के दौरान मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश को 5 लाख 51 हजार मोदक का भोग लगाया गया।

# नकद या कार्ड से करनी होगी खरीदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपीआई लेन-देन पर 15 अक्टूबर से लागू होने वाले नए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) के विरोध में देशभर के व्यापारी संगठनों ने गांधी जयंती यानी 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' मनाने का ऐलान किया है। इस दिन व्यापारी यूपीआई से भुगतान नहीं लेंगे, इसलिए ग्राहकों को खरीदारी के लिए नकद या कार्ड का सहारा लेना होगा।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (एफएआईवीएम) और कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) जैसे प्रमुख संगठनों ने यह आह्वान किया है। कारोबारियों का कहना है कि यूपीआई ट्रांजैक्शन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाया जा रहा है, जबकि पेट्रोल-डीजल, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स और अनाज जैसे कारोबार

# 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' एमडीआर के विरोध में व्यापारी




**मांग नहीं मानी को क्यूआर कोड को पानी में बहा देंगे व्यापारी**

में मार्जिन पहले ही बहुत कम है। उनके मुताबिक यह नया शुल्क वित्तीय बोझ और बढ़ाएगा। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि 15 अक्टूबर से पहले फैसला वापस नहीं लिया गया, तो वे यूपीआई क्यूआर कोड मशीनों को पानी में बहा देंगे। विरोध की शुरुआत हो चुकी है। 23 सितंबर को मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहरों में करीब 125 व्यापारिक संगठनों ने 'नो यूपीआई डे' मनाया, जिससे राज्य में लगभग 25 प्रतिशत कारोबार प्रभावित हुआ। महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स (एमएसीसीआईए) के अध्यक्ष रवींद्र मंगवे के अनुसार, कई राज्यों के संगठन भी इस दिन को मनाएंगे। पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन भी आंदोलन के समर्थन में है। एमएसीसीआईए और उससे जुड़े 500 संगठन मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांगें रखने की तैयारी कर रहे हैं।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा की आमबहस में जेलेंस्की ने कहा

# 'भारत समेत 46 देशों के नागरिकों का जंग में इस्तेमाल कर रहा रूस'

एजेंसी ▶▶ संयुक्त राष्ट्र

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि रूस उनके देश के खिलाफ युद्ध में भारत और 40 से अधिक अन्य देशों के नागरिकों का इस्तेमाल कर रहा है तथा उन्होंने इन देशों से अपील की कि वे उन्हें 'इस युद्ध में घसीटने' से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को रोकें। जेलेंस्की ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र की आम बहस को संबोधित करते हुए कहा, 'और अभी मैं यूरोप से बात नहीं करना चाहता। मैं उन देशों से बात करना चाहता हूं, जिनके लोगों का रूस एक और बेहद क्रूर अभियान में इस्तेमाल करने की कोशिश कर सकता है।' उन्होंने कहा कि यूक्रेन को युद्धबंदियों के रूप में कई देशों



के नागरिक मिलते हैं और ये केवल उत्तर कोरिया के नागरिक नहीं हैं।

### मर रहे अन्य देशों के नागरिक भी

जेलेंस्की ने कहा, 'हम जानते हैं कि रूस अपने युद्ध में 47 देशों के नागरिकों का इस्तेमाल कर रहा है। इस युद्ध में घाना, नेपाल, ताजिकिस्तान, भारत, यमन, केन्या, जिम्बाब्वे, क्यूबा, बेलारूस, सूडान, दक्षिण अफ्रीका और कई अन्य देश शामिल हैं। और समय-समय पर हमें कुछ युद्धबंदियों को उनके देश वापस भेजने के अनुरोध मिलते हैं।' उन्होंने कहा कि यूक्रेन को पता है कि युद्ध में लड़ रहे अन्य देशों के नागरिक भी युद्ध के मैदान में मारे जा रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा, 'हम युद्ध के मैदान में ऐसे लोगों को भी मरते हुए देखते हैं, जो रूसी नहीं हैं, जो आपके देशों के लोग हैं, 47 देशों के लोग हैं और जो छल-कपट तथा चालों के जरिए रूस पहुंच गए।' उन्होंने इन 47 देशों के प्रत्येक प्रतिनिधि से सीधे अपील करते हुए कहा, 'आप जानते हैं कि रूस आपके लोगों, आपके नागरिकों के साथ क्या कर रहा है। उनका ध्यान रखें और उन्हें किसी दूसरे मोर्चे पर जाने से रोकें। (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन को आपको इस युद्ध में घसीटने न दें।

### मारे गए 51 भारतीय

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि भारतीय नागरिकों की रूसी सशस्त्र बलों में भर्ती का मुद्दा भारत और रूस के बीच 'विभिन्न स्तरों पर कई मौकों पर' उठाया गया है। मिस्री ने कहा था, 'पिछली बार तक हमारे पास 227 भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी थी, जिन्हें रूसी सेना में भर्ती किया गया था।' उन्होंने कहा था, 'इनमें से 139 भारतीय नागरिकों को सेना से मुक्त किए जाने की जानकारी हमें मिली है। और दुर्भाग्य से, हमारे पास अब तक 51 लोगों के मारे जाने की भी जानकारी है।' जबकि वर्तमान में देश के 2 दर्जन लोग रूसी सेना में तैनात हैं। इन सभी को सुरक्षित ढंग से देश वापस लाने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है। ज्ञात हो कि भारतीय लोग नौकरी का झांसा देने वाले भ्रामक समूहों के जाल में फंसकर रूस पहुंचते हैं। जिसके बाद उन्हें वहां सेना में भर्ती कर युद्धक्षेत्र में तैनात किए जाने की जानकारी सामने आई है।

### 140 करोड़ आबादी की पूरी होंगी जरूरतें: भारत

भारत ने हाल ही में अमेरिकी टैरिफ को लेकर अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क को साफ शब्दों में यह बता दिया है कि वह ऊर्जा उत्पादों की खरीद के लिए विश्व में मौजूद विविध स्रोतों की मदद लेगा। इस पूरी प्रक्रिया में सर्वोच्च प्राथमिकता देश के कुल 140 करोड़ नागरिकों के ऊर्जा हितों की पूर्ति और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा को हर हाल में बरकरार रखने को ही दी जाएगी।

### ऑस्ट्रेलिया पीएम अल्बनीज का दावा

# ओपनएआई के एआई एजेंट ने सरकारी वेबसाइट में लगाई सेंध

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि ओपनएआई द्वारा विकसित एक एआई एजेंट ने जून में सरकारी स्वास्थ्य डेटा पोर्टल में अनधिकृत तरीके से प्रवेश किया और वहां मौजूद कुछ फाइलों तक पहुंच बनाई। इसे सरकारी वेबसाइट में एआई एजेंट द्वारा सेंध लगाए जाने का पहला ज्ञात मामला बताया जा रहा है। पीएम एंथनी अल्बनीज ने बताया कि एआई एजेंट ने ऑस्ट्रेलिया की सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा व्यवस्था 'मेडीकेयर' के चिकित्सा आंकड़ों वाले पोर्टल तक अनधिकृत पहुंच बनाई। यह



पीएम अल्बनीज पत्रकारों से चर्चा करते हुए

एजेंट सार्वजनिक चिकित्सा खर्च से जुड़े आंकड़ों पर शोध कर रहा था। हालांकि, ओपनएआई ने कहा कि उसकी जांच में मरीजों के रिकॉर्ड तक पहुंचने का कोई सबूत नहीं मिला। अल्बनीज ने कहा कि उपलब्ध सबूतों के आधार पर सरकारी नेटवर्क में बड़े स्तर पर सेंध की जानकारी नहीं मिली है।

### सऊदी अरब पर फिर अटैक

# हूतियों ने फायर किए 6 बैलिस्टिक मिसाइल

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब पर गुरुवार को हूती विद्रोहियों ने फिर बड़ा हमला किया है। सऊदी अरब के सैन्य प्रवक्ता ने दावा किया कि यानबू पोर्ट और ताएफ शहर को निशाना बनाकर हूती विद्रोहियों ने 6 बैलिस्टिक मिसाइलें फायर कीं। सऊदी अरब के सैन्य प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि लाल सागर पर स्थित सऊदी अरब के यानबू बंदरगाह और दक्षिण-पश्चिमी शहर ताएफ को निशाना बनाने वाली छह बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर लिया गया है। उन्होंने इसके लिए पड़ोसी देश यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को जिम्मेदार ठहराया है।

### ग्लोबल मार्केट में बढ़ी चिंता

लाल सागर के अहम शिपिंग कॉरिडोर के पास हो रही लड़ाई ने ग्लोबल मार्केट की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि हूती ईरान के समर्थन से दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देश सऊदी अरब की घेराबंदी कर रहे हैं।

# 10 साल बाद सभी मामलों से भुजबल हुए बरी

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल को लगभग 10 सालों बाद उन पर लगे सभी मामलों से बरी कर कर दिया गया है। गुरुवार को भुजबल को कलिना लाइब्रेरी से जुड़े एसीबी के आखिरी मामले से भी बरी कर दिया गया। कलिना लाइब्रेरी से जुड़े एसीबी के जिस अंतिम मामले में भुजबल आरोपी थे, उससे उन्हें गुरुवार को बरी कर दिया गया। दरअसल महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल पर आरोप था कि उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी की कलिना में मौजूद एक अहम जमीन का टुकड़ा लाइब्रेरी बनाने के लिए सरकार को दिया था। इसे एसीबी ने गैर कानूनी बताया था। यह मामला 2009 का है।



### आईआईटी बॉम्बे सुसाइड केस

# 'न्याय दिलाने में करेंगे मदद' राहुल ने की साहिल के परिवार से बात

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे के परिजनों से बातचीत की है। छात्र साहिल ने पिछले हफ्ते आईआईटी पवई परिसर में कथित तौर पर आत्महत्या की थी। महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को जानकारी दी कि राहुल गांधी ने आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे के परिजनों से फोन पर बातचीत की है। राहुल ने पीड़ित परिवार को अपना समर्थन दिया है और न्याय दिलाने में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस मामले को लेकर गुरुवार को दोपहर में यूथ कांग्रेस एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेगी। इसमें साहिल वाकोडे मामले को लेकर आगे की रणनीति और आंदोलन की दिशा की घोषणा किए जाने की संभावना है। परीक्षा प्रशिक्षक और विभाग के प्रमुख ने छात्र से इस मामले पर बातचीत की थी।



### परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

साहिल की मौत के बाद उनके परिवार ने आईआईटी बॉम्बे प्रशासन और कुछ अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की जांच फिलहाल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच कर रही है। बता दें कि छात्र साहिल ने कथित तौर पर परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए पाए जाने के बाद आत्महत्या की थी। वह ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग में द्वितीय वर्ष का छात्र था। संस्थान के अनुसार, वाकोडे ने परीक्षा के दौरान चैटजीपीटी से सवालों का जवाब पाने की कोशिश की।

# दिल्ली में नाबालिग से रेप, 12 दिन में चौथा मामला आया सामने

नई दिल्ली। दिल्ली के वजीराबाद इलाके की एक होटल में नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। पुलिस के मु ता बि क , आरोपी और पीड़ित दोनों वजीराबाद के रहने वाले हैं। आरोपी ने सोशल मीडिया पर लड़की से दोस्ती की और मंगलवार को उसे होटल में बुलाया। घटना के बाद लड़की घर पहुंची और परिवार को पूरी बात बताई। इसके बाद परिवार ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराया और उसका बयान दर्ज किया। मेडिकल जांच और लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। दिल्ली में पिछले 12 दिनों में नाबालिग से रेप का यह चौथा मामला है।



### 'सेवा तीर्थ' में मंत्रियों को दिए सुझाव

# प्रधानमंत्री ने लिया कामकाज का ब्योरा, सुधार पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली स्थित सेवा तीर्थ कॉम्पलेक्स में केंद्र सरकार का चिंतन शिविर चला, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की। इसमें उन्होंने अपने कैबिनेट मंत्रियों के कामकाज की रिपोर्ट ली और हर मंत्रालय के काम की प्रेजेंटेशन देखी। पहले दिन शिविर में 'विकसित भारत 2047' का विजन पेश किया गया। शासन व्यवस्था में सुधार करने के तरीकों और सरकारी योजनाओं को जनता तक बेहतरीन तरीके से पहुंचाने के तरीकों पर चर्चा की। सियासी गलियारों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि चिंतन शिविर में अपने मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा करके प्रधानमंत्री मोदी कैबिनेट में फेरबदल कर सकते हैं।

### मंत्रियों से सवाल-जवाब भी किए

चिंतन शिविर करीब 4 घंटे तक चला, जिसमें सबसे पहले कैबिनेट मंत्रियों को अलग-अलग ग्रुपों में बांटा गया। फिर प्रधानमंत्री मोदी ने खुद हर ग्रुप के पास जाकर व्यक्तिगत संवाद किया और उनके कामकाज का ब्योरा लिया। मंत्रियों से पूछा गया कि शासन व्यवस्था को जनता के लिए सरल कैसे बनाएंगे? आर्थिक विकास को गति कैसे देंगे? सरकारी योजनाओं का लाभ युवाओं और महिलाओं तक कैसे पहुंचाएंगे? मंत्रालयों और विभागों ने उनके कामकाज और भविष्य के रोडमैप पर प्रेजेंटेशन दिया। मंत्रियों से सवाल जवाब भी किए।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**
**(प्रथम आमंत्रण निरस्तीकरण)**

सिस्टम निविदा क्र. 195800/ निविडा सूचना क्र. 16/ व.ले.लि./2026-27 दि. 22.07.2026
**कार्य का नाम - सुकमा जिले के नगर पालिका परिषद् सुकमा के वार्ड क्रमांक 03 में स्थित नकटी तालाब का जीर्णोद्धार एवं पार्क निर्माण कार्य**
**अनुमानित लागत** - रू. 406.98 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

उल्लेखित कार्य का निविदा आमंत्रण दिनांक 23.07.2026 को G-262700696 के माध्यम से समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। अतः उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, सुकमा
कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.

G-262703502/4

**छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर**
ब्लॉक-बी, सेक्टर-24, नवा रायपुर, अटल नगर
Tele fax- 2432151, 2432531
website-tbc.cg.nic.in, Email cgtbcraipur@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक- 03/ मुद्रण / /2026
रायपुर, दिनांक 24/09/2026

**शिक्षा सत्र 2027-28 पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण हेतु GEM/2026/B/8056409 जारी संबंधी सूचना**

छ.ग. पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा शिक्षा सत्र 2027-28 हेतु पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण हेतु ऑनलाईन जेम- निविदा क्रमांक GeM- Bid क्रमांक GEM/2026/B/8056409, Date 24.09.2026 आमंत्रित की जाती है। समस्त विवरण Govt. E Market Place (GeM) की वेबसाईट https://gem.gov.in में उपलब्ध है। **अंतिम तिथि-12 अक्टूबर 2026, समय 05.00** PM तक निर्धारित है।

निविदा संबंधी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी के लिए जेम पोर्टल का निरंतर अवलोकन करें।

**(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

S- 49156/1 **महाप्रबंधक**

**OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 249 दिनांक 19.08.2026 को कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि., संभाग सारंगढ़ का ज्ञाप क्र. 2260/व.ले.लि./2026-27 / दिनांक 07.09.2026 के द्वारा किये गये अनुशंसानुसार एवं एन.आई.टी. की अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग बिलासपुर
मण्डल, बिलासपुर

G-262703494/4

**STATE URBAN DEVELOPMENT AGENCY CHHATTISGARH**
4TH Floor, D Block, Indravati Bhavan (HOD Building), Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh, 492002
Phone- 0771-2222401 Fax 0771/2222409 Email: osd.suda@yahoo.com

**RFP Notice (2nd Call)**

**RFP Reference No.: PROJ-204/201/2026-SUDA (T M P F) SECTION / 407826-49**
**Nava Raipur Atal Nagar, Dated 21/09/2026**

The State Urban Development Agency (SUDA), Chhattisgarh hereby invites proposals in conformity with the RFP document from registered and authorized agencies having experience and expertise in the similar field of work as per the criteria mentioned in the RFP document as below:

| System Tender No. | Name of the Work | EMD | RFP Document Fee | Last date to download the RFP |
|---|---|---|---|---|
| 199814 | "Request for Proposal (RFP) for Development, Operation and Maintenance of Regional Sanitary Landfill Facilities for Bastar Division of Chhattisgarh on DBOT mode, Package IV (2nd Call)" | INR 5,00,000/- | INR 10,000/- | 07/10/2026 |

The details regarding conditions stipulated in the RFP, EMD, Key dates for submission, detailed RFP, RFP document and all the information related to the RFP can be viewed and downloaded from e-procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in or departmental website https://uad.cg.gov.in.

SD/-
Chief Executive Officer
State Urban Development Agency,
Nava Raipur Atal Nagar

S-49165/1

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना )**
**( प्रथम आमंत्रण)**

दुर्ग, दिनांक 18.09.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 08.10.2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. / सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 324/199636 | लोक निर्माण विभाग, संभाग दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न सड़को में रोड़ शेफ्टी कार्य। | 79.64 |
| 325/199638 | बेमेतरा संभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में रोड़ मार्किंग एवं सूचना पलक का कार्य। | 30.00 |
| 326/199639 | शासकीय कृषि प्रक्षेत्र मोहगांव साजा जिला - बेमेतरा में गोदाम भवन का निर्माण कार्य। | 20.00 |
| 327/199640 | लोक निर्माण विभाग, संभाग मोहला - मानपुर-अं. चौकी के जमा मद अंतर्गत गैर आवासीय एवं आवासीय संस्था में विभिन्न निर्माण कार्य। | 16.95 |
| 328/199641 | विकासखण्ड छुरिया, जिला राजनांदगांव के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया में सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 21.03 |

**टीप :-**
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

G-262703486/3

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/4395 Korba West, dtd. 23.09.2026
**(e-Bidding) TENDER NOTICE No. 1432/2026.**

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Rfx No. 8100054274** | Deployment of SUV for E.E. (CHP: EXT: MM), HTPS, Korba West. | **590/-** | **6,845/-** | **16.10.2026** |
| 2. | **Rfx No. 8100054353** | Procurement of day to day Consumable Electrical/ Lighting materials for S.E. (E&T-I, II, III) & S.E. (CHP: MM), HTPS, KW. | **590/-** | **9,780/-** | **15.10.2026** |
| 3. | **Rfx No. 8100054326** | Procurement of Digital Insulation Resistance Tester Kit (IR) of 5 KV range for CHP: Ext. and EMD-II, HTPS, Korba West. | **590/-** | **14,875/-** | **14.10.2026** |
| 4. | **Rfx No. 8100054374** | Procurement of CPVC pipes & fittings of various sizes for replacement of damaged pipelines installed in WT/ DM plant of 4x210 MW, HTPS, Korba West. | **590/-** | **10,935/-** | **15.10.2026** |

NOTE: - 1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website**https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. .2. Quantity as per tender schedule.3.**Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.
SUPERINTENDING ENGINEER (C)
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

**State Urban Development Agency, Chhattisgarh**
4th Floor, D Block, Indrawati Bhavan (HOD Building), Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh, 492002 Phone 0771-2222401 Fax 0771/2222409 Email: osd.suda@yahoo.com

**RFP Notice (2nd Call)**

**RFP Reference No.: PROJ-204/201/2026-SUDA (T M P F) SECTION / 407826-47**
**Nava Raipur Atal Nagar, Dated 21/09/2026**

The State Urban Development Agency (SUDA), Chhattisgarh hereby invites proposals in conformity with the RFP document from registered and authorized agencies having experience and expertise in the similar field of work as per the criteria mentioned in the RFP document as below:

| System Tender No. | Name of the Work | EMD | RFP Document Fee | Last date to download the RFP |
|---|---|---|---|---|
| 199810 | "Request for Proposal (RFP) for Development, Operation and Maintenance of Regional Sanitary Landfill Facilities for Durg Division of Chhattisgarh on DBOT mode, Package II (2nd Call)." | INR 5,00,000/- | INR 10,000/- | 07/10/2026 |

The details regarding conditions stipulated in the RFP, EMD, Key dates for submission, detailed RFP, RFP document and all the information related to the RFP can be viewed and downloaded from e-procurement portal **https://eproc.cgstate.gov.in** or departmental website **https://uad.cg.gov.in**.

SD/- Chief Executive Officer
State Urban Development Agency,
Nava Raipur Atal Nagar

S-49163/1

**छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर**

**:: नोटिस ::**

**क्रमांक 255** (Mis.)/ **दो-13-1/2026 बिलासपुर, दिनांक 23 सितम्बर 2026**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन क्रमांक 04/2026 दिनांक 09.07.2026 की नोट क्रमांक-01 के आलोक में **स्टाफ कार ड्राइवर तथा आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी** के रिक्त पदों की संख्या में निम्नानुसार वृद्धि करते हुए नवीन अभ्यर्थियों से उपरोक्त विज्ञापन में दी गई समस्त नियम/शर्तों के अनुरूप **दिनांक 30.09.2026 की संध्या 05:00 बजे तक** आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**Staff Car Driver**
**Vacancy increased from "17 Posts" to "20 Posts"**

| Category | Number of posts | Reserved for Divyang Persons |
|---|---|---|
| UR | 10 (Including 03 Women) | **Out of total vacancies, 02 posts reserved for Physical Disabled Persons. [Acid attack victim, Leprosy Cured]** |
| SC | 03 | |
| ST | 04 (Including 01 Women) | |
| OBC | 03 | |
| **Total** | **20 Posts** | |

**Contingency Paid EmployeeVacancy increased from "34 Posts" to "54 Posts"**

| Category | Number of posts | Reserved for Divyang Persons |
|---|---|---|
| UR | 26 (Including 07 Women) | **Out of total vacancies, 04 posts reserved for Physical Disabled Persons. [OA, OL, LV, HH, OH (Except Chowkidar), Acid attack victim, Dwarfism, Leprosy Cured, Autism]** |
| SC | 09 (Including 02 Women) | |
| ST | 11 (Including 03 Women) | |
| OBC | 08 (Including 02 Women) | |
| **Total** | **54 Posts** | |

**टीपः-** पूर्व में जिन अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये जा चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
**संलग्नः-** विज्ञापन क्र. 04/2026 दिनांक 09.07.2026 की छायाप्रति।

माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय के आदेशानुसार
सही/-
(रजनीश श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार जनरल

G-262703493/3

# 'स्टेटकॉन 2026' में 2047 के 'विकसित भारत' के लिए 'विकसित छत्तीसगढ़' का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के रियल एस्टेट सेक्टर को एक नई, आधुनिक और सुव्यवस्थित दिशा देने के उद्देश्य से रायपुर के मेफेयर लेक रिसॉर्ट में क्रेडाई छत्तीसगढ़ द्वारा 'स्टेटकॉन 2026' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस राज्य स्तरीय महासम्मेलन की मुख्य थीम 'बिल्डिंग विकसित छत्तीसगढ़ - टुगेदर टुवर्ड्स 2047' रखी गई थी।

- राज्य के समग्र विकास का रोडमैप किया तैयार

इस कार्यक्रम में शासन, प्रशासन, रियल एस्टेट डेवलपर्स और उद्योग जगत के शीर्ष नेतृत्व ने एक साझा मंच पर आकर राज्य के समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया। सम्मेलन के पहले सत्र 'रिफॉर्म्स टू रियलिटीः शेपिंग सीजीज़ ग्रोथ' में राज्य के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इनमें आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, छत्तीसगढ़ शासन की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा और सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक रमेश शर्मा शामिल रहे।

इस सत्र का संचालन क्रेडाई नेशनल के ईसी मेंबर आनंद सिंघानिया और क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी ने किया। इस परिचर्चा के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने क्रेडाई सदस्यों को राज्य के विकास के मद्देनज़र विभिन्न योजनाओं और रोडमैप पर संवाद (डायलॉग) के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण में क्रेडाई के साथ मिल कर काम करेगा और इस दिशा में पूरा मार्गदर्शन देगा।

## नए विकास मॉडल और भविष्य की नीतियों पर हुआ महामंथन

### क्रेडाई का विजन

दूसरे सत्र में क्रेडाई नेशनल के प्रेसिडेंट शेखर जी. पटेल और क्रेडाई नेशनल के प्रेसिडेंट-इलेक्ट जी. राम रेड्डी ने राज्य के शहरीकरण के लिए एक दूरगामी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। इस सत्र का संचालन क्रेडाई छत्तीसगढ़ के चेयरमैन मृणाल गोलछा और सदस्य विजय नाथानी ने किया। क्रेडाई के राष्ट्रीय नेतृत्व ने इस बात पर जोर दिया कि महानगरों के बेतहाशा विस्तार की गलतियों से बचते हुए, गुजरात और तेलंगाना जैसे राज्यों के सफल टाउन प्लानिंग व इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडलों को अपनाया जाए।

### इंडस्ट्रियल कोऑपरेशन

तीसरे सत्र में सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर कमल सारडा ने स्मार्ट और भविष्य के शहरों के निर्माण पर अपने विचार रखे। इस सत्र का संचालन क्रेडाई छत्तीसगढ़ के सदस्य निखिल धागट ने किया। इस चर्चा में सारडा के आध्यात्म यानी स्पिरिचुआलिटी और बिजनेस के बीच समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।



**सरकार का दृष्टिकोणः** 'बिल्डिंग विकसित छत्तीसगढ़' : कार्यक्रम के शाम के सत्र 'बिल्डिंग विकसित छत्तीसगढ़' में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए। उन्होंने 2047 तक 'विकसित भारत' के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने के क्रम में 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण, राज्य के बुनियादी ढांचे के विस्तार पर अपने विचार साझा किए।

**क्रेडाई छत्तीसगढ़ की प्रतिबद्धता :** इस अवसर पर राज्य के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी, चेयरमैन मृणाल गोलछा, सचिव अभिषेक बच्छावत, आईपीपी संजय रहेजा, कोषाध्यक्ष आयुष मोदी, प्रोग्राम चेयरमैन अशोक मूंदड़ा और प्रतीक केवलानी ने कहाः क्रेडाई छत्तीसगढ़ राज्य के समग्र विकास और 'विकसित छत्तीसगढ़' के विजन को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## खबर संक्षेप

### रुपया 23 पैसे कमजोर होकर 95.96 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपया बृहस्पतिवार को 23 पैसे कमजोर होकर 95.96 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली से भी रुपये पर दबाव पड़ा।

### स्विस कंपनी डेलविटेक तीन करोड़ डॉलर करेगी निवेश




**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए निरीक्षण समाधान उपलब्ध कराने वाली स्विट्जरलैंड की कंपनी डेलविटेक ने बेंगलुरु में विनिर्माण और प्रौद्योगिकी इकाई स्थापित करने के लिए तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 280 करोड़ रुपये) तक का निवेश करने की घोषणा की। दुनिया भर में सबसे बड़ी विनिर्माण इकाई होगी और इसके जनवरी 2027 तक शुरू होने की संभावना है।

### प्रणीथा अक्टूबर से शुरू करेगी केबल का उत्पादन



**नई दिल्ली।** गुजरात की तार एवं केबल विनिर्माता कंपनी प्रणीथा इकोकेबल्स लि. अक्टूबर से गुजरात के साणंद स्थित अपने संयंत्र में सौर केबल का उत्पादन शुरू करने की योजना बना रही है। कंपनी ने कहा कि उसने अपने नए कारखाने में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है और 20 सितंबर को बिना प्लास्टिक कवर वाले तांबे के तार की पहली खेप भेजी।

### फिजिक्सवाला दक्षिण भारत को अपना केंद्र बनाएगी

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला के संस्थापक एवं सीईओ अलख पांडेय कारोबार का विस्तार करने के लिए अगले दो साल तक अपना आधार दक्षिण भारत में स्थानांतरित करेंगे। इस दिशा में पहला कदम उठाते हुए फिजिक्सवाला ने मोहन बाबू विश्वविद्यालय के साथ पांच साल का समझौता किया है।

## एनपीसीआई के प्रमुख असबे ने यह बात कही

# यूपीआई लेनदेन के 10 प्रतिशत मूल्य पर ही उपभोक्ताओं से शुल्क लिए जाने का जोखिम

एजेंसी ⏭ मुंबई

यूपीआई लेनदेन के कुल मूल्य में से केवल करीब 10 प्रतिशत हिस्से पर ही प्रस्तावित 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) शुल्क का बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ने की आशंका है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप असबे ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। असबे ने '13वें एसबीआई बैंकिंग एवं अर्थशास्त्र सम्मेलन 2026' में कहा कि एमडीआर से मिलने वाली राशि का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा सालाना 1,000 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार करने वाले बड़े कारोबारियों से आएगा, जो पहले से ही क्रेडिट कार्ड स्वीकार करते हैं और काफी अधिक शुल्क का भुगतान करते हैं।




- एमडीआर का बोझ उपभोक्ताओं पर मात्र 10 फीसदी ही
- एमडीआर का 80 फीसदी हिस्सा बड़े कारोबारियों से आएगा
- बड़े कारोबारी पहले ही क्रेडिट कार्ड स्वीकार करते हैं

### यूपीआई लेनदन की संख्या करीब 96 प्रतिशत

यूपीआई प्रणाली का संचालन करने वाली एनपीसीआई के प्रमुख ने एमडीआर के संभावित असर पर कहा, ''उपभोक्ताओं से शुल्क लिए जाने का वास्तविक जोखिम कुल मूल्य का करीब 10 प्रतिशत है।''उन्होंने कहा कि यूपीआई लेनदेन की संख्या का करीब 96 प्रतिशत और कुल मूल्य का 75 प्रतिशत फिलहाल शुल्क के दायरे में आने की संभावना नहीं है।

### 2000 से अधिक पर एमडीआर शुल्क की घोषणा

सरकार ने पिछले सप्ताह 2,000 रुपये से अधिक राशि के यूपीआई भुगतान पर कारोबारियों से 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लेने की घोषणा की थी। यह शुल्क अधिकतम 300 रुपये तक होगा और 15 अक्टूबर से प्रभावी हो जाएगा। असबे ने कहा कि यूपीआई पारिस्थितिकी में करीब छह करोड़ सक्रिय व्यापारी हैं और इनमें करीब 75 प्रतिशत क्यूआर-कोड व्यापारियों को अबतक 2,000 रुपये से अधिक का एक भी लेनदेन नहीं मिला है।

### सुनिश्चित करना होगा की बोझ उपभोक्ताओं पर न पड़े

हालांकि, ऐसे कारोबारी पहले से ही क्रेडिट कार्ड शुल्क को अपने मूल्य निर्धारण में शामिल करते हैं और आम तौर पर यूपीआई भुगतान पर छूट नहीं देते हैं। ऐसे में उनसे यह शुल्क उपभोक्ताओं पर डालने की उम्मीद कम है। असबे ने कहा कि बाकी हिस्से में उपभोक्ताओं पर शुल्क डाले जाने की संभावना है और बैंकों, एनपीसीआई तथा भुगतान सेवा प्रदाताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना होगा कि शुल्क का बोझ उपभोक्ताओं पर न पड़े।

### पांच फीसदी राशि का कोष युवा उद्यमियों के लिए

असब ने बताया कि एमडीआर से मिलने वाली राशि का पांच प्रतिशत युवा उद्यमियों और मदद की जरूरत वाले क्षेत्रों के लिए बनाए जाने वाले कोष में डालने का प्रस्ताव है। एनपीसीआई इस कोष को तैयार करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य संबंधित पक्षों के साथ काम कर रहा है।

### कोष तीन साल में 3000 करोड़ पहुंच सकता है

प्रमुख ने कहा कि यह कोष तीन साल में करीब 3,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इसका इस्तेमाल छोटे कारोबारियों के बीच यूपीआई स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इसके तहत सैंडबॉक्स और अन्य भुगतान बुनियादी ढांचे की अधिक तैनाती को बढ़ावा दिया जाएगा।

# बैंक अगले कुछ माह में अतिरिक्त नकदी का इस्तेमाल कर सकते हैं

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर रोहित जैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंकों से अगले कुछ महीनों में विदेशी मुद्रा प्रवासी जमाओं से मिली अतिरिक्त नकदी का इस्तेमाल करने की उम्मीद है, क्योंकि त्योहारी मौसम में ऋण की मांग मजबूत रहने की संभावना है।

विशेष विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर-बी) जमा योजना के तहत बैंकों ने 133 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। भारतीय प्रवासियों से मिली मजबूत प्रतिक्रिया के बाद यह योजना निर्धारित समय से एक महीने पहले 31 अगस्त को बंद कर दी गई थी। जैन ने यहां 13वें एसबीआई बैंकिंग एवं इकॉनमिक्स कॉन्क्लेव से इतर कहा कि एफसीएनआर-बी के तहत धन आने के बाद आरबीआई ने बैंकों के साथ उनकी नकदी की स्थिति पर चर्चा के लिए बैठकें की हैं। उन्होंने कहा, ''आने वाले त्योहारी मौसम और ऋण की मजबूत मांग को देखते हुए बैंकों से अगले कुछ महीनों में एफसीएनआर-बी की नकदी का इस्तेमाल करने की उम्मीद है।''




- आरबीआई के डिप्टी गवर्नर जैन ने जताई उम्मीद
- त्योहारी मौसम में ऋण की मांग मजबूत रहने की संभावना

जैन ने कहा कि आरबीआई बैंकों को जुटाई गई राशि को किसी खास क्षेत्र में लगाने का निर्देश नहीं दे रहा है।

### अदला-बदली योजना 31 अगस्त को बंद की गई

आरबीआई ने एफसीएनआर-बी जमाओं, विदेशी मुद्रा में विदेशी उधारी (ओएफसीबी) और बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के लिए विशेष अमेरिकी डॉलर-रुपया विदेशी मुद्रा अदला-बदली सुविधा आठ जून, 2026 को शुरू की थी। एफसीएनआर-बी जमाओं के लिए यह योजना 31 अगस्त को बंद कर दी गई।

### विदेशी मुद्रा भंडार रखने वाला पांचवां सबसे बड़ा देश

एक परिचर्चा में जैन ने कहा कि भारत विदेशी मुद्रा भंडार रखने वाला दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार का प्रबंधन सुरक्षा, नकदी और प्रतिफल तीन प्रमुख बातों को ध्यान में रखकर किया जाता है।

# मारुति सुजुकी का मानेसर में पहला हाइड्रोजन संयंत्र शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की अग्रणी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को हरियाणा के मानेसर स्थित अपने संयंत्र में प्राय़ोगिक परियोजना के तौर पर स्थापित 300 किलोवाट क्षमता वाले हरित हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर संयंत्र को चालू करने की घोषणा की।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हिसाशी ताकेउची ने इस प्रायोगिक परियोजना के बारे में कहा कि कंपनी विभिन्न स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के जरिये विनिर्माण परिचालन में अपने कार्बन उत्सर्जन को मौजूदा 6.15 लाख टन से घटाकर वित्त वर्ष 2030-31 में 2.66 लाख टन करने का लक्ष्य रखती है। कंपनी ने कहा कि इस प्रायोगिक परियोजना से मिली सीख के आधार पर वह हरियाणा और गुजरात स्थित अपने विनिर्माण संयंत्रों में हरित हाइड्रोजन




प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल बढ़ाने की योजना बना रही है। ताकेउची ने कहा, ''हमारे 300 किलोवाट के हरित हाइड्रोजन संयंत्र का चालू होना भारत सरकार के हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप है। इसके साथ सौर ऊर्जा और बायोगैस के विस्तार तथा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों की स्थापना से स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा समाधान की ओर बढ़ने की हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है।

***हम अपनी क्षमताएं विकसित कर रहे***

*ताकेउची ने कहा, ''ऐसी पहल के जरिये हम आज अपनी क्षमताएं विकसित कर रहे हैं ताकि कल कम कार्बन और अधिक ऊर्जा-कुशल विनिर्माण परिवेश में योगदान दे सकें। मारुति सुजुकी विभिन्न हरित ऊर्जा समाधान को अपनाकर अपने विनिर्माण परिचालन में कार्बन उत्सर्जन कम करने के प्रयासों को आगे बढ़ा रही है।*

### अमेजन रिटेल का घाटा बढ़कर 1,158.3 करोड़




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन रिटेल का शुद्ध घाटा वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 1,158.3 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों के आधार पर यह जानकारी दी। अमेजन नाउ और अमेजन फ्रेश का संचालन करने वाली अमेजन रिटेल को वित्त वर्ष 2024-25 में 394.2 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। दस्तावेजों के अनुसार, घाटे में बढ़ोतरी मुख्य रूप से माल की लागत में वृद्धि के कारण हुई। वित्त वर्ष 2025-26 में माल की लागत 64 प्रतिशत बढ़कर 2,887.9 करोड़ रुपये हो गई। जो कंपनी के राजस्व का करीब 94 प्रतिशत है।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक देगा यूपीआई की सुविधा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह संबंधी अपनी भुगतान व्यवस्था का एकीकरण पूरा कर लिया है। इससे देशभर के करदाता विभिन्न डिजिटल एवं भौतिक माध्यमों से प्रत्यक्ष कर का भुगतान कर सकेंगे। प्रत्यक्ष कर संग्रह के लिए अधिकृत निजी क्षेत्र के बैंकों में शामिल है और करदाताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने डिजिटल भुगतान ढांचे को मजबूत कर रहा है। करदाता भुगतान के लिए यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की खुदरा तथा कारोबारी इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऑफलाइन भुगतान की सुविधा चाहने वाले करदाता बैंक की किसी भी शाखा में जाकर चेक, बैंक ड्राफ्ट या नकद के जरिये कर का भुगतान कर सकते हैं।

# नवितास सोलर पांच साल में 10,000 करोड़ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** नवितास सोलर ने गुजरात और महाराष्ट्र में एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा तंत्र विकसित करने के लिए अगले पांच साल में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि प्रस्तावित निवेश से सौर ऊर्जा की पूरी मूल्य श्रृंखला में विस्तार किया जाएगा। इसमें इंगोट, वेफर, उच्च दक्षता वाले सौर सेल और मॉड्यूल के साथ बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) तथा नवीकरणीय बिजली उत्पादन शामिल हैं। विस्तार के तहत नवितास सोलर गुजरात के सिसोदरा में 2.4 गीगावाट क्षमता का सौर सेल विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रही है।



## छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कार्यालय - बालोद वनमंडल बालोद
## काष्ठागार डिपो बालोद का ई-ऑक्शन का संक्षिप्त सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि बालोद वनमंडल के शासकीय काष्ठागार एवं विभिन्न डिपो में संग्रहित इमारती, जलाऊ काष्ठ एवं बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवे। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार डिपो, बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम तिथि - 12/10/2026, समय - प्रातः 09:00 बजे से**

| नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | प्रजाति | नयी काष्ठ | | | गत् अविक्रित काष्ठ | | | कुल योग | | |
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 2.038 | 13 | 2 | 417.572 | 1250 | 1495 | 419.610 | 1263 | 1497 |
| 2 | बीजा | 6.636 | 17 | 0 | 152.092 | 7 | 3 | 158.728 | 24 | 3 |
| 3 | साजा | 19.794 | 155 | 0 | 74.197 | 14 | 1 | 93.946 | 169 | 1 |
| 4 | कसही | 2.011 | 0 | 0 | 19.838 | 0 | 0 | 21.849 | 0 | 0 |
| 5 | हल्दू | 0.634 | 22 | 0 | 12.352 | 1 | 0 | 12.986 | 23 | 0 |
| 6 | मुण्डी | 1.251 | 0 | 0 | 8.348 | 0 | 0 | 9.599 | 0 | 0 |
| 7 | धाठा | 2.483 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 2.483 | 0 | 0 |
| 8 | धावड़ा | 6.121 | 24 | 54 | 26.106 | 1 | 0 | 32.227 | 25 | 54 |
| 9 | आम | 0.000 | 0 | 0 | 3.632 | 0 | 0 | 3.632 | 0 | 0 |
| 10 | ईमली | 0.000 | 0 | 0 | 0.328 | 0 | 0 | 0.328 | 0 | 0 |
| 11 | करही | 0.000 | 0 | 0 | 0.697 | 0 | 0 | 0.697 | 0 | 0 |
| 12 | कर्रा | 30.479 | 1037 | 0 | 77.477 | 2 | 0 | 107.956 | 1039 | 0 |
| 13 | महुआ | 0.000 | 0 | 0 | 0.122 | 0 | 0 | 0.122 | 0 | 0 |
| 14 | नीम | 0.608 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.608 | 0 | 0 |
| 15 | सेम्हर | 0.209 | 0 | 0 | 0.702 | 2 | 0 | 0.911 | 2 | 0 |
| 16 | सिरस | 0.000 | 0 | 0 | 2.086 | 0 | 0 | 2.086 | 0 | 0 |
| 17 | तेन्दू | 0.359 | 0 | 0 | 6.508 | 0 | 0 | 6.867 | 0 | 0 |
| 18 | भिरहा | 1.282 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 1.282 | 0 | 0 |
| 19 | खम्हार | 0.309 | 3 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.309 | 3 | 0 |
| 20 | किरगी | 2.979 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 2.979 | 0 | 0 |
| 21 | बबूल | 1.838 | 1 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 1.838 | 1 | 0 |
| 22 | कहुआ | 5.388 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 5.388 | 0 | 0 |
| 23 | मोढ़े | 1.506 | 2 | 0 | 0.508 | 1 | 1 | 2.014 | 3 | 1 |
| 24 | अन्य | 22.059 | 415 | 0 | 11.731 | 174 | 23 | 33.790 | 589 | 23 |
| | योग :- | 107.939 | 1689 | 56 | 814.296 | 1452 | 1523 | 922.235 | 3141 | 1579 |
| 25 | जलाऊ चट्टा | - | | | 01 चट्टा | | | 01 चट्टा | | |
| 26 | व्यापारिक बांस | - | | | 53446 नग = 130.770 नो.टन. | | | 53446 नग = 130.770 नो.टन. | | |
| 27 | औद्योगिक बांस | - | | | 6076 बंडल = 58.505 नो.टन. | | | 6076 बंडल = 58.505 नो.टन. | | |

टीप :- 1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकंड का समय प्राप्त होगा।
5. क्रेताओं के आधार कार्ड एवं पेनकार्ड लिंक होना चाहिये

**वनमंडलाधिकारी**
**बालोद वनमंडल बालोद (छ.ग.)**

G-262703501/4

# भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश सात प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- निवेश इस साल बढ़कर 10 .3 अरब डॉलर पर
- निवेश सौदों की संख्या में 38 प्रतिशत की गिरावट

जनवरी-सितंबर 2026 के दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 10.3 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, निवेश सौदों की संख्या में 38 प्रतिशत की गिरावट आई और निवेश का रुझान बड़े आकार वाले सौदों की तरफ केंद्रित रहा।

आंकड़ा विश्लेषण मंच 'ट्रैक्सन' की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एक साल पहले की समान अवधि में 9.7 अरब डॉलर का निवेश आया था जबकि 2024 की इसी अवधि में 10 अरब डॉलर का निवेश हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-सितंबर, 2026 में निवेश सौदों की संख्या घटकर 1,134 रह गई, जो एक साल पहले 1,838 थी। इससे संख्या में कम लेकिन बड़े आकार वाले सौदों की ओर निवेश के रुझान का संकेत मिलता है। रिपोर्ट में एक जनवरी से 21 सितंबर तक के शेयर आधारित वित्तपोषण आंकड़ों को शामिल किया गया है। इसके मुताबिक, भारत 10.3 अरब डॉलर के साथ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सबसे अधिक वित्तपोषण पाने के मामले में पांचवें स्थान पर बना रहा। अमेरिका 444 अरब डॉलर के साथ सबसे आगे रहा।

## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)

### e-Procurement Tender Notice

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT NO : 349/AM2/RMC/2026 RAIPUR, DATED : 21.09.2026

Online bids are invited for the following works of works up to 15.10.2026 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work | Probable Amount of contract | Cost of Tender form | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractors /firm | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 200038 | Rejuvenation of Water body including ecological restoration and public amentites with Five (05) years Operation & Maintenance in Shitla Talab, Raipur Chhattisgarh under AMRUT 20 | Rs. 377.51/- Lakh (including 5 years O&M Cost) Construction cost- Rs. 356.10/- Lakh 5 years O&M cost- Rs. 21.41/- Lakh | 3000/- | Rs. 1.89/- Lakh | Class B and Above | Construction Period- 10 months (including rainy season) and 03 (three) months of trial run From the Date of Issuing of Work Order O&M Period 05 Year (From the Date of Issuing of Completion Certificate |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 22.09.2026, 17.30 Hours. (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**NOTE :**
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement Portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.
4. Mobile number- 8878161768

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**EXECUTIVE ENGINEER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

# भारत को चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में रजत, सीमा ने 10 हजार मीटर में कांस्य जीता




एजेंसी ▶▶| नागोया

भारत ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में रजत पदक जीता जबकि सीमा कुमारी ने महिलाओं की 10 हजार मीटर दौड़ के फाइनल में देश को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाया। पूवम्मा राजू, विशाल थेन्नारासु, विथ्या रामराज और मनु टीएस की चौकड़ी ने तीन मिनट 14.46 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। इसके साथ ही भारत ने 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में जीता अपना रजत पदक बरकरार रखा। विथ्या रामराज ने अंतिम चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बहरीन ने तीन मिनट 12.87 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।



## सीमा ने खत्म किया 16 साल का सूखा

महिलाओं की 10 हजार मीटर स्पर्धा में सीमा ने 32 मिनट 50.05 सेकेंड का समय निकाला। सीमा ने कड़े मुकाबले में 16 साल के अंतराल के बाद इस स्पर्धा में भारत को पदक दिलाया। एशियाई खेलों की इस स्पर्धा में यह भारत का अब तक का केवल तीसरा पदक है।

# रोशिबिना देवी ने वुशु में जीता रजत लगातार तीसरी बार हासिल किया पदक

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय टीम में शुरुआती तौर पर जगह नहीं मिलने के बावजूद किस्मत ने रोशिबिना देवी का साथ दिया और मणिपुर की 25 वर्षीय वुशु खिलाड़ी ने बृहस्पतिवार को महिलाओं की 60 किग्रा 'सांडा' स्पर्धा में रजत पदक जीतकर लगातार तीसरे एशियाई खेलों में पदक हासिल किया।

फाइनल में उन्हें चीन की झांग शियाओयू से हार का सामना करना पड़ा। पिछले एशियाई खेलों में रजत और 2018 के खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली रोशिबिना ने 2026 के खेलों में भी रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया।



## ऐसा रहा रोमांचक मुकाबला

'आइची प्रीफेक्चरल मार्शल आर्ट्स हॉल' में हुए फाइनल में रोशिबिना को 0-2 से हार मिली। दोनों दो मिनट के राउंड में पांचों जज ने एकमत से चीनी खिलाड़ी के पक्ष में 5-0 का फैसला दिया। झांग ने पहले राउंड में दबदबा बनाया जिस पर पांचों जजों ने उन्हें क्रमशः 6-2, 6-3, 6-2, 6-2 और 8-2 से बढ़त दी। दूसरे और अंतिम राउंड में भी चीन की खिलाड़ी का प्रदर्शन बेहतर रहा। पांचों जजों ने उन्हें 10-2, 8-3, 7-3, 7-3 और 6-1 से विजेता माना।

## अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

'सांडा' के अन्य खिलाड़ियों में पुरुषों के 56 किग्रा वर्ग में आर्यन क्वार्टर फाइनल में हार गए, जबकि महिलाओं के 52 किग्रा वर्ग में अपर्णा को प्री-क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के 75 किग्रा वर्ग में विक्रांत बालियान अपने शुरुआती मुकाबले में ही हार गए। भारत के 'ताओलू' खिलाड़ी भी पदक दौर तक नहीं पहुंच सके। महिलाओं की 'नानक्वान और नानदाओ' स्पर्धाओं में लांगलेंतोम्बी देवी हंजाबाम ने कुल 18.839 अंक के साथ नौवां स्थान हासिल किया। नयेमान वांगसू ने महिलाओं की 'चांगक्वान' स्पर्धा में 9.573 अंक के साथ 15वां स्थान हासिल किया। पुरुषों की 'चांगक्वान' स्पर्धा के फाइनल में सूरज सिंह मायांगलामबाम कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 11वें स्थान पर रहे।



## अनंत और परिनाज को मिश्रित टीम स्कीट में मिला कांस्य पदक

नागोया। भारत के अनंत जीत सिंह नरुका और परिनाज धालीवाल ने बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों में मिश्रित टीम स्कीट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी फ़ाइनल में 44 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने छह सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। पहली सीरीज के बाद उनका स्कोर सात था, जो बढ़कर 14, 21, 29, 36 और आख़िर में 44 हो गया। अनंत जीत और परिनाज ने क्वालीफिकेशन दौर में कुल 138 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल करके फाइनल में जगह बनाई थी। इस कांस्य पदक के साथ एशियाई खेलों में भारत के निशानेबाजी पदक की संख्या आठ हो गई है। इसमें चार रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। इससे पहले बुधवार को भारत की पुरुष और महिला स्कीट निशानेबाजी टीमों ने आइची प्रांतीय निशानेबाजी गैलरी में दो कांस्य पदक जीते थे।

## खबर संक्षेप



### भारतीय पुरुष कबड्डी टीम सेमीफाइनल में

नागोया। गत चैंपियन भारत ने चीनी ताइपे को 37-21 से हराकर बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की पुरुष कबड्डी स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यह ग्रुप चरण में भारत की लगातार चौथी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने दक्षिण कोरिया, जापान और बांग्लादेश को हराया था। इस तरह भारत ने ग्रुप चरण में अपने सभी मुकाबले जीतकर कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया।

### पारितोष पूयो पूयो स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में

नागोया। भारत के पारितोष ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की पूयो पूयो चैंपियंस ईस्पोर्ट्स स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वह ग्रुप बी में दो जीत और दो हार के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पदार्पण कर रहे पारितोष ने अपने अभियान की शुरुआत मंगोलिया के मुंखजोरिग गनबोल्ड पर 3-0 की जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने सिंगापुर के कोह मुन जून जस्टिन को 3-2 से हराया। पूयो पूयो एक पहेली आधारित वीडियो गेम है। हालांकि पारितोष को चीनी ताइपे के जू आंग कुओ के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

# सतनाम-सलमान की जोड़ी ने पुरुष युगल स्कल्स स्पर्धा में जीता कांस्य

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय रोवर सतनाम सिंह और सलमान खान ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुष युगल स्कल्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी 1,500 मीटर तक दूसरे स्थान पर रही लेकिन आखिरी 500 मीटर में वह तीसरे स्थान पर खिसक गई। दोनों ने 'नागरागावा इंटरनेशनल रेगाटा कोर्स' पर छह मिनट 13.25 सेकेंड का समय लिया। चीन के यी शूडी और यीदे नी ने छह मिनट 09.37 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। उज्बेकिस्तान के पावेल सोरिन और मेखरोजबेक मामातकुलोव ने छह मिनट 10.49 सेकेंड में रेस पूरी कर रजत पदक हासिल किया। भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक विजेताओं से 3.88 सेकेंड पीछे रही। सतनाम ने इससे पहले हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था।



## एक और पदक से चूका भारत

इससे पहले भारत रोइंग में एक और पदक से मामूली अंतर से चूक गया। बलराज पंवार पुरुष सिंगल स्कल्स के फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने छह मिनट 54.80 सेकंड का समय लिया। पंवार 500, 1,000 और 1,500 मीटर तक दूसरे स्थान पर बने हुए थे लेकिन अंतिम 500 मीटर में वह फिसलकर चौथे स्थान पर पहुंच गए। चीन के देंग झीवेई ने छह मिनट 38.98 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पंवार स्वर्ण पदक विजेता से 15.82 सेकंड पीछे रहे।

## टेबल टेनिस में भारतीय महिला जोड़ी अंतिम-16 में

नागोया। श्रीजा अकुला और सिंड्रेला दास तथा यशस्विनी घोरपड़े और दीया चिताले की भारतीय महिला युगल जोड़ियों ने बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा में अपने-अपने मुकाबले आसानी से जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। श्रीजा और सिंड्रेला ने दूसरे दौर के मुकाबले में मंगोलिया की बुरेनजारगल संजा और बोलोर-एरदेने बातमुंख को 3-0 से हराया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला 11-5, 11-4, 12-10 से अपने नाम किया। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआती दोनों गेम आसानी से जीत लिए, लेकिन तीसरे गेम में उन्हें कड़ी चुनौती मिली। उन्होंने हालांकि संयम बनाए रखा और 12-10 से गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। श्रीजा और सिंड्रेला का सामना अंतिम-16 के मुकाबले में चीन की कुआई मान और वांग मन्यु की मजबूत जोड़ी से होगा। वहीं प्री-क्वार्टर फाइनल में यशस्विनी और दीया का सामना चीन की फैन शुहान और चेन यी की जोड़ी से होगा।

# दिलप्रीत की हैट्रिक से भारत ने कोरिया को 8-2 से हराया

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

दिलप्रीत सिंह की हैट्रिक के दम पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया को 8-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली। पूल ए में शीर्ष पर काबिज भारत ने इससे पहले इंडोनेशिया को 13-1 और श्रीलंका को 16-1 से हराया था। अब भारत का सामना 26 सितंबर को जापान से होगा। भारत के लिये दिलप्रीत सिंह (10वां, 26वां और 32वां) ने तीन और फॉरवर्ड अभिषेक (15वां और 38वां मिनट) ने दो गोल किये जबकि शिलानंद लाकड़ा (चौथा), सुखजीत सिंह (दसवां), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (11वां) और राजिंदर सिंह (60वां) ने एक एक गोल दागा। कोरिया के लिये किम जाएहो (42वां) और किम योंगबोक (52वां) ने गोल किये।



# स्क्वॉश : अनाहत-तन्वी क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| नागोया

अनाहत सिंह, तन्वी खन्ना, अभय सिंह और वीर चोटरानी ने एशियाई खेलों की स्क्वॉश स्पर्धा के एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

जूनियर विश्व चैंपियन और पदक की दावेदार अनाहत ने महिला एकल में सिंगापुर की वाई इयिन औ येओंग को महज 19 मिनट में 3-0 (11-4, 11-5, 11-7) से हराकर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद तन्वी ने भी सिंगापुर की वाई यान औ येओंग को 39 मिनट में 3-1 (5-11, 11-4, 11-5, 13-11) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इन नतीजों के साथ महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में अनाहत और तन्वी के बीच मुकाबला तय हो गया है। पिछले एशियाई खेलों के विपरीत इस बार स्क्वॉश की एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों का पदक पक्का नहीं होगा। कांस्य पदक के लिए सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों के बीच तीसरे-चौथे स्थान का मुकाबला खेला जाएगा।



## अभय और चोटरानी का मुकाबला इन खिलाड़ियों से

पुरुष एकल में अभय सिंह ने दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका के रविंदु लक्सिरी को 25 मिनट में 3-0 (11-5, 11-6, 11-0) से शिकस्त दी। क्वार्टर फाइनल में अभय का सामना मेजबान जापान के रयोउनोसुके से होगा। चोटरानी को मलेशिया के संजय जीवा के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक घंटे नौ मिनट चले रोमांचक मुकाबले में 3-2 (11-9, 8-11, 11-6, 15-17, 11-6) से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई।

## जोशना-वेलावन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में



नागोया। दिग्गज जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार ने बृहस्पतिवार को अंतिम-16 मुकाबले में हमवतन सूरज चंद और शमीना रियाज की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर एशियाई खेलों की मिश्रित युगल स्क्वॉश स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी जोशना-वेलावन की जोड़ी ने 11-7, 11-10 से जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी अब शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के डेविड पेलिनो और जेमिका अरिबाडो की जोड़ी से भिड़ेगी।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम
सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर
फोन : 6232018014
ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 9 का परन्तुक देखें ]
चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के अन्तर्गत
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 14.10.2026 को केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- श्री सहजानंद ऑटोमोबाइल्स एलएलपी मुकेश कुमार राठौर खसरा नं. 27 5, बसंतपुर थाना, बसंतपुर गंजमंडी के सामने, तीर्थ फ्यूल पेट्रोल पंप के पास, गुंडरदेही, राजनांदगांव दुर्ग (छ.ग.) 491441 द्वारा पाटनर्स एवं बंधककर्ता- श्री निशांत राठौड़ पुत्र मुकेश राठौड़ श्रीमती युक्ति राठौड़ पत्नी निशांत राठौड़ | (1) बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर (27/5,27/6) नया 27/62 क्षेत्रफल-0.1012 हेक्टेयर, नंदई, पी.एच. नंबर 41, आर.आई सर्कल-राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ CERSAI ID-400082783322, चतुर्सीमाएं (डीड के अनुसार): पूर्वः डोनर की शेष संपत्ति, पश्चिमः डोनर की संपत्ति, उत्तरः डोनर की बाकी संपत्ति, दक्षिणः डोंगरगांव बसंतपुर मेन रोड, संपत्ति मालिक- श्रीमती युक्ति राठौड़ पत्नी निशांत राठौड BAANKNET PROPERTY ID: CNRBYUKTI COORDINATES: 21.084612, 81.028906 सांकेतिक कब्जा | 30.10.2025 / 04.02.2026 / बकाया राशि दि. 18.09.2026 को ₹ 7,57,07,081.98 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 4,01,50,000/- / ₹ 40,15,000/- / ₹ 10000/- |
| | (2) बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर (27/5,27/6) नया 27/63 क्षेत्रफल- 0.1012 हेक्टेयर, नंदई, पी.एच. नंबर 41, आर.आई सर्कल-राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ CERSAI ID-400083149536 चतुर्सीमाएं (डीड के अनुसार): पूर्वः डोनर की शेष संपत्ति, पश्चिमः राकेश लोहिया की संपत्ति, उत्तरः डोनर की बाकी संपत्ति, दक्षिणः डोंगरगांव बसंतपुर मेन रोड, संपत्ति मालिक- श्री निशांत राठौड़ पुत्र मुकेश राठौड़ सांकेतिक कब्जा | | ₹ 8,00,00,000/- / ₹ 80,00,000/- / 10000/- |
| | (3) बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर (27/5,27/6) नया 27/64 क्षेत्रफल- 0.1012 हेक्टेयर, नंदई, पी.एच. नंबर 41, आर.आई सर्कल-राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ CERSAI ID-400082783322, चतुर्सीमाएं (डीड के अनुसार): पूर्वः डोनर की शेष संपत्ति, पश्चिमः डोनर की संपत्ति, उत्तरः डोनर की बाकी संपत्ति, दक्षिणः डोंगरगांव बसंतपुर मेन रोड, संपत्ति मालिक- श्री निशांत राठौड़ पुत्र मुकेश राठौड़ BAANKNET PROPERTY ID: CNRBNISHANT COORDINATES: 21.084612, 81.028906 सांकेतिक कब्जा | | |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 13/10/2026, या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 14/10/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत विवरण हेतु केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, जबलपुर (Phone No.6232018014,9755147130 ), e-mail id cb9014@canarabank.com से कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता (मेसर्स पीएसबी एलायन्स प्रा. लि.) संपर्क 7046612345/6354910172/ 8291220220/9892219848/ 8160205051, Email: support.BAANKNET@psballiance.com./ support.ebkray@procure247.com). देखें।
दिनांक : 18.09.2026, स्थान : जबलपुर
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## भारत ए टीम ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 363 रनों का विशाल लक्ष्य

# कप्तान पडिक्कल और कुशाग्र का गरजा बल्ला

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

कप्तान देवदत्त पडिक्कल के अर्धशतक और पहली पारी में शतक जड़ने वाले कुमार कुशाग्र के नाबाद 46 रन की मदद से भारत ए ने बृहस्पतिवार को यहां पहले चार दिवसीय मुकाबले के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए के सामने 363 रन का लक्ष्य रखा।

भारत ए की टीम एक समय दूसरी पारी में एक विकेट पर 93 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही थी लेकिन इसके बाद उसकी पारी 199 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके जिसमें साई सुदर्शन का महत्वपूर्ण विकेट भी शामिल था। बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन भारतीय टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। वह तीसरे स्थान की दौड़ में पडिक्कल से पिछड़ गए हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ए ने दो विकेट पर 55 रन बना लिए थे। उसे जीत के लिए अब 308 रन और चाहिए जबकि मैच बचाने के लिए उसे पूरे चौथे दिन बल्लेबाजी करनी होगी।



## इंडिया ए के लिए कुशाग्र ने जड़ा था शतक

इंडिया ए ने पहली पारी में कुमार कुशाग्र की 113 रन की शतकीय पारी से 334 रन बनाए। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 171 पर ही ढेर कर दिया। भारत के लिए सबसे अधिक चार विकेट पहली पारी में स्पिनर शम्स मुलानी ने चटकाए थे। अब दूसरी पारी में बैटिंग करने उतरी इंडिया ए के कप्तान देवदत्त पडिक्कल ने पहली पारी में तीन रन ही बनाए, तो उसके बाद दूसरी पारी में मोर्चा संभालते हुए 88 गेंद में सात चौके से 59 रन की पारी खेली। उनके अलावा पहली पारी में शतक जमाने वाले कुमार कुशाग्र ने 59 गेंद में चार चौके और दो छक्के से 46 रन की नाबाद पारी खेली। इस तरह कुशाग्र दोनों पारियों में नाबाद रहे और ऑस्ट्रेलिया का कोई भी गेंदबाज उन्हें आउट नहीं कर सका। कुशाग्र और देवदत्त के अलावा 39 रन दूसरी पारी में साई सुदर्शन ने बनाए।

# आर्कटिक की बर्फ फिर घटी, भारत से 1.4 गुना बड़ा बर्फीला इलाका हुआ कम

वॉशिंगटन। क्या हमारी धरती का सफेद ताज कहे जाने वाला आर्कटिक महासागर की समुद्री बर्फ पिघल रहा है? अंतरिक्ष से सामने आई नासा की लेटेस्ट सैटेलाइट तस्वीरों ने दुनिया भर के वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है। धरती के सबसे ठंडे और सुरक्षित माने जाने वाले कोने यानी आर्कटिक में कुछ ऐसा हो रहा है, जो आने वाले समय में पूरी मानवता के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा अब किताबों से निकलर सामने भी आने लगा है और पृथ्वी का सफेद मुकुट कहे जाने वाला आर्कटिक का विशाल बर्फ का समंदर तेजी से पिघलकर सिकुड़ रहा है।

## नासा सैटेलाइट ने दिखाया हैरान करने वाला हाल

### 2026 में कितनी रह गई आर्कटिक की बर्फ?

आर्कटिक महासागर में सर्दियों के दौरान समुद्री पानी जमकर बर्फ की मोटी परत बना देता है। इसके बाद जैसे ही वसंत और गर्मी का मौसम आता है, तापमान बढने के साथ यह बर्फ पिघलने लगती है। नासा के सैटेलाइट लगातार इस बदलाव पर नजर बनाए हुए हैं। इस साल 15 मार्च को आर्कटिक में समुद्री बर्फ अपने सबसे ज्यादा स्तर पर थी. इसके बाद गर्मियों में इसमें लगातार कमी आती गई और 12 सितंबर को यह अपने सालाना न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई. 46 लाख वर्ग किलोमीटर का यह इलाका भारत के क्षेत्रफल से लगभग 1.4 गुना है।



### आखिर क्यों पिघल रही है आर्कटिक की बर्फ?

वैज्ञानिकों के अनुसार आर्कटिक क्षेत्र दुनिया के औसत तापमान की तुलना में ज्यादा तेजी से गर्म हो रहा है। हवा और समुद्र के बढते तापमान का सीधा असर समुद्री बर्फ पर पडता है। हालांकि, हर साल मौसम की स्थिति अलग होती है, इसलिए किसी एक साल में बर्फ के पिघलने की रफ्तार ज्यादा या कम हो सकती है। पिछले कुछ सालों में सितंबर के दौरान समुद्री बर्फ का स्तर बहुत तेजी से नीचे नहीं गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, पिछले दशक में बादलों की मात्रा बढने से बर्फ तक पहुंचने वाली धूप कुछ कम हुई है।

## भारत के लिए क्यों जरूरी है आर्कटिक?

आर्कटिक की समुद्री बर्फ सिर्फ ध्रुवीय इलाके तक सीमित मुद्दा नहीं है। सफेद बर्फ सूर्य की रोशनी का एक बडा हिस्सा वापस अंतरिक्ष में भेजती है। जब बर्फ कम होती है तो गहरे रंग का समुद्री पानी ज्यादा गर्मी सोखता है। इससे गर्मी बढने का सिलसिला और तेज हो सकता है। आर्कटिक में बदलाव का असर वहां के जीव-जंतुओं और समुद्री परिस्थितियों पर भी पडता है। वैज्ञानिक यह भी समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आर्कटिक के तेजी से गर्म होने का दुनिया के दूसरे हिस्सों के मौसम और वायुमंडलीय गतिविधियों पर क्या असर पड सकता है। इसमें दक्षिण एशिया भी शामिल है। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि आर्कटिक की बर्फ में हर बदलाव सीधे तौर पर भारत की किसी खास गर्मी या मानसून की स्थिति की वजह बनता है। भारत का मौसम कई अलग-अलग कारणों से प्रभावित होता है। फिर भी नासा का यह सैटेलाइट रिकॉर्ड दिखाता है कि आर्कटिक में लंबे समय से बदलाव जारी है और इस बदलाव को समझना पूरी दुनिया के भविष्य के मौसम और जलवायु को समझने के लिए बहुत जरूरी है।

















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com